# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से दो युवकों की दर्दनाक मौत, बाइक सवार तीन घायल

**जन एक्सप्रेस। बिंदकी फतेहपुर**

तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक की टक्कर से रोड किनारे खड़े होकर बात कर रहे दो युवकों की मौत हो गई वही बाइक सवार तीन युवक घायल भी हुए जिनमें से दो गंभीर घायल लोगों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया दुर्घटना में एक युवक की मौके में मौत हो गई जबकि दूसरे की कानपुर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हुई।

जानकारी के अनुसार बकेवर थाना क्षेत्र के गंगरावल गांव में तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक की टक्कर से रोड किनारे खड़े सूरजभान पासवान उर्फ छोटू उम्र 30 वर्ष पुत्र शंकर पासवान निवासी गंगरावल थाना बकेवर जनपद फतेहपुर की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि सूरजभान पासवान के बगल में खड़ा श्री राम उम्र 40 वर्ष पुत्र स्वर्गीय इंद्रपाल कुशवाह निवासी गंगरावल थाना बकेवर जनपद फतेहपुर गंभीर घायल हो गया था जिसे इलाज के लिए कानपुर के एक अस्पताल ले जाया गया था जहां इलाज के दौरान मौत हो गई इसी दुर्घटना में बाइक सवार सौरभ कुमार 21 वर्ष पुत्र छेदीलाल निवासी जयपुर थाना बकेवर तथा सुरजीत उम्र 30 वर्ष पुत्र देवी प्रसाद निवासी पंचमपुर थाना बकेवर तथा सचिन उम्र 28 वर्ष पुत्र राजकुमार निवासी बकेवर थाना बकेवर घायल हो गए सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची मौके पर मौत का शिकार युवक सूरजभान पासवान के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वही देर रात श्री राम की मौत की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी दुर्घटना में घायल सौरभ तथा सुरजीत को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल फतेहपुर के लिए रेफर कर दिया वही इस दुर्घटना में बाइक चला रहे सचिन को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।

* एक युवक की मौके पर मौत हुई दूसरे की कानपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हुई
* घायलों में से दो गंभीर युवकों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया भर्ती

## तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, एक की मौत, बाइक सवार सहित दो घायल

**जन एक्सप्रेस। बिंदकी फतेहपुर**

थाना बकेवर से तीन किलोमीटर दूर गांव हरदासपुर में सड़क पटरी से जारहे स्थानीय निवासी सूरजभान 30 वर्ष पुत्र स्व. शंकर पासवान व श्रीराम कुशवाहा पुत्र स्व. इंद्रपाल कुशवाहा को तेज रफ्तार बाइक ने लगभग 06 बजे शाम जोरदार टक्कर मार दिया जिससे सूरजभान की मौके पर ही मौत हो गई व श्रीराम कुशवाहा पुत्र स्व.इंद्रपाल कुशवाहा गम्भीर रूप से घायल हो गया। श्रीराम कुशवाहा को कानपुर के लाला लाजपत राय अस्पताल हैलट में भर्ती कराया गया है। श्रीराम कुशवाहा के हांथ व पैर में फैक्चर होना बताया गया है। वहीं बाइक सवार सौरभ पुत्र छेदीलाल निवासी बकेवर भी गिर कर घायल हो गया जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक गिरेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे लेकर पंचायत नामा भर कर पोस्टमार्टम को भेजा जाएगा। अभी मृतक के परिजनों से तहरीर नहीं मिली है।मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# प्रदेश सरकार दिव्यांग जनों के हित के लिए कर रही कार्य: जनसेवक

### दिव्यांग बंधु की बैठक में दिव्यांगों की समस्याओं व विभागीय योजनाओं के संबंध पर हुई चर्चा

**जन एक्सप्रेस। बिंदकी फतेहपुर**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांग जनों के हितों के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

यह बात नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित दिव्यांग संघ की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी दिव्यांग प्रकोष्ठ के कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के संयोजक दिव्यांग संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा पूर्व शिक्षा मंत्री अमरजीत सिंह जनसेवक ने कही।

उन्होंने कहा कि दिव्यांगों के हित के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर दिव्यांग चैंपियन बनाए जाएंगे साथ में सुगम्य भारत के अंतर्गत सभी सरकारी भवनों सभी बैंकों व एटीएम को दिव्यांग जनों हेतु बाधारहित बनाया जाएगा बैठक में रोडवेज बस स्टॉप में दिव्यांगों को विशेष सुविधा प्रदान करने पर भी चर्चा हुई, दिव्यांग जनों को मनरेगा के अंतर्गत रोजगार देने पर बल दिया गया कहा गया कि निश्चित रूप से दिव्यांग जनों को रोजगार मिलेगा तो उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी वही बैठक में दिव्यांग जनों को आवास व शौचालय वरीयता से देने पर भी चर्चा की गई, इस मौके पर उप जिलाधिकारी बिंदकी अंजू वर्मा दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी फतेहपुर प्रगति मिश्रा नगर पालिका परिषद बिंदकी की अधिशासी अधिकारी निरुपमा प्रताप नायब तहसीलदार बिंदकी विजय प्रकाश तिवारी, अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद दिव्यांग कल्याण सहायता समिति के प्रबंधक जितेंद्र उर्फ अष्टावक्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ धर्मेंद्र सिंह कस्बा लेखपाल भानु सिंह, बीजेपी नेता शांतिलाल तिवारी के अलावा रणवीर सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे।




## बहनों ने भाई को तिलक लगाकर मांगा रक्षा का बचन

**जन एक्सप्रेस। फतेहपुर**

भाई-बहन के अटूट और पवित्र बन्धन का पर्व भाई दूज व रक्षावन्धन जैसे अनेक पर्व मनाये जाते रहे है। भाई बहन को रक्षा सूत्र हो या तिलक लगाकर बहने जहॉ अपनी रक्षा का बचन लेती है। वही भाई की समृद्धि और सुख शान्ति की कामना करती है। जब कि आज के अधुनिक परिवेश मे मात्र औचारिकता मात्र रह गयी है। समाज के दूषित वातावरण मे भाई-बहन के रिस्तो को भी कंलंकित करने से नही चूकते जो समाज हित मे नही है।

भईया दूज पर बहनो ने भाईयों को रोचना कर रक्षा करने का वचन मांगा और भाईयों ने भी उसे पूरा करने का वचन दिया। होली के दूसरे दिन भईया दूज मनाया गया। जिस पर पर मिठाईयों की दुकानों पर भीड़ देखी गयी। बहनों ने पूजा-पाठ कर चैक बनाकर भाईयों को टीका किया और भाईयों से रक्षा करने का वचन मांगा। पूरे जनपद में आज भईया दूज का पर्व मनाया गया। भाईयों ने रक्षा करने के वचन के साथ ही बहनों को उपहार भी दिया। बहनों ने भाईयों की मनपसंद मिठाई खरीदी। भाईयों ने भी सारे काम छोडकर पहले बहनों से टीका करवाया। भईया दूज पर जो जेल में बंदी कैदियों को बहन से मिलने के लिए जेल प्रशासन ने भी व्यवस्था कर रखी थी।

# नियमित टीकाकरण कार्यक्रम का हो प्रभावी क्रियान्वयन: डीएम

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय में विशेष टीकाकरण पखवाड़ा अभियान के तृतीय चरण 13 से 24 मार्च तक के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनपदीय टास्क फोर्स समन्वय समिति की बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारियों एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी को निर्देश दिए कि मिजिल्स रूबेला उन्मूलन के लिए नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत माह मार्च 2023 में 13 से 24 मार्च तक तृतीय चरण के दौरान विशेष टीकाकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। आशा, एएनएम को लगाकर बच्चों को चिन्हित कराकर ड्यूलिस्ट सही तरीके से बनाया जाए तथा इस अभियान का प्रचार प्रसार भी कराएं, सेशन के एक दिन पहले ग्राम प्रधानों व अन्य जनप्रतिनिधियों से संपर्क करके बैठक करें तथा बुलावा पर्ची का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराकर टीकाकरण अभियान को शत प्रतिशत पूर्ण कराएं। मुख्य चिकित्साधिकारी तथा अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए कि ड्यूलिस्ट की जो सूची बनाई जाए, उसमें आप लोग भी रैंडम चेकिंग करके अवगत कराएं, ई-कवच की फीडिंग सही तरह से कराई जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि इस तृतीय राउंड के बाद समीक्षा कराएं अगर इसमें प्रभारी चिकित्साधिकारियों द्वारा प्रगति नहीं कराई गई तो संबंधित प्रभारी चिकित्साधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही के लिए शासन को पत्र भेजा जाए, अगर आपके द्वारा ऐसा नहीं किया गया तो आपकी भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि जो गत टीकाकरण अभियान के दौरान बच्चे टीकाकरण से छूट गए हैं, उन्हें इस अभियान के दौरान सेशन में लेकर टीकाकरण कराया जाए, कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे, यह आप लोग सुनिश्चित कर लें। शेसन के दौरान जिन जगहों के बच्चे छूट गए हैं, उनको इस अभियान के दौरान टीकाकरण अवश्य कराया जाए। जिलाधिकारी ने जिला प्रतिरक्षण अधिकारी को निर्देश दिए कि जो शासन से इस अभियान के दौरान टीकाकरण के निर्देश दिए गए हैं, उसी के अनुसार कार्य योजना बनाकर कराएं तथा गत टीकाकरण के दौरान जो डब्ल्यूएचओ द्वारा निरीक्षण किया गया है वहां पर जो कमियां पाई गई हैं, उनको भी इस अभियान के दौरान कवर कराया जाए।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुधीर कुमार शर्मा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ इम्तियाज, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आर के चैरिहा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आरके करवरिया सहित संबंधित अधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी मौजूद रहे।

### फास्ट फॉरवर्ड

## इलेक्ट्रिक बस की टक्कर से 8 वर्षीय मासूम बच्चे की हुई दर्दनाक मौत, परिजनों में मचा कोहराम, रो-रोकर हुए बेहाल



**जन एक्सप्रेस/बिंदकी फतेहपुर।** तेज रफ्तार अनियंत्रित इलेक्ट्रिक बस की टक्कर से 8 वर्ष की मासूम बच्चे की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई, हालांकि जीवित रहने की आशा पर उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया, नगर के मोहल्ला पुरानी बिंदकी में अनियंत्रित तेज रफ्तार इलेक्ट्रिक बस की टक्कर से अनिल शर्मा के 8 वर्षीय पुत्र प्रज्वल शर्मा की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई ,दुर्घटना के बाद हड़कंप मचा रहा हालांकि जीवित रहने की आशा पर परिजन तथा मोहल्ले के लोग आनन फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लेकर पहुंचे जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया बच्चे की मौत की पुष्टि होते ही हड़कंप मच गया परिजन रो-रोकर बेहाल हो रहे थे, वहीं सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची पुलिस ने इलेक्ट्रिक बस को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी बताया जा रहा की अनियंत्रित इलेक्ट्रिक बस बिंदकी कस्बे से कानपुर जा रही थी तभी अपने घर के बाहर खेल रहा 8 वर्षीय बच्चा अनियंत्रित इलेक्ट्रिक बस की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई।

## पति द्वारा नशे में झगड़ने से नाराज़ पत्नी ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

**जन एक्सप्रेस/बिंदकी फतेहपुर।** पति द्वारा शराब के नशे में झगड़ा करने से क्षुब्ध महिला ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर नहर पुल के समीप लगभग 47 वर्षीय एक महिला ने जामुन के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। जानकारी के अनुसार बकेवर थाना क्षेत्र के पधारा गांव की मंजू पति राकेश उम्र लगभग 45 वर्ष होली के दिन शाम लगभग 5:00 बजे घर से गायब हुई थी, जिसके 3 पुत्र सर्वेश शैलेंद्र, परवेश हैं पुत्रो ने बताया कि मां की खोज रात भर की गई और सुबह पता चला कि जामुन के पेड़ में मंजू ने फांसी लगा लिया। राकेश से होली के दिन शराब के नशे में मृतक पत्नी मंजू महिला से कहासुनी हो गई थी।तभी महिला नाराज होकर घर से निकल आई और शाहजहांपुर नहर पुल के समीप विनोद उत्तम की शंकर बगिया में जामुन के पेड़ में साड़ी से फांसी लगा लिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची बकेवर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है।थाना प्रभारी गिरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की जांच की जा रही है। आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पुराने विवाद के चलते की गई मारपीट में 3 लोग घायल

**जन एक्सप्रेस/बिंदकी फतेहपुर।** पुराने विवाद के चलते लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की गई इसमें 3 लोग घायल हो गए तीनों घायलों को पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जिनका मेडिकल कराया गया पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के रतवा खेड़ा गांव में पुराने विवाद के चलते पंकज पाल उम्र 32 वर्ष पुत्र इंद्रपाल अजीत पाल उम्र 20 वर्ष पुत्र इंद्रपाल तथा चंद्र पाल उम्र 60 वर्ष पुत्र राम प्रसाद पाल के साथ गांव के ही वंश लाल नितिन तथा कैलाश ने मारपीट कर घायल कर दिया पंकज पाल अजीत पाल तथा चंद्रपाल तीनों पुलिस के पास पहुंचे पुलिस ने इस मामले में घायलों का मेडिकल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी इस मामले में घायल चंद्रपाल ने बताया कि अचानक वंश लाल नितिन कैलाश तथा अन्य लोग लाठी-डंडों से लैस होकर आए और मारपीट कर उन लोगों को घायल कर दिया।

# मत्स्य संपदा योजना के तहत वितरित किए गए साइकिल



**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

अपर मुख्य सचिव पशुधन एवं मत्स्य उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार शुक्रवार को विकास भवन चित्रकूट में मत्स्य पालन संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए विशेष शिविर का आयोजन प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना वर्ष 2022-23 के 6 लाभार्थियों को साइकिल, विद आईस बॉक्स, दो बैकयार्ड आरएस तथा 10 किसान क्रेडिट कार्ड प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा वितरित किए गए। कार्यक्रम में मछुआ कल्याण कोष निषादराज वोट योजना एवं मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी ने कहा कि शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना हम सब की जिम्मेदारी है। आप लोग मत्स्य बीज लेकर मत्स्य पालन को बढ़ावा दें।

जिससे बेरोजगारी को कुछ हद तक कम करके आप मत्स्य उद्योग के माध्यम से आप खुद का अपना रोजगार खड़ा कर सकते है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी ने आव्हान किया कि जिले के सभी किसान भाई मछली पालन विभाग की योजनाओं का लाभ उठाएं।

# सदगुरु महिला समिति की 250 से अधिक महिलाओं ने मिलकर मनाया महिला दिवस एवं होली मिलन

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



परमहंस संत रणछोड़दास महाराज की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से संचालित जानकीकुण्ड स्थित श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट एवं श्री सदगुरु महिला समिति के संयुक्त तत्त्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन सदगुरु सभागार में किया गया। इस अवसर पर ट्रस्टी डॉ. बी.के जैन, अध्यक्षा उषा जैन, उपाध्यक्ष अनुभा अग्रवाल, डॉ. पूनम अडवानी, डॉ. प्रज्ञा सेन एवं ग्रामोदय विश्वविद्यालय की प्रो वंदना वर्मा एवं सदगुरु परिवार से 250 से अधिक महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

अध्यक्षा उषा जैन ने बताया कि सदगुरु महिला समिति कि स्थापना वर्ष 1998 में चित्रकूट अंचल कि ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर उन्हें समाजिक विकास की मुख्य धारा के साथ जोड़ने के उद्देश्य से की गयी थी। उन्होंने कहा कि आज 25 वर्ष पूर्ण होने पर हम सैंकड़ों महिलाओं को इस मुहीम से जोड़कर उन्हे आत्म निर्भर बना सके और आज सभी अपने परिवार में आर्थिक सहायता करने में सक्षम हो गयी एवं अपने पैरों पर खड़ी हैं। हम मानते हैं कि महिलाओं की स्थिति में पिछले दशकों की अपेक्षा काफी सुधार एवं प्रगति हुई है, लेकिन अभी हमारा उद्देश्य पूर्ण नहीं हुआ महिलाओं में अपार सम्भावना एवं सामर्थ्य सन्निहित है, उन्हें समाज के विकास में पुरुषों के साथ कंधे से कन्धा मिला कर एक नए और श्रेष्ठ भारत के निर्माण के लिए आगे आना होगा। इसके बाद सभी ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली के पर्व की शुभकामनायें दी। महिला दिवस के इस आयोजन में सदगुरु महिला समिति की ओर से विगत 25 वर्षों की समिति की विकास यात्रा में अभूतपूर्व योगदान एवं विना किसी अवकाश के अनवरत कार्य करने वाली वरिष्ठ सदस्याओं लक्ष्मीदेवी धर्मपत्नी भोइला, हीरामनी पत्नी शिवप्रसाद, नथिया साहू पत्नी हनुमान साहू एवं ध्रुवपतिया पत्नी शिवकुमार को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।


**अदालती सूचना**

**हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप**

**न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) दक्षिणी, लखनऊ**

प्रकीर्ण वाद सं0 : 124/2023

तारीख पेशी- 13.03.2023

**दुर्गेश कुमार मिश्रा**

**बनाम**

**सम्पत्ति स्व0 सरला मिश्रा**

दुर्गेश कुमार मिश्रा उम्र 51 वर्ष पुत्र स्व. राम सागर मिश्रा निवासी-8/122 विकास नगर लखनऊ।

.....प्रार्थी

बनाम

सम्पत्ति स्व0 सरला मिश्रा पत्नी स्व0 राम सागर मिश्रा निवासी-8/122 विकास नगर लखनऊ।

......विपक्षी

जनसाधारण।

चूंकि उपरोक्त नामांकित प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि **धारा 372 भा0 उ0 अधिनियम** अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 13.03.2023 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजाता हूँ और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन एक पक्षी रून सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 13.02.2023 के दिवस को दिखाई गयी।

-मोहर अदालत


# 'महिला सशक्तीकरण कानून का लाभ तब, जब होगी जागरूकता'

**जन एक्सप्रेस। फतेहपुर**




महिला दिवस के अवसर पर गोष्ठियॉ, बैठक करके मंचीय महिला सशक्तीकरण किया जा रहा है। मात्र कानून बना देने व महिला दिवस मनाने से महिला सशक्तीकरण असम्भव लग रहा है। कानून से ज्यादा समाज मे जागरूकता लाना आवश्यक है। समाज मे फैले लिंग भेद को मिटाना होगा। जहॉ लिंग भेद की चेतना पैदाकर उसके स्त्री होने का एहसास कराया जाना अनुचित है। स्त्री पुरूष के शरीर बाधक नही है। महिलाये शिक्षा, चिकित्सा, राजनीति, सैन्य, सहित सभी दिशाओ मे दस्तक देकर अपनी उपस्थित का एहसास बखूबी करा रही है। वही पुरूष प्रधान समाज अनदेखा करके महिला को आज भी अबला, कनक-कामिनी समझ रहा है। महिलाओ को अपनी पहचान व समाज मे स्थान देने के लिए 1900 के दशक मे अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस मनाये जाने की शुरूवात किया गया और 1911 मे पहली बार 19 मार्च को अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओ मे जागरूकता तथा अधिकारो के प्रति प्रेरित करना रहा है। जहॉ स्त्रियॉ पुरूष प्रधान समाज मे बच्चो के लालन-पालन गृहस्थी चलाना ही महिलाओ को पारिवारिक परम्पराओ मे बॉध रखा है। जबकि महिलाओ मे जागरूकता देखी जा रही है। देश की विदेश नीति सहित देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी महिलाये बाखूबी निभा रही है। इसी प्रकार देश की सुरक्षा मे भी पूरी हिस्सेदारी निभाकर महिलाओ ने बन्दूक उठा लिया है। यही नही इक्कीसवी सदी मे महिलाये परिवार, देश, समाज, राजनीति आदि अनेक क्षेत्रो मे पुरूष के कन्धे से कन्धा मिलाकर अपने बराबरी का एहसास दिला रही है। महिलाये आज जीवन के हर क्षेत्र मे कदम बढा रही है। वह अपने कर्तव्यो को गृहकार्यो की इतिश्री ही नही समझती है। बल्कि अपने सामाजिक दायित्यो के प्रति भी सजग देखी जा रही है। आज महिलाओ को घर-गृहस्थी तक सीमित रहने वाली सोच पूरी तरह दकियानूसी लग रही है। महिलाओ को यहॉ तक पहॅुचने के लिए लम्बा संघर्ष करना पडा और सरकारे अपनी कानूनी कार्यवाही के चलते महिला सशक्तीकरण का नया अयाम दिया है।

जिसे महिलायें ही नही पुरूष समाज को भी प्रोत्साहित करने की आवश्यकता हैं कही महिलाओ के कपडो तो कही चरित्र पर उगली उठाकर मनोबल गिराने का काम तो दकियानूसी ही कही जा सकती है। महिलाओ की गिरती जनसंख्या भी चिन्ता का विषय है दहेज जैसी कुरूतियो को दूर करना होगा। तभी महिलाये देश, समाज परिवार के लिए नया आयाम दे पायेगी। जिससे महिलाओ सहित समाज का उत्थान सम्भव है। समाज पर पुरूषो की तरह महिलाओ का भी पूरा हक बनता है। महिला सुरक्षा का पहला सोपान यह है कि समाज का हर वर्ग महिला, सुरक्षा को अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझे और यह सहर्ष स्वीकार करके कि महिलाओ के बिना पुरूष का कोई अस्तित्व ही नही है। महिलाओ की हिस्सेदारी के चलते देश, समाज मे नयी-नयी उपलब्धियॉ मिल रही है। अपनी सोच बदलनी होगी नारी को मात्र अबला मान कर अत्याचार करने की भूल न करे स्त्री ही पुरूषो की जन्मदाता है और प्रथम गुरू भी है। जो समाज सहित अनेक क्षेत्रो को पहचान कराने वाली हैं दोहरी नीति को बन्द करके अपनी कथनी और करनी को एक ही नयी दिशा देना होगा। जिससे आने वाली पीढी को नाक्त, संस्कारिक, शिक्षित, आत्मनिर्भर हो सके जो स्त्री मात्र ही दे सकती है।

# सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत् दो निजी अल्ट्रासाउंड सेन्टर अनुबंधित

**जन एक्सप्रेस। फतेहपुर**

जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने वाली गर्भवती के अल्ट्रासाउंड जांच के लिए दो सेंटर अनुबंधित किये गए हैं। इसके लिए गर्भवती को केंद्र संचालक को ई-रूपे का बारकोड दिखाना होगा। जो जनपद मुख्यालय से हर पात्र महिला को दिया जा रहा है। जिसे स्कैन करते ही जांच का पैसा सीधे केंद्र संचालक के खाते में पहुंच जाएगा।

जानकारी देते हुये मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुनील भारतीय ने बताया कि हमारा उद्देश्य जननी सुरक्षा योजना के तहत् गर्भवती को सभी सेवाएं मुफ्त मुहैया कराना है। वही आरसीएच नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ. इश्तियाक अहमद ने बताया कि प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप के तहत् अभी जिले के दो खागा और बिंदकी अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर गर्भवती की मुफ्त जांच हो रही है। गर्भवती की सुविधा के लिए जल्द ही जिले के और प्राइवेट अल्ट्रासाउंड सेंटरों को इसमें शामिल किया जाएगा। जननी सुरक्षा योजना के तहत् गर्भवती को सभी सेवाएं मुफ्त दिया जाता हैं। प्रत्येक माह की नौ तारीख को जनपद के सभी स्वास्थ्य इकाई व 24 तारीख को जनपद के सभी चार प्रथम संदर्भन इकाइयों में प्रधानमंत्री-सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस मनाया जाता है। जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ अथवा एमबीबीएस चिकित्सक गर्भवती की समस्त प्रसव पूर्व जांच कर उनका उपचार करती हैं। गर्भवती को जरूरत के अनुसार खून की जांच व अल्ट्रासाउंड भी लिखा जाता है। अस्पतालों में मुफ्त अल्ट्रासाउंड की सुविधा न होने के कारण इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक नई व्यवस्था शुरू किया गया है।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । लखनऊ । शनिवार । 11 मार्च 2023



**मौसम पूर्वानुमान**

पूर्वानुमान
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के कारण दिनांक 14 से 15 मार्च, 2023 के मध्य स्थानीय स्तर पर छुटपुट बूंदाबांदी होने के आसार हैं। अब मौसम अच्छा रहने की उम्मीद है।

अधिकतम तापमान (डिग्री0से0) :30.4 (+ 2.8)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 13.6 (+0.8)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 90 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 53 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.4 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा : दक्षिण-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

**खेल** मदारी की भूमिका में रहकर इरफान सोलंकी ने सिर्फ हमराज कंस्ट्रक्संस ही नहीं की थी तैयार

# सोलंकी इंटरप्राइजेज के नाम से एनर्जी ड्रिंक के साथ भैंस के गोश्त का विधायक कर रहा था व्यवसाय, नहीं चालू कराया स्लाटर हाउस

जन एक्सप्रेस FOLLOW-UP





खुलासा | काली कमाई से करोड़ों रुपये का इन्वेस्ट कर
विधायक इरफान सोलंकी पूरे यूपी में बेच रहा था एनर्जी ड्रिंक, क्यों नहीं गई पुलिस की नजर?




जन एक्सप्रेस। कमलेश फाइटर

**कानपुर नगर।** वाकई में गजब का मदारी है सपा विधायक इरफान सोलंकी इस विधायक ने सिर्फ हमराज कंस्ट्रक्शन ही नहीं जनता को धोखा देने के लिए गुपचुप तरीके से कई ऐसी फर्मे भी बना रखी हैं जिससे विधायक अपनी तिजोरियों को भरता रहे और



जनता कंगाल होती रहे। आज की खबर में आगे जब हम विधायक की इस कंपनी का खुलासा करेंगे और उसमें यह बताएंगे कि विधायक एनर्जी ड्रिंक के साथ साथ और किस-किस का व्यवसाय करता था। उसमें एक ऐसा व्यवसाय है जिसे जान लेने के बाद जनता के पैरों तले जमीन खिसक जाना लाजमी है। जन एक्सप्रेस ने अपने 10 मार्च के अंक में सपा विधायक इरफान सोलंकी की एनर्जी ड्रिंक क्लू के मामले का खुलासा किया था। अब आगे इस कंपनी को किस नाम से संचालित किया जा रहा था यह भी जान लीजिए।

### एस.आई. नाम की फर्म बनाकर विधायक करता रहा खेल

सपा विधायक इरफान सोलंकी ने अपनी काली कमाई के धन को सफेद करने के लिए बड़े स्तर पर क्लू नाम की एनर्जी ड्रिंक में करोड़ों रुपया लगाया है। विधायक इस एनर्जी ड्रिंक को बेचने का काम एस0आई0 एंटरप्राइजेज नामक फर्म से कर रहा है।

### एस.ई. का मतलब सोलंकी इंटरप्राइजेज

सपा विधायक इरफान सोलंकी ने जो पर्दे के पीछे से एनर्जी ड्रिंक की सप्लाई करने के लिए जो फर्म एसआई के नाम से बनाई है असल में उसका फुल फॉर्म सोलंकी इंटरप्राइजेज है। यह फर्म जाजमऊ के पते के साथ साथ पेचबाग वाले पते को दिखाकर भी संचालित हो रही है। इसी नाम से अलग-अलग बैंकों में खाते खुले हैं। कैन पर लिखा है हिंदुस्तान टेनरी जाजमऊ और खरीद पर बिल बनता है एस0ई0 इंटरप्राइजेज के नाम से। पैसे भी इसी नाम के चालू खाते में लिये जाते हैं।

### विधायक करता रहा भैंस के गोश्त का व्यापार, नहीं चालू होने दिया स्लॉटर

जन एक्सप्रेस ने इस खबर के आरंभ में लिखा था कि आगे जो लाइन लिखी जाएंगी उसको जान लेने के बाद सभी के पैरों तले जमीन खिसक जाना लाजमी है। विदित हो कि कानपुर नगर के बजरिया थाना क्षेत्र में एक बहुत बड़ा स्लॉटर हाउस है। वर्तमान में यह स्लॉटर हाउस बंद चल रहा है। कभी भी विधायक ने इस स्लॉटर हाउस को खुलवाने का प्रयास नहीं किया जबकि अगर यह स्लॉटर हाउस आरंभ हो जाता तो लाखों लोगों की रोजी-रोटी इसी स्लॉटर हाउस से होती। सूत्र बताते हैं कि सपा के शासनकाल में इस स्लॉटर हाउस को आरंभ करने के लिए काफी रुपया आया था लेकिन विधायक इरफान सोलंकी ने आरंभ नहीं होने दिया। कारण यह था कि अगर स्लाटर हाउस चालू हो जाता तो जो सोलंकी इंटरप्राइजेज नाम की फर्म के बलबूते पर इरफान सोलंकी भैंस के गोश्त का व्यापार कर रहा था वह पूर्ण रूप से ठप हो जाता। क्योंकि जब सोलंकी इंटरप्राइजेज को इंटरनेट पर खंगाला गया तो उसमें निकल कर के आया एनर्जी ड्रिंक का व्यवसाय करने के साथ-साथ सोलंकी इंटरप्राइजेज सब्जियों भैंसों के गोश्त का और बिल्डिंग मटेरियल का भी व्यवसाय करती है।

## श्मशान घाटों की साफ-सफाई के साथ उन्हें व्यवस्थित भी करेगा बजरंग दल

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




विश्व हिन्दू परिषद, कानपुर प्रान्त के मंत्री राजू पोरवाल ने बताया कि आगामी 12 मार्च से 19 मार्च 2023 को बजरंग दल द्वारा सेवा सप्ताह मनाया जाएगा। जिसमें बजरंग दल प्रान्त संयोजक आचार्य अजीतराज के नेतृत्व में बजरंग दल के कार्यकर्ता श्मशान तथा वहाँ के मंदिरों की साफ सफाई कर उनको व्यवस्थित करेंगे। श्मशान में हर हिन्दू का दाह संस्कार हो, यह सामंजस्य बिठाने का कार्य करेंगे। समाज के सहयोग से बैठने हेतु स्थायी कुर्सियों की व्यवस्था की जाएगी। श्मशान भूमि की चहारदीवारी या वृक्षारोपण द्वारा सीमांकन किया जाएगा, ताकि अनाधिकृत कब्जे हट सकें। लकड़ी की व्यवस्था समेत नल एवं जल की व्यवस्था भी की जाएगी। बजरंगी श्मशान भूमि में जाकर सफाई भी करेंगे तथा वहाँ पर बने हुए मंदिरों को भी आवश्यतानुसार समाज के सहयोग से सुव्यवस्थित करेंगे, तथा जहाँ शिव मंदिर नहीं हैं, वहाँ शिवलिंग भी स्थापित किया जाएगा। साथ ही सभी मंदिरों की साफ सफाई व्यवस्था के साथ साथ मन्दिरों में हर हिन्दू का प्रवेश हो यह प्रयत्न किए जाएंगे। जहाँ मंदिर समिति न हो, वहाँ क्षेत्रीय लोगों को साथ लेकर मन्दिर समितियों का गठन, साथ ही सेवा कार्य भी प्रारंभ किया जाएगा। मंदिरों में युवाओं के लिए एक साप्ताहिक मिलन केन्द्र भी संचालित किया जाएगा। प्रान्त मन्त्री श्री पोरवाल ने आगे बताया कि यह सभी सेवा कार्य प्रखण्डों तथा टोली स्तर तक निश्चित समयावधि में ही किये जाएंगे।

## कौशलपुर के पास नहर में मिला अज्ञात शव, पहचान कराने में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस, कानपुर नगर।** बिधनू मंदिर कौशलपुर के पास नहर में एक पुरुष की बॉडी बहकर जा रही है, इस सूचना पर थाना बिधनू पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर बॉडी को निकाला गया तथा आने जाने वाले लोगों से शिनाख्त कराई गई लेकिन कोई भी शव के संबंध में कुछ बता नहीं सका। शव के पंचनामा की कार्रवाई कर शव को मोर्चरी भिजवाया गया। मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष पुरुष जो आसमानी कलर की शर्ट जिस पर सफेद धारी और बाएं तरफ जेब पर एचपी पैट्रोल पंप का मोनोग्राम बना है। वह काली पैंट व पैर में काले रंग का जूता पहने है जिसमें ऑरेंज कलर का फीता है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को जानकारी हो तो पुलिस को सूचना दें।

## अध्यक्ष अजय कुमार द्विवेदी व मंत्री पद पर विनय कुमार गौतम किए गए निर्वाचित

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

सिंचाई संघ उ.प्र. का द्विवार्षिक अधिवेशन/चुनाव अधिशासी अभियंता कानपुर प्रखण्ड फूलबाग प्रांगण में बीते दिन शुक्रवार को प्रदेश महामंत्री सिंचाई संघ उ. प्र. अवधेश मिश्रा की देखरेख में हुआ।
जिसमें अध्यक्ष पद पर अजय कुमार द्विवेदी व मंत्री पद पर विनय कुमार गौतम निर्वाचित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष राजा भरत अवस्थी ने की व शपथ ग्रहण में



प्रमुख अतिथि के रूप में यासीन खान मौजूद रहे। प्रदेश महामंत्री अवधेश मिश्रा ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई। हरीश श्रीवास्तव, प्रेम शुक्ला, विजय शर्मा, विजय करन सिंह, योगेन्द्र सिंह गौतम, अंकित मिश्रा, गौरव द्विवेदी, मोहित शुक्ला रहे।

## ईपीएफओ अफसर नहीं सुन रहे पुकार, हाईकोर्ट में लगाएंगे गुहार

जन एक्सप्रेस। हरेंद्र प्रताप सिंह

अब तक संतोष पांडेय, रामकुमार, सुनील, इंद्रपाल, नूर हसन, इमरान, जाहिद अली, अमित पुरी, जाहिर अहमद, मो. मुस्तकीम का पीएफ फर्जी खातों से पार होने और छद्म कंपनी जेकेआर के जेकेआर-591 कर्मचारी कोड वाले कर्मी के केस में पीएफ इंस्पेक्टर संजय निगम की सवा साल जांच के बाद भी पीएफ कमिश्नर अमूल राज सिंह की ओर से 7ए की कार्रवाई लटकाने का मामला सामने आ चुका है। पीएफ घोटाले के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। जिम्मेदारों से शिकायत, मुकदमा, लगातार समाचार प्रकाशित होने, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व यूपी के सीएम योगी को ट्वीट करने के बाद भी न्याय मिलने का कहीं से आश्वासन नहीं मिल रहा है। सालों से जिम्मेदारों की परिक्रमा करके थक चुके पीड़ितों ने अब जल्द ही सामूहिक रूप से हाईकोर्ट की शरण में जाने का मन बना लिया है।


हाईकोर्ट इलाहाबाद, फाइल फोटो।

### कमिश्नर पर रिकवरी न कराने का आरोप, एकजुट हुए कर्मचारी

पीएफ की रकम गंवाने वाले कर्मचारियों का आरोप है कि मामला संज्ञान में आने के बाद ईपीएफओ कानपुर कमिश्नर ने बहुत पहले रिकवरी कराने का भरोसा दिया था, लेकिन वर्षों बीतने के बाद भी वह मौन हैं। वह पुलिस और ईपीएफओ अफसरों के अब और चक्कर नहीं काट सकते। संविदा कर्मियों के कम शिक्षित होने का सभी लाभ उठा रहे हैं। अब एक शिक्षित कर्मचारी उनको न्याय दिलाने को आगे आया है। सभी कर्मियों ने उनके साथ हाईकोर्ट की शरण में जाने की तैयारी कर ली है। यदि एक-एक कर्मचारी वहां केस डालेगा तो खर्चा अधिक होगा। इसलिए सब एक साथ केस करेंगे। ऐसा करने से उनको कम खर्च में जल्द ही न्याय जरूर मिलेगा।


पीएफ कमिश्नर अमूलराज।

### जिम्मेदार मौन, जवाब देगा कौन...?

ईपीएफओ कानपुर के आरसी-01 अमूलराज सिंह और इंस्पेक्टर संजय निगम जवाब देने से बचने को फोन नहीं उठा रहे। पीआरओ शोएबा किदवई जिम्मेदारों से मिलने नहीं देतीं। कमिश्नर साहब को कोई आपत्ति है तो अपना पक्ष बताएं। उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

### जनता से अपील

आप ईपीएफओ कानपुर से पीड़ित हैं तो 6387050866 पर सूचना दें। आपकी खबर भी प्रमुखता से प्रकाशित की जाएगी।

## दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने बांटीं 45 ट्राईसाईकिल

जन एक्सप्रेस। उपेंद्र अवस्थी

**कानपुर नगर।** बीते दिन शुक्रवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृतिम अंग सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत उनकी आवश्यकतानुसार 45 ट्राई साईकिल, 05 व्हील चेयर, 05 बैसाखी वितरित की गयीं। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विनय उत्तम ने प्रमुख अतिथि सुरेन्द्र मैथानी का स्वागत किया। वीरेन्द्र कुमार ने मंच का संचालन किया।
कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप मे विधायक सुरेन्द्र मैथानी ने अपने संबोधन मे कहा की सरकार दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशील है। दिव्यांगजन को समाज में बराबरी का दर्जा मिले इसके लिए प्रयासरत है। विधायक सुरेन्द्र मैथानी ने कहा की दिव्यांगजन को जहाँ मेरी जरूरत महसूस हो हमें याद करें। हम आपकी सेवा के लिए सदैव तत्पर हैं। सरकार दिव्यांगजन के उत्थान के लिए कृत संकल्प है। कार्यक्रम में दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विनय उत्तम ने सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया की सरकार दिव्यांगजन को विवाह पुरस्कार के रूप में दोनों व्यक्तियों के दिव्यांग होने



पर 35 हजार रूपया, रोजगार के लिए दुकान संचालन के लिए दस हजार रूपया, दुकान निर्माण के लिए बीस हजार रूपया देती है। दिव्यांग पेंशन के लिए प्रति माह 1000 रूपया दिव्यांगजनों को सरकार की तरफ से मिलते हैं। जो दिव्यांगजन ट्राईसाईकिल व अन्य योजनाओं का लाभ लेना चाहते है वो तत्काल संपर्क कर सकते है। कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विनय उत्तम, वीरेन्द्र कुमार, अध्यक्ष विकलांग एसोसिएशन, हृदेश सिंह, संयोजक भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ एवं जिला कार्यालय के प्रशान्त कुमार, गोविन्द, राहुल कुमार, अल्पना कुमारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## बजरिया क्षेत्र में सीट कवर का काम करने वाले सतना निवासी कारीगर की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

मध्य प्रदेश के सतना से आकर थाना बजरिया क्षेत्र में सीट कवर का काम करने वाले कारीगर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। बजरिया पुलिस ने सूचना मिलने पर फॉरेंसिक टीम के साथ जांच पड़ताल करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
मिली जानकारी के अनुसार थाना बजरिया के रामबाग में निवास करने वाले दीपक गुप्ता का बजरिया चौराहे पर ही सीट कवर का कारोबार है। मध्यप्रदेश का सतना निवासी मो. अरशद पुत्र रफीक वर्षों से दीपक के यहां सीट कवर का काम कर रहा था और दीपक के ही घर में रहता था। अरशद को रहने के लिए दीपक ने एक कोठरी दे रखी थी। बीते दिन शुक्रवार की सुबह जब अरशद मृत अवस्था में दिखा तो उसके मालिक दीपक ने बजरिया पुलिस को सूचना दी। मौके पर बजरिया पुलिस फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंची और जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### होलिका दहन के दूसरे दिन अरशद को कुछ दबंगों ने पीटा था



दीपक गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया है कि होलिका दहन के दूसरे दिन अरशद ने दारु पी रखी थी। जिस कारण उसे कुछ अज्ञात दबंगों ने जमकर मारा पीटा था। मृतक के होठों पर चोट के निशान और शरीर काला पाया गया है।

## महाराजपुर विधानसभा में कांग्रेसियों ने एलआईसी को घेरा, केंद्र सरकार पर अडानी को गैरकानूनी लाभ पहुंचाने का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बीते दिन शुक्रवार को नगर ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में महाराजपुर विधानसभा के हरजेंदर नगर की एलआईसी शाखा पर कांग्रेसियों ने आक्रोशित अंदाज में धरना प्रदर्शन कर केंद्र सरकार पर अडानी को लाभ पहुंचाने के लिए गलत निर्णय लेने के गंभीर आरोप लगाए। चिलचिलाती धूप में सैकड़ों की भारी सं. में कांग्रेसी महाराजपुर विधानसभा के हरजेंदर नगर चौराहे पर एकत्रित हुए नारा लगाते हुए बोले जो अडानी का यार है देश का गद्दार है और नारेबाजी करते करते लाल बंगला स्थित एलआईसी ऑफिस पहुंच गए। इस दौरान पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की पुलिस से नोकझोंक भी हुई। पुलिस से काफी वाद विवाद के बाद साखा प्रबंधक ज्ञापन स्वीकार करने आये।




### महासचिव अंशू तिवारी ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार की कार्यशैली पूर्णरूप से पूंजीवादी व्यवस्था की पोषक हो गई है

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य संदीप शुक्ला ने कहा की देश की आम जनता की गाढ़ी कमाई को जो अपने भविष्य की सुरक्षा के लिए एलआईसी में निवेश करता है उसको मोदी सरकार ने अडानी को सौंप दिया है ये एक भयानक घोटाला है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संदीप शुक्ला,अंशू तिवारी कानपुर मंडल प्रभारी/ प्रदेश महासचिव,कनिष्क पांडे,कृपेश त्रिपाठी, हीरालाल निषाद राजेश राजपूत धवल पांडे रमेश श्रीवास्तव अशोक निषाद नरेश त्रिपाठी पवन गुप्ता उषा रानी कोरी संयोगिता वर्मा राधा देवी श्रीवास्तव मोहम्मद कमाल सिराज खान उर्फ कुनकुन महेश प्रसाद शुक्ला दिनेश शुक्ला शीलू दुबे मान सिंह यादव अजय गुप्ता मोहम्मद इसरार अखलाक अहमद डेविड अंकित कनौजिया प्रशांत पटेल अमित सागर राहुल सोनकर साजन कुमार मनजीत खालसा आदि सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ भरी हुंकार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर देश की सत्ता पर आरूढ़ मोदी सरकार की (घोर पूँजीवाद) नीति के खिलाफ प्रदेश में निरंतरता से प्रदर्शन चल रहा है। इसकी श्रृंखला के अन्तर्गत बीते दिन शुक्रवार को शहर कांग्रेस कमेटी, कानपुर उत्तर के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी के नेतृत्व में लाटूश रोड स्थित स्टेट बैंक शाखा के समक्ष आगामी 13 मार्च को राज मुख्यालय लखनऊ में आयोजित होने वाले चलो राजभवन घेरों आन्दोलन समर्थन के आवाहन के साथ जोरदार प्रदर्शन करते हुये कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हुंकार भरी।
कार्यकर्ताओं ने हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के माध्यम से करोड़ों भारतीय की जमा पूँजी की कीमत पर एस0बी0आई0 और एल0आई0सी0 जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के माध्यम से मोदी सरकार द्वारा अपने चहेते अडानी समूह में जबरदस्त जोखिम भरे निवेश कराने से करोड़ों भारतीयों की गाढ़ी कमाई को खतरे में डालने का



जोरदार विरोध किया। कांग्रेसजनों ने एस0बी0आई0 के शाखा कार्यालय लाटूश रोड पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रभारी निरीक्षक अनवरगंज को सौंपा। पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी, मदन मोहन शुक्ल, पवन गुप्ता, सिराज अहमद कुरैशी, दिलीप शुक्ला, लल्लन अवस्थी, इंतियाज रईस, मीना मिश्रा, सन्तोष गुप्ता, नीरज द्विवेदी, रामजी दुबे, विजय सिंह, राधेश्याम कश्यप, संजय बाथम, शम्स जफर मेंहदी, हाजी अफजाल, इमरान कुरैशी, शकील मंसूरी, नमिता कनौजिया, विजय लक्ष्मी सिंह, चन्द्रमणि मिश्रा, नसरीन अंसारी, सतीश वाल्मीकि, मो0 आरिफ, हरीशंकर पाल, सुरेश बक्शी, अजय प्रताप सिंह मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### डीएम ने सरसैया घाट गंगा मेला स्थल का किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस, कानपुर नगर।** आगामी 13 मार्च को जनपद में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक होली गंगा मेला कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी विशाख जी0 ने बीते दिन शुक्रवार को सरसैया घाट मेला स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित अधिकारियों के साथ घाट की सफाई व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं मेला प्रबंधन से संबंधित अन्य व्यवस्थाओं को समुचित रूप से कराए जाने हेतु विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जोनल अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सरसैया घाट चौराहे से लेकर घाट तक साफ-सफाई समुचित रूप कराई जाए एवं गंगा मेले के दौरान साफ-सफाई बनाए रखने हेतु खान-पान वाले स्थानों पर डस्टबिन आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। अधिशासी अभियंता, केस्को यह सुनिश्चित करें कि आयोजन स्थल एवं घाट में लटकते बिजली के तारों को सुव्यवस्थित करा लिया जाए।

### शहर काजी ने नशा मुक्त जागरुक रैली की कमान संभाली

**जन एक्सप्रेस, कानपुर नगर।** अखिल भारतीय सर्वधर्म महासभा एवं कुल हिंद जमीअतुल आवाम के संयुक्त के तत्वावधान में चलाए जा रहे समाज में जागरुकता पैदा करने के लिए अपराध मुक्त नशा मुक्त समाज जागरुकता अभियान की




दूसरी पारी की शुरुआत शहर की घनी मुस्लिम आबादी कुली बाज़ार से की गई। जहां जुमे की नमाज़ के बाद सैकड़ों की संख्या में लोगों ने नशा मुक्त अपराध मुक्त समाज को लेकर जागरुकता अभियान चलाते हुए रैली निकाली। अखिल भारतीय सर्वधर्म महासभा एवं कुल हिंद जमीअतुल आवाम के द्वारा शहर भर के अलग-अलग हिस्सों में अपराध मुक्त नशा मुक्त समाज जागरुकता रैली निकाले जाने का संकल्प लिया गया था। पहली जागरुकता रैली किदवईनगर इलाके में हुई थी। उसी कड़ी में बीते दिन शुक्रवार को कुली बाज़ार स्थित मस्जिद कारी अब्दुल समी से कुली बाज़ार व आसपास के विभिन्न इलाकों में घूमी। शहर काजी कानपुर मुफ्ती साकिब अदीब मिस्बाही ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबको जागरुक होने की जरूरत है और हर तरह की बुराइयों का खुलकर विरोध करना चाहिए। शराब जैसी बुराई जो लोगों में आम होती जा रही है उस पर हमें अपने बच्चों को जागरुक करने की ज़रुत है। इसमें मुख्य रुप से शहर काजी कानपुर मुफ़्ती साकिब अदीब मिस्बाही, मुख्य महामंत्री महबूब आलम खान, कारी सगीर आलम हबीबी, उपाध्यक्ष इस्लाम खान आजाद, सरदार राजेंद्र सिंह नीटा, शेख समसुद्दीन सिद्दीकी, पंडित राजेश मिश्रा, अखलाक अहमद चिश्ती, महताब अंसारी, फैज उल नबी, अफजाल अहमद चिश्ती, काजी समीउल्लाह, नसीम शीशे वाले शाहिद खान लालू हाजी अफजाल चौधरी मोहम्मद आरिफ अत्तारी रजवी रईस अख्तर जब्बार पहलवान शमीम सीमा इजहार जावेद अशफाक गुलाम नबी रहे।

### बाबा नामदेव गुरुद्वारे में होला महला 12 मार्च को



**जन एक्सप्रेस, कानपुर नगर।** किदवई नगर स्थित बाबा नामदेव गुरुद्वारे में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। कॉन्फ्रेंस में सरदार नीतू सिंह ने बताया कि 12 मार्च की शाम को बाबा नामदेव गुरुद्वारे में होला महला मनाया जाएगा। जिसमें मीरी-पीरी, बालसखा जत्था, स्त्री सत्संग बाबा नामदेव का विशेष रूप से दरबार साहिब अमृतसर से आए रागी भाई गुरुमेल सिंह का जत्था कीर्तन व गुरुवाणी से संगत को निहाल करेंगे। गुरुद्वारा साहिब में भगत नामदेव हॉल का भी शुभारंभ पंथ के पंज प्यारे साहिब करेंगे। इस हॉल का उद्देश्य जरूरतमंदों के लिए रखरखाव के खर्च के हिसाब से उपयोग में दिया जाएगा। होली के पावन पर्व पर श्री गुरु गोविंद सिंह जी द्वारा संगत जोड़ मेले के रूप में अनेक प्रकार के कार्यक्रम आनंदपुर साहिब व अन्य गुरुद्वारों में बड़े हर्ष उल्लास से मनाए जाते हैं। सिख धर्म में नाम (परमात्मा) के रंग में अपने आपको नाम सिमरन के रंग में रंगना ही पक्का रंग सिख समाज के लिए उपदेश दिया गया। इस अवसर पर गुरु के लंगर का भी आयोजन किया जाएगा। प्रेस वार्ता में हरदीप सिंह, कल्याण सिंह, चन्द सरानी, अमन भाटिया, गुरदीप सिंह सहगल, कुलवंत सिंह, सतनाम सिंह सूरी, चरनजीत सिंह, समिन्दर सिंह आदि मौजूद रहे।

### दहेज हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस, कानपुर नगर।** दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपियों को पनकी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। एसीपी पनकी निशंक शर्मा के द्वारा



जानकारी देते हुए बताया गया कि थाना पनकी में सुनील कुमार उर्फ पप्पू पुत्र कालिका प्रसाद उम्र करीब 30 वर्ष, सुशील पुत्र कालिका प्रसाद उम्र करीब 31 वर्ष , कालिका प्रसाद रैदास पुत्र स्व. शोभाराम उम्र करीब 62 वर्ष तथा महिला अभियुक्ता श्रीमती प्रेमा देवी पत्नी कालिका प्रसाद उम्र करीब 60 वर्ष के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था सभी आरोपी फरार चल रहे थे। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### टाटा कैपिटल फाइनेंस ने पुलिस को दिये मोबाइल टॉयलेट



**जन एक्सप्रेस, कानपुर नगर।** हर वक्त जनता की सेवा में मुस्तैद रहने वाली टाटा कैपिटल फाइनेंस की तरफ से पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर की महिला पुलिस के लिए मोबाइल टॉयलेट भेंट किए गए। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त बीपी जोगदंड ने कंपनी के हेड विशाल चुग को इस योगदान के लिए सम्मानित करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में सीपी बीपी जोगदण्ड, अपर पुलिस आयुक्त आनंद कुलकर्णी, डीसीपी ट्रैफिक रवीना त्यागी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त बीपी जोगदंड ने टाटा मोटर्स द्वारा दूर दराज ड्यूटी कर रही महिला पुलिस कर्मियों के लिए मोबाइल टॉलेट उपलब्ध कराया गया जो महिला पुलिस के लिए बहुत ही उपयोगी है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस, कानपुर नगर।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे कैफे संचालक शोभित पाल को बीते दिन शुक्रवार को बर्रा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार थाना बर्रा पर शोभित पाल और अन्य के विरुद्ध रेप समेत



अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में लगातार कैफे संचालक शोभित पाल पुलिस की गिरफ्त से दूर था। मुखबिर की निशानदेही पर बर्रा की पुलिस टीम ने आरोपी को दबोच लिया है।

# डीएम ने की कर–करेत्तर, राजस्व वसूली एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक

**अधिकारी, कर्मचारी अपने–अपने दायित्वों का सही ढंग से करें निर्वाहन**

जन एक्सप्रेस। अमेठी



शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर,राजस्व वसूली एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत देय, खनन, आबकारी परिवहन विभाग, नगर निकाय, स्टाम्प ड्यूटी, बाट-माप, जीएसटी सहित अन्य विभागों के राजस्व वसूली की समीक्षा किया। जीएसटी की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने जीएसटी वसूली में तेजी लाने एवं लक्ष्य की पूर्ति हेतु निर्देशित किया। स्टाम्प वसूली की समीक्षा में उन्होंने स्टाम्प की कमी की सम्बन्धित निर्गत आरसी की वसूली कराये जाने एवं लक्ष्य की शत् प्रतिशत पूर्ति हेतु एआईजी स्टाम्प को निर्देशित किया।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने आइजीआरएस पोर्टल प्राप्त शिकायतों के निस्तारण, रिट याचिकाओं, खतौनी अंश निर्धारण की कार्यवाही, स्वामित्व योजना, रोस्टर के अनुसार खतौनियों का दाखिला, एंटी भू माफिया जैसे कार्यों पर अब तक की प्रगति के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिया। तहसीलवार आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये तथा शिकायतकर्ता को भी इससे अवगत कराया जाये। शिकायतकर्ताओं द्वारा फीड बैक दिये जाने पर उन बिन्दुओं का त्वरित निस्तारण किया जाये। उन्होने सभी उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों को निर्देशित किया कि सार्वजनिक स्थलों जैसे तालाबों चारागाहों, चकरोडों आदि पर जो भी अवैध कब्जे किये गये उनको चिन्हित कर अभियान चलाकर अवैध कब्जेदारों को बेदखल किया जाये इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होने कहा कि राजस्व वसूली में शिथिलता बरतने पर सम्बन्धित विभाग के अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। इसलिये सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का सम्यक निर्वहन करें ढ्ढ लापरवाही कदापि न बरते। बैठक में जिला आबकारी अधिकारी, एआरटीओ, एआईजी स्टांप, अधिशासी अभियंता विद्युत सहित समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार उपस्थित रहे।

# स्मृति का अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी दौरा आज से, विभिन्न कार्यक्रमों में होंगी शामिल

जन एक्सप्रेस। अमेठी



केंद्रीय महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति इरानी अपने दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी आ रही हैं। इस दौरान अधिकारियों के साथ बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा करेंगी। जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुनेंगी और उसका समाधान कराएंगी। वैवाहिक कार्यक्रमों के साथ ही वह हाल ही में दिवंगत हुए लोगों के परिवारों से भी मिलेगी। विकास की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी करेंगी। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि दीदी स्मृति 11 व 12 मार्च को क्षेत्र में अलग-अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी और लोगों से मुलाकात करेंगी। 11 मार्च को सुबह दिल्ली से लखनऊ पहुंचेगी। वहां से वह सड़क मार्ग से हैदरगढ़-जगदीशपुर होते हुए सीधे अचलपुर गांव दादा तेज भान सिंह के आवास पर पहुंचेगी। अभी कुछ दिन पहले ही उनकी बहू का निधन हुआ था। शोक संवेदना व्यक्त करने के बाद वे गौरीगंज के पूर्व ब्लाक प्रमुख स्व.जय नारायण तिवारी के घर पहुंचेगी। यहां से निकलकर दोपहर एक बजे इंदिरा गांधी पीजी कालेज में नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगी। पौने एक बजे कलेक्ट्रेट में जिला अनुश्रवण समिति दिशा की बैठक की अध्यक्षता के साथ विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगी। शाम सवा चार बजे मुसाफिरखाना के भद्दौर गांव में दोहरे हत्या कांड में मृतक के आवास पर पहुंच शोक संवेदना जताएंगी और परिवार के लोगों से मुलाकात करेंगी। यहां से निकलकर वे भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी के आवास मिश्रौली, गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह के आवास मऊ व भाजपा जिला उपाध्यक्ष भवानीदत्त दीक्षित के आवास पीढ़ी गांव पहुंच विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देंगी। एचएएल कोरवा के गेस्ट हाउस में रात्रि निवास के बाद 12 मार्च को सुबह वह जगदीशपुर औद्योगिक क्षेत्र के रोड नंबर चार कठौरा में नवनिर्मित महिला पुलिस पिंक बूथ का सवा दस बजे उद्घाटन करेंगी। जगदीशपुर के शक्ति केंद्र गढ़ा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर आयोजित संगोष्ठी में हिस्सा लेंगी। रंगवा घाट मटियारी कलां में गोमती नदी पर नवनिर्मित पीपा पुल का उद्घाटन करने के बाद केंद्रीय मंत्री लखनऊ के लिए निकल जाएंगी। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## अरीबा को उ.प्र. कैडर में मिला स्थान, यूपीएससी में मिली थी 109 रैंक

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** अरीबा नोमान को उत्तर प्रदेश आईपीएस कैडर मिलने पर परिवार में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। एक बार फिर परिवार को बधाई मिलना शुरू हो गई है। अरीबा का परिवार शहर के प्यारे पट्टी पर निवास करता है। आपको बता दें कि अरीबा ने शुरुआती दौर की शिक्षा स्टेला मॉरिस कान्वेंट स्कूल से हुई। उसके बाद उसने अपना 11 और 12 की शिक्षा मामा गुफरान अहमद उर्फ सैफी के साथ दिल्ली में रह कर किया। शुरू से ही वो टॉप करती रही। फिर दिल्ली यूनिवर्सिटी से बीटेक किया, उसने कंप्यूटर साइंस में और टॉप किया। उसके बाद मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब करने लगी। लेकिन मामा का लक्ष्य था कि वो यूपीएससी क्लियर करे। इसलिये वो हमेशा उसको मोटीवेट करते रहे। इस बीच सुल्तानपुर के तत्कालीन एसडीएम सदर रहे प्रमोद पांडेय ईद के मौके पर सैफी के घर आये और वहां अरीबा से उनकी मुलाकात हुई। उसके बाद सब कुछ बदल गया। कहा जाए तो उन्होंने गॉड फादर का रोल प्ले किया। नतीजा ये हुआ कि यूपीएससी में 109 रैंक अरीबा की आई। इसमें एसडीएम प्रमोद का रोल अहम रहा। अरीबा ने अपनी फैमिली के साथ-साथ स्पेशल क्रेडिट अपने मामा गुफरान अहमद उर्फ सैफी और प्रमोद पांडेय को दिया। गौरतलब रहे कि अरीबा नोमान के पिता नोमान अहमद नेशनल इंशोरेंस कंपनी सुल्तानपुर में मैनेजर हैं। माता रुखसाना निकहत हाउस वाइफ और बहन तूबा नोमान ग्रेजुएशन कर रही है।

# निशुल्क नेत्र प्रत्यारोपण चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। तिलोई, अमेठी



इंदिरा गाँधी नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र मुन्शीगंज अमेठी की तरफ से सिंहपुर विकासखंड के उसरहा गाँव में निशुल्क नेत्र प्रत्यारोपण चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डॉ.एस पी त्रिपाठी के द्वारा शिविर में 400 लोगों के आंखों का जाँच किया गया।वहीं 104 मरीजों को बेहतर इलाज एवं ऑपरेशन के लिए अस्पताल बुलाया गया। 160 मरीजों को नजर का चश्मा प्रदान किया गया। यहाँ से जाँच करवाये हुए मरीज ऑपरेशन के लिए अस्पताल जाऐंगे। शिविर में दिखाए हुए मरीजों का निशुल्क में ऑपरेशन किया जाएगा एवं साथ ही साथ काला चश्मा और दवा भी दी जाएगी। शिविर का उद्घघाटन समाजसेवी गोपी चन्द्र बाजपेयी, डाक्टर एस पी त्रिपाठी और अभिषेक गोपी बाजपेयी सह नेत्रशिविर आयोजक के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर कल्पनाथ यादव, रीना, अल्का, अशोक कुमारी, सलोनी, सहित अस्पताल के स्टॉफ ने अपनी सेवा दी। शिविर में आये लोगों को संबोधित करते हुए बाजपेयी ने कहा कि आँखें कुदरत की अनमोल सौगात है। इसे सहेजकर रखना हम सबों के लिए जीवनपर्यंत सुखदायी है। वहीं चिकित्सकों ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश तेजी से तरक्की कर रहा है। स्वास्थ्य की दृष्टि से हम आज भी विकसित देशों से काफी पीछे हैं। आंख शरीर का सबसे कीमती और महत्वपूर्ण अंग हैं। इनकी नियमित और सजगता से देखभाल करना जरूरी है। शिविर में आसपास के गांवों के 400 लोगों ने अपना पंजीकरण करवाया।

## नि:शुल्क रसोई के तहत भोजन वितरण का शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** जिला चिकित्सालय में मरीजो, तीमारदारों तथा जरूरतमन्दों को राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ द्वारा साप्ताहिक कार्यक्रम में दूसरे सप्ताह के गुरुवार को नि:शुल्क रसोई के तहत जामिया इस्लामिया मदरसे के सदर मौलाना मुहम्मद उस्मान कासमी ने स्वादिष्ट और पौष्टिक अरहर की दाल आलू पालक की सब्जी, रोटी –चावल मुफ्त नि:शुल्क भोजन वितरण का शुभारम्भ किया गया। संघ के कार्यकर्ताओं की टीम ने जिला अस्पताल के अतिरिक्त रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन पर जाकर जरूरतमंदों को भोजन वितरण किया। रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म पर एक बृद्ध महिला सोती हुई मिली उनको जगा कर भोजन ग्रहण करने को कहा तो उन्होंने बताया कि बच्चा मेरा पैसा कही गिर गया आज सुबह से कुछ खाया नही है यह सुनते ही कार्यकर्ताओं की आंखे नम हो गयी संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद ने कहा दादी अल्लाह ईश्वर ने आप ही के हम लोगो को भेजा है। बृद्ध महिला भोजन पाकर बहुत खुश हुई ढेरो दुवाएँ दी। मेराज खान ने बताया अब प्रत्येक गुरुवार को भोजन की व्यवस्था ज्यादा किया जाएगा जिससे रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन पर एक चक्कर रात में लगा कर भूखे असहायों जरूरतमन्द लोगो को भोजन कराया जाएगा।

# नौकरी का झांसा देकर एजेंट ने ठगे लाखों

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर



युवक पर ओमान सरकार ने एक लाख आठ हजार का जुर्माना ठोका है। एजेंट ने नौकरी के नाम पर टूरिस्ट वीजा पकड़ाते हुए युवक से 1 लाख 7 हजार वसूल लिए थे। लंबे समय से ओमान में बंद बेटे को लाने के लिए मां व पत्नी ने डीएम जसजीत कौर से मुलाकात की और पेनाल्टी की धनराशि जमा कराने की मांग करते हुए अपने लाल को भारत लाने की आवाज पीड़ित मां ने उठाई है।

मामला जिले के करौंदीकला थानाक्षेत्र अंतर्गत कटघर पूरे चैहान गांव का है। यहां की रहने वाली जेबुन्निसा का पुत्र सिद्दीक रोजी-रोटी के सिलसिले में भटक रहा था। एजेंट हमीद निवासी थाना करौंदीकला ने उसे बेहतर नौकरी देने का झांसा दिया और ओमान भेजने के लिए रू.70000 ऐंठ लिया। जब टूरिस्ट वीजा के तौर पर ओमान सरकार को इसकी जानकारी मिली तो युवक सिद्दीक पर भारतीय करेंसी में एक लाख आठ हजार रुपए का जुर्माना गया। ओमान की करेंसी के मुताबिक उस पर 500 रियाल का जुर्माना ठोका दिया गया है। भारतीय रुपए में इसकी कीमत एक लाख आठ हजार रुपए बताई जा रही है। हैरान परेशान मां जेबुन्निसा पत्नी शरीफ निवासी कटघर पूरे चैहान थाना करौंदी कला ने डीएम जसजीत कौर से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित मां और ओमान में फंसे युवक की पत्नी ने डीएम से मिलकर एजेंट के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का मुद्दा भी उठाया है। आरोप है कि ओमान में फंसे युवक की मदद के बजाय करौंदी कला पुलिस ने पीड़ित परिवार के ऊपर ही शांति भंग की धाराओं में चालान ठोक दिया। पीड़ित परिवार का यह भी कहना है कि एजेंट से रू.10000 की अवैध वसूली करते हुए करौंदी कला पुलिस ने पीड़ित परिवार को ही प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। जिसके लिए शुक्रवार को पीड़ित परिवार सुल्तानपुर पहुंचा और एसपी सोमेन वर्मा से मिलकर भी न्याय की गुहार लगाई है।

पुलिस अधीक्षक सुनील वर्मा ने भी हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। वही डीएम जसजीत कौर ने बताया कि जनता दर्शन में एक परिवार आया है। उसका कहना है कि उसके बेटे को ओमान में नौकरी के बहाने भेजा गया है। 3 जुलाई 2022 को उसे मुंबई एयरपोर्ट ले जाया गया जहां से ओमान के लिए टूरिस्ट वीजा पर भेज दिया गया। उससे पैसे भी लिए गए हैं। उस पर वहां फाइन भी कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक और एसडीएम को निर्देशित किया गया है कि इस पूरे मामले की जांच कर लें। एजेंट के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वित्तीय सहायता के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। परिवार की हर संभव मदद की जाएगी।

## अदालती सूचना

**सम्मन वास्ते करारवाद**
**उमू तनकीह तलब**
**आर्डर-5 कायदा-1 व 5**
**न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), हवाली, लखनऊ**
मूलवाद संख्या : 901/2022
तारीख पेशी- 13.03.2023
**राम सजीवन**
**बनाम**
**दिनेश**

राम सजीवन आयु लगभग 37 वर्ष पुत्र भोदू निवासी- पूरे निद्धी दूबे, अटौरा खुर्द जिला-रायबरेली।
.....वादी
**बनाम**
दिनेश आयु वयस्क पुत्र प्यारे लाल निवासी - 227 करोरी गढ़ी, अमेठी, जिला-लखनऊ।
....प्रतिवादी

हरगाह वादी ने आपको नाम से एक नालिश बाबत **वाद वास्ते विक्रय पत्र निरस्तीकरण** के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख **माह 13/03/2023 ई० बवक्त 10 बजे** दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा हालात से वाकई वाकिफ कार किया गया है और कुल अहम उमूरात मुताबिक का जवाब दे सके या जिसके साथ और कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश कर जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हो बयान तहरीर **दिनांक 13.03.2023 को दाखिल करें।** आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर ना होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।
मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज बतारीख 19.01.2023 ई० को जारी किया जाय।
-मोहर अदालत

# अनशनकारी बाबा द्वारा आत्मिक सम्मान एवं होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन




जन एक्सप्रेस। रायबरेली

सड़क निर्माण की मांग पूरी करते हुए शासन द्वारा 29 करोड़ रुपए निर्गत किए जाने की खुशी में अनशनकारी बाबा द्वारा आत्मिक सम्मान एवं होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बताते चले की जर्जर महराजगंज इन्हौना मार्ग (27 किमी) के नवीनीकरण को लेकर विगत दिनों बाबा रामकेवल (अनशन कारी) द्वारा अपने सहयोगियों एवं समर्थकों के साथ दस दिनो तक अनशन पर बैठा गया जहाँ एडीएम एवं विधायक नें पहुंच सड़क निर्माण का आश्वासन दिया। इस दौरान आयोजित विधानसभा सत्र में सड़क निर्माण को लेकर 29 करोड़ रुपए जारी करने की खुशी में गुरुवार को क्षेत्र की जनता की ओर से सरकार, नेता, प्रशासन व सड़क निर्माण आंदोलन में शामिल सहयोगियों का आभार प्रकट करते हुए अनशन कारी बाबा द्वारा समर्थकों, सहयोगियों आदि का आभार प्रकट करने को आत्मिक सम्मान व होली मिलन समारोह का आयोजन पूरे सुखई स्थित तिराहे पर किया। इस दौरान आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले सेवा निवृत फौजी रमा शंकर शर्मा, पूर्व प्रधान छेदी लाल,रामनरेश रावत,अनिल शर्मा शास्त्री, धर्मराज रावत, विद्यावती, प्रेमलता,राजेश कुमार,विश्वनाथ भारती,मनोज रावत, माधुरी भारती, केतार, दसाऊ बाबा अर्जुन,अधिवक्ता मोहन सिंह, अधिवक्ता सुशील पांडे, अशोक, नीरज भारती किशोर,पूर्व प्रधान मथुरा पासी को अंगवस्त्र एवं फूलों की माला पहना सम्मानित किया वहीं आंदोलन में सहयोग एवं समर्थन करने वाले अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियो, प्रधान प्रतिनिधि रणविजय सिंह, दिलीप शर्मा,महराजगंज प्रेस क्लब टीम आदि का बाबा अनशनकारी द्वारा आभार प्रकट किया गया।

## विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था को सुचारु रुप से बनाये रखें : डीएम

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने कहा कि आने वाले गर्मी के मौसम में जनपद में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था को सुचारु रुप से बनाये रखने के लिए समस्त संभव उपाय किए जाएं। उन्होंने कहा कि लाइन हानि को हर हाल में कम करने के प्रयास किये जाए तथा बिलिंग की प्रक्रिया का नियमित रूप से अनुश्रवण किया जाए। उन्होंने कहा कि गलत बिल आने की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए, मीटर रीडर अपना कार्य निष्ठापूर्वक करें। उन्होंने कहा कि दोषी पाये जाने पर सम्बन्धित कम्पनी के विरुद्ध भी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव आज बचत भवन सभागार में विद्युत आपूर्ति, वाणिज्य बिन्दु तथा रिवैम्प के कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहीं थीं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 पूजा मिश्रा सहित अन्य समस्त सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि लाइन हानि कम करने की प्रगति की अपेक्षाकृत सुधार अवश्य हुआ है लेकिन अभी लाइन हानि और कम करने के प्रयास किये जाने चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि मीटर रीडर के कार्यो का अनुश्रवण करने के साथ ही इनके बिलों की रैंडम जांच भी नियमित रूप से की जाए। उन्होंने कहा कि गलत बिलिंग की समस्या से उपभोक्ता को निजात दिलाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गलत बिल न आये, इसके लिए प्रत्येक स्तर पर प्रयास किये जाएं।

# सावित्री बाई फुले प्रथम महिला शिक्षक थीं : रवीन्द्र सिंह

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर



डॉ0 अम्बेडकर फाउण्डेशन भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित तथा सामाजिक संस्था अनिकेत सेवा संस्थान मुसाफिरखाना जनपद-सुलतानपुर द्वारा अलीगंज स्थित मनोरमा देवी इण्टर कॉलेज परिसर में सावित्री बाई फुले की पुण्य तिथि धूम-धाम से मनाई गयी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि थाना प्रभारी बंधुआकलां रविन्द्र सिंह एवं कॉलेज प्राचार्य रेखा वर्मा द्वारा सावित्री बाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्जवलन किया गया। संस्था अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर अंग वस्त्र प्रदान किये गये। सावित्री बाई फुले के कार्यो की प्रशंसा करते हुए प्रभारी निरीक्षक ने उपस्थित बच्चों को उनके जीवन के तमाम संघर्षो की व्यापक जानकारी दी। उन्होने कहा कि जिस काल खण्ड में सावित्री बाई ने महिलाओं की शिक्षा पर बल दिया उस समय महिलाओं पर तमाम पाबदियाँ थी। कड़े संघर्ष के बाद धीरे-धीरे समाज में सावित्री बाई फुले की स्वीकार्यता बढ़ी और महिलाओं की शिक्षा सहित अन्य सुधार कार्यो से सावित्री बाई फुले की कीर्ति समाज में चारो तरफ फैलने लगी। अन्य वक्ताओं में रिमझिम मिश्रा, रत्नाकर पाण्डेय, अनुराग दूबे के अलावा कॉलेज प्रधानाचार्य रेखा वर्मा के नाम उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ पत्रकार कवि संजय पाण्डेय 'पुष्पेन्द्र' ने किया तथा अन्त में संस्था द्वारा उपस्थित बच्चों में मिष्ठान वितरण गया। अलीगंज चैकी प्रभारी शिवजनम यादव सहित सैकड़ों लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# मोस्ट के नेतृत्व में मनाई गई सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर



विकास खण्ड कूरेभार के कटघरा गाँव में मोस्ट कल्याण संस्थान के तत्वाधान में से.नि. शिक्षक सम्भोले वर्मा के नेतृत्व में माता सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता से.नि. शिक्षक बृजलाल कनौजिया और कार्यक्रम का संचालन मोस्ट कल्याण संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर राज कुमार गौतम ने किया। उक्त अवसर पर कटघरा गाँव में नि:शुल्क पाठशाला खोलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अनूप संडा ने कहा कि शिक्षा और ज्ञान का समाज की समस्याओं के समाधान के लिए सदुपयोग किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य उदराज वर्मा, मकसूद आलम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बाबूलाल, से.नि. एडीओ भारत राम, से.नि. शिक्षक डॉ. कमालुद्दीन, से.नि. लेखाकार राम जतन बौद्ध, शिक्षक राजेश कनौजिया, मोस्ट जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव, जिला संयोजक (महिला विंग) सीमा बौद्ध आदि द्वारा अपने सम्बोधन में माता सावित्री बाई फूले द्वारा बालिका शिक्षा के लिए किए गए संघर्ष/प्रयास पर प्रकाश डाला गया। उक्त अवसर पर मोस्ट कल्याण संस्थान के निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद ÷गुरुजी÷ ने मोस्ट पिछडों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया और गाँव-गाँव नि:शुल्क पाठशालाएं चलाने की अपील की। इस अवसर पर करन, सुमित कुमार, विकास, मोहित कुमार, केशवती, पूनम, मंजू, अनिल वर्मा, वंशराज, गंगाराम, अजय, शिवम राव, जवाहर, पंकज कुमार, श्यामा, चंद्रावती, सूजा देवी, श्रीराम यादव, छोटेलाल आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## किछौछा शरीफ दरगाह के सज्जादानशीन सैय्यद फखरूद्दीन अशरफ अशरफी जीलानी के इन्तेकाल पर इजहारे गम

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

आले रसूल हजरत अल्लामा मौलाना अलहाज सैयद मो0 अहमद अशरफी जीलानी जायसी साहब सरपरस्त मरकजे अहले सुन्नत दारूल उलूम हबीबिया गुलशने रजा जगपालताल व लिलबनात अनवर नगर ने कहाकि यकीनन फखरूल मशाईख की जात मखलूके खुदा के लिये नफा बख्श थी, आप का इन्तेकाल उम्मते मुसलमां के लिये बड़े हादसे से कम नहीं है। अल्लाह आप की बेहिसाब मगफिरत फरमाये।हाफिज अनीस अहमद कुरैशी प्रबन्धक मरकजे अहले सुन्नत दारूल उलूम हबीबिया गुलशने रजा जगपालताल व लिलबनात अनवर नगर मौलाना तसव्वर हुसैन मिस्बाही, मुफ्ती फैयाज अहमद मिस्बाही, काजी शहर हाफिज सुहैल अख्तर रजा खान ने कहा कि अलहाज सैय्यद फखरूद्दीन अशरफ के इन्तेकाल से सभी सुन्नी मुसलमानों में गम का माहौल है। तसव्वफ व तरीकत की दुनिया में एक कमी महसूस की जायेगी।

# रोटरी और इनरव्हील क्लब का होली मिलन कार्यक्रम संपन्न

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



रोटरी क्लब और इनरव्हील क्लब, रायबरेली के संयुक्त तत्वाधान में होली के अवसर पर फागुन बहार कार्यक्रम, शहर के दीप पैलेस हॉल में धूमधाम से संपन्न हुआ। रोटरी क्लब के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव और इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष सीमा श्रीवास्तव ने आए हुए अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत किया। कार्यक्रम का उदघाटन पूर्व अध्यक्ष एस. एल. चंदवानी, अतुल भार्गव, पूर्व डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन ज्ञानलता गुप्ता, संध्या भार्गव द्वारा दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर इनरव्हील सदस्यों द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। होली गीत 'होलिया में उड़े रे गुलाल', 'होली आई रे' आदि गीतों पर जमकर फूलों की होली भी खेली गई। कार्यक्रम मे रोटरी क्लब और इनरव्हील क्लब के सभी सदस्यों की टाइटल आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहा जिसकी सभी ने खूब सराहना किया।

कार्यक्रम अधिकारी सचिन मेहरोत्रा और स्मृति सिंह ने आए हुए अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया तथा संचालन पूर्व अध्यक्ष विकास दीक्षित तथा डॉ. वैशाली चंद्रा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम मे रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष उमेश सिकरिया, राकेश चंदनानी, पी. एस. सलूजा, विजय सिंह, ऋषि अग्रवाल, राजेश शर्मा, संजय जिवनानी, वी. एन. गुप्ता, सचिव संजय श्रीवास्तव, कपिल कपूर, राकेश कक्कड़, डॉ. संजीव जायसवाल, राकेश पांडेय, गणेश गुप्ता, सुरेश चैधरी, विवेक सिंह, डॉ. ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी, गोविंद खन्ना, गौरव सिंह, सुनील राजपाल, डॉ. राकेश राजपूत, नवीन मेहरोत्रा, डॉ. संजय रस्तोगी तथा इनरव्हील क्लब की पूर्व अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, अर्चना सिकरिया, प्रेरणा श्रीवास्तव, डॉ. सुमेधा रस्तोगी, सचिव अनामिका गुप्ता, बबिता दीक्षित, निधि मेहरोत्रा, अनामिका सिंह, रेखा जिवनानी, प्रीति गुप्ता, सुरुचि सिंह, शालिनी श्रीवास्तव, अलका पांडेय, वरुषा कृष्णा, प्रारूप यश और अनुकृति यश का सहयोग सराहनीय रहा।

## मुख्यमंत्री योगी से भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों ने की भेंट

# टैलेंट, ट्रेडिशन, ट्रेड, टेक्नोलॉजी और टूरिज्म के मंत्र से आगे बढ़ रहा उप्र : मुख्यमंत्री योगी



**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शुक्रवार को भारतीय विदेश सेवा (2007 बैच) के 04 अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। विकास की दौड़ में पिछड़े 08 आकांक्षात्मक जनपदों के समग्र विकास के लिए प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का अवलोकन करने सम्बन्धी एक सप्ताह के ओरिएंटेशन कार्यक्रम के उपरांत राजधानी आए इन वरिष्ठ राजनयिकों ने अपने भ्रमण के अनुभवों को मुख्यमंत्री से साझा किया और प्रदेश के विकास के लिए अपने सुझाव भी दिए।

वरिष्ठ राजनयिकों का उत्तर प्रदेश आगमन पर अभिनन्दन करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक पटल पर भारत की मजबूत स्थिति है, इसमें विदेश सेवा के अधिकारी गणों का अहम योगदान है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश भारत में सबसे बड़ी आबादी का प्रदेश है। यह भारत का हृदय स्थल है। यह भारत की आध्यत्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का स्रोत है। यहां की उर्वर भूमि इस प्रदेश की समृद्धि का मूलाधार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विकास की रफ्तार को तेज करने के लिए '5टी' का मंत्र दिया है। 5 टी यानी 'टैलेंट, ट्रेडिशन ट्रेड, टेक्नोलॉजी और टूरिज्म। उत्तर प्रदेश इन मंत्रों को आत्मसात कर लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में आध्यत्मिक पर्यटन विकास के प्रयासों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में बुद्ध सर्किट, रामायण सर्किट, ब्रज सर्किट, विंध्य-वाराणसी सर्किट जैसे क्षेत्र विशेष पर्यटन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। यहां श्रद्धालुओं, पर्यटकों की आवश्यकताओं व अपेक्षाओं के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में प्रदेश के नागरिक दक्षिण-पूर्व एशिया, खाड़ी देशों में प्रवास करते हैं। इनमें बड़ी संख्या अकुशल श्रमिकों की है। अकुशल होने के कारण आमतौर पर उनका पारिश्रमिक भी कम होता है। ऐसे में सरकार इनके कौशल उन्नयन के लिए प्रयासरत है। विदेश मंत्रालय के सहयोग से ऐसे लोगों को चिन्हित कर इनके कौशल संवर्धन के काम किया जा सकता है।

### मुख्यमंत्री ने ओडीओपी के बारे में भी की चर्चा

मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को प्रदेश के पारंपरिक शिल्पकला के प्रोत्साहन हेतु शुरू की गई अभिनव 'ओडीओपी' योजना के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि एक जनपद, एक उत्पाद योजना (ओडीओपी) हमारी विरासत की प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ओडीओपी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश से निर्यात में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी हुई है। पिछले 05 वर्षों में निर्यात लगभग 88 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग 1.57 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

### ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की सफलता पर खुश दिखे अधिकारी

भेंट-वार्ता के दौरान अधिकारीगणों ने प्रदेश में बेहतर होती इन्फ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं, विद्यालयों के कायाकल्प, अमृत सरोवर, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, उद्योग जगत को प्रोत्साहित करने वाली नीतियों और निवेश अनुकूल माहौल की सराहना करते हुए उत्तर प्रदेश को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के पैमाने पर राज्य सरकार के प्रयासों की भी सराहना की। साथ ही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 की अभूतपूर्व सफलता पर हर्ष प्रकट करते हुए इसे प्रदेश के साथ-साथ देश के विकास में महत्वपूर्ण बताया।

### आध्यात्मिक पर्यटन के विकास को लेकर अधिकारियों ने दिये सुझाव

विदेश सेवा के अधिकारियों ने प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक व आध्यत्मिक विरासत की चर्चा करते हुए प्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन के विकास की संभावनाओं के विकास के सम्बंध में अपने सुझाव भी दिए। प्रयागराज कुंभ 2019 के माध्यम से वैश्विक पटल पर भारतीय संस्कृति को एक विशिष्ट पहचान दिलाने के प्रयासों की चर्चा करते हुए अधिकारीगणों ने आगामी कुंभ 2025 के दौरान यथोचित सहयोग देने के लिए रुचि प्रदर्शित की। सस्टनेबल डेवलपमेंट गोल्स (एसडीजी) के लक्ष्यों की प्राप्ति में उत्तर प्रदेश की के नीतिगत क्रियान्वयन की सराहना करते हुए अधिकारीगणों ने कहा कि प्रदेश में पोटेंशियल है, अपार संभावनाएं हैं। एसडीजी के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों की प्राप्ति में उत्तर प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

### आकांक्षात्मक जनपदों में हो रहे विकास के सभी मानकों पर नियोजित कार्य

सीएम योगी ने कहा कि नीति आयोग द्वारा चिन्हित प्रदेश के 08 आकांक्षात्मक जनपदों (बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र, चंदौली, फतेहपुर, चित्रकूट, बहराइच और श्रावस्ती) में विकास के सभी मानकों पर नियोजित कार्य किया जा रहा है। नीति आयोग द्वारा सतत रियल टाइम मॉनीटरिंग डैशबोर्ड (चैंपियन ऑफ चेंज) के अनुसार जारी रैंकिंग में इन जिलों ने अच्छा स्थान प्राप्त किया है। देश के कुल 112 आकांक्षात्मक जिलों में सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने वाले जिलों की नवीनतम सूची में हमारे 06 जिले शीर्ष 10 में शामिल हैं, जबकि शीर्ष 20 में यूपी के सभी 08 जिले शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से आकांक्षात्मक जनपदों की तर्ज पर राज्य सरकार द्वारा आकांक्षात्मक विकासखंडों के सामाजिक-आर्थिक सुधार के लिए प्रयास किया जा रहा है और अब इसी तर्ज पर आकांक्षात्मक नगरीय निकायों के लिए भी कार्ययोजना तैयार की है। स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास तथा आधारभूत संरचना आदि क्षेत्र के तय 75 इंडिकेटर पर इन आकांक्षात्मक क्षेत्रों के समग्र विकास के प्रयास किए जाएंगे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### भ्रष्टाचार के आरोपों में जांच का सामना कर रहे नेताओं के पाप नहीं छिपेंगे : भूपेन्द्र चौधरी



जन एक्सप्रेस/लखनऊ। भारतीय जानता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों में जाँच का सामना कर रहे विपक्षी दलों के नेताओं के पास संवैधानिक संस्थाओं और आरोपों की जांच करने वाली संस्थाओं पर आरोप लगाने के सिवा कोई और एजेंडा नहीं है। अपनी करनी को छिपाने के लिए ये नेता लगातार झूठे आरोपी की राजनीति का खेल खेल रहे हैं। लेकिन ऐसा करने से उनके पाप नहीं छिप जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव भी इसी मुहिम के नेता के तौर पर आगे आये हैं, लेकिन वे ऐसा करने से पहले अपने शासन को देखें। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अगर किसी ने कुछ गलत नही किया है तो उसे किसी से भी भयभीत होने की जरूरत नहीं है। भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि सपा प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के मुँह से ऐसी बातें शोभा नहीं देती। समाजवादी पार्टी के शासनकाल में ही हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद भी खाद्यान्न घोटाले की जांच सीबीआई से कराने में हीला हवाली हुई। यूपीपीएससी जैसी बेदाग़ संस्था जिसकी साख पूरे देश में थी को भी बदनाम कर दिया। ये वही समाजवादी पार्टी है जिसने राजभवन की गरिमा को भी तार-तार कर दिया था। श्री चौधरी ने कहा कि सपा प्रमुख को यह नहीं भूलना चाहिए कि उनकी सरपरस्ती में कैसे प्रदेश को लूटा गया, कैसे सरकार पोषित गुंडे प्रदेश की जनता की गाढ़ी कमाई पर डाका डालते थे। उन्होंने घोटालों का नाम याद दिलाते हुए कहा कि खनन घोटाले के आरोपी तो सपा सरकार में मंत्री रहे उनके ख़िलाफ़ अभी भी सीबीआई की जाँच चल रही है। जल निगम के भर्ती घोटाले में उनके चचाजान भी आरोपी हैं। नोएडा में ज़मीन आवंटन घोटाले में उनके पसंदीदा अफ़सर के ख़िलाफ़ सीबीआई की जाँच चल रही है।

## उप्र विद्युत उत्पादन निगम को पारीक्षा तापीय परियोजना के लिये मिलेगा सस्ता कोयला

### बीसीसीएल की जगह एनसीएल से मिलेगा कोयला



**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम द्वारा लम्बे समय से प्रदेश की विद्युत इकाइयों को सस्ता कोयला उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार के कोयला एवं विद्युत मंत्रालय से प्रयास किया जा रहा था। विद्युत उत्पादन निगम को सफलता मिल गयी है, पारीक्षा तापीय परियोजना के लिये अब सस्ता कोयला मिलेगा।

उप्र पावर कारपोरेशन एवं उत्पादन निगम के अध्यक्ष एम0 देवराज ने शुक्रवार को यहां बताया कि सस्ते कोयले के कारण पारीक्षा से उत्पादित विद्युत की उत्पादन लागत कम होगी। इससे 920 (250म2ए, 210म2) मेगावाट की पारीक्षा ईकाई से उत्पादित विद्युत की लागत में लगभग 400 करोड़ रुपये की प्रतिवर्ष कमी आयेगी। एम0 देवराज ने बताया कि पारीक्षा तापीय परियोजना उत्पादन निगम की बुन्देलखण्ड में स्थापित परियोजना है। इसके कोयले का अधिकांश लिंकेज भारत कोकिंग कोल लि0 (बीसीसीएल) से है। बीसीसीएल का कोयला अन्य कोल कम्पनियों के सापेक्ष मंहगा पड़ रहा था, जिसके कारण पारीक्षा परियोजना की उत्पादित बिजली मंहगी पड़ रही थी।

उन्होंने बताया कि ऊर्जा मंत्री के कुशल मार्गदर्शन में निगम प्रबन्धन द्वारा लम्बे समय से लगातार केन्द्र सरकार के कोयला एवं विद्युत मंत्रालय से किये गये अनुरोध के परिणाम स्वरूप बीसीसीएल से प्राप्त होने वाला कोयला अब नार्दन कोल फील्ड लि0 (एनसीएल) को स्थानान्तरित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पारीक्षा को लगभग 23.31 लाख टन कोयला बीसीसीएल से प्राप्त हो रहा है। अध्यक्ष ने कहा कि इस स्थानान्तरण के अनुसार कोयला आपूर्ति होने से निगम को लगभग 400 करोड़ रूपया प्रतिवर्ष उत्पादन लागत के व्यय में कमी आयेगी, जिससे प्रदेश को सस्ती बिजली प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने यह भी कहा कि निगम विद्युत उत्पादन लागत को कम करने के लिये लगातार प्रयासरत है।

## एक वर्ष विश्वास का, एक वर्ष विकास का : योगेश शुक्ला



**जन एक्सप्रेस। बीकेटी, लखनऊ**

ठीक एक वर्ष पूर्व विधानसभा बख्शी का तालाब की जनता ने विधायक योगेश शुक्ला को अपने आशीर्वाद रूपी मत देकर सेवक के रूप में चुना था। बता दें कि बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि बीकेटी विधानसभा के विकास यात्रा के गौरवपूर्ण एक वर्ष पूरे होने पर जनमानस एवं देवतुल्य कार्यकर्त्ताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें। बीकेटी क्षेत्र का संपूर्ण विकास करूंगा, माँ चंद्रिका देवी से कामना करता हूँ बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास यात्रा में आपका योगदान सदैव बना रहें। सोशल मीडिया फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, के माध्यम से विधायक योगेश शुक्ला को 1 साल पूर्ण करने की बधाई व शुभकामनाएं कार्यकर्ताओं व लोगों द्वारा दी जा रही हैं।

## अवध कॉलेजिएट की पारा शाखा में बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया 31वां स्थापना दिवस



**जन एक्सप्रेस। इटौंजा, लखनऊ**

शुक्रवार को अवध कॉलेजिएट की पारा शाखा में सभी शाखाओं का स्थापना दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम स्कूल प्रबंधक सर्वजीत सिंह एवम् निर्देशिका जतिंदर वालिया ने सभी शाखाओं के प्रधानाचार्यो के साथ अपने माता पिता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। इस अवसर पर अध्यापकों द्वारा कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

लिटिल मचकिंस टीम द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया।रामगढ़ शाखा द्वारा शादी का लडडू एक व्यंग्यात्मक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। दरोगा खेड़ा शाखा के यम है हम नाटक ने सबको खूब हसाया। बृज की होली नृत्य से सभी को होली की बधाई दी।पारा शिक्षकों ने हैप्पीनेस नृत्य,रॉक डांस प्रस्तुत किया।मोहान शाखा एवम एसबीएस कॉलेज ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया व कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय प्रबंधक द्वारा सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय की सभी शाखाओं को संबोधित कर अपना अनुभव साझा किया।निर्देशिका जतिंदर वालिया ने बताया यह विद्यालय का 31वां स्थापना दिवस है। इस अवसर पर प्रबंधक महोदय की दोनो बेटियों डॉ0 ब्रह्मजोत कौर और सिमरन कौर द्वारा अपने पिता की लंबी उम्र की कामना की गई।इस अवसर पर दरोगा खेड़ा शाखा की प्रधानाचार्या इंदु चंदेल एवम पारा शाखा की प्रधानाचार्या निशा सिंह ने भी प्रबंधतंत्र व सभी अध्यापकों को बधाई देते हुए अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में संयुक्त निर्देशिका ब्रह्मजोत कौर एवम सिमरन कौर ने सभी का आभार प्रकट किया और कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम् से किया गया।

### हज यात्रा के आवेदन की तिथि बढ़ी



जन एक्सप्रेस/लखनऊ। इस बार 2023 में हज यात्रा पर जाने के लिए आवेदन फार्म की तिथि बढ़ा दी गयी है। हज यात्रा 2023 के लिए आवेदन फॉर्म की अंतिम तिथि जो 10 मार्च 2023 थी उसे भारत सरकार के अल्पसंख्यक मंत्रालय के निर्देशानुसार हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज यात्रा हेतु फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 20 मार्च 2023 तक कर दिया है। इस निर्णय से जो अन्य लोग हज यात्रा के इच्छुक थे परंतु फ़ॉर्म न भर पाने की वजह से हज 2023 में शामिल नहीं हो पा रहे थे अब वे भी हज यात्रा 2023 कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के अध्यक्ष एवं हज कमेटी ऑफ इंडिया के सदस्य मोहसिन रज़ा ने इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि हज यात्रा 2023 पर जाने वाले आदमियों के लिए यह खुशी की खबर है। इसका हम तहेदिल से स्वागत करते हैं।

## इटौंजा में अवैध रूप से हो रही थी अफीम की खेती

### नारकोटिक्स विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारी कर रहे जांच







**जन एक्सप्रेस। इटौंजा, लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाने से चंद कदमों की दूरी पर स्थित नगर पंचायत इटौंजा के सराय उसरना में कई वर्षों से अवैध रूप से अफीम की खेती हो रही थी। बता दें कि नारकोटिक्स विभाग के अधिकारियों के प्रयास से इस प्रकरण का खुलासा हो सका। नारकोटिक्स विभाग के अधिकारी व एसीपी अमित कुमावत ने इसमें संलिप्त अफीम की खेती कर रहे कारोबारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार धीरज शर्मा उर्फ बबलू शर्मा की नगर पंचायत इटौंजा में सरिया सीमेंट की दुकान है दुकान के पीछे खेत में मेड़ पर चारों तरफ केले के पौधे लगाकर बीच में कारोबारी बेखौफ होकर अफीम की खेती कर रहे थे। भू-राजस्व निरीक्षक इटौंजा राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि गाटा संख्या 155 में 1.30 वर्ग मीटर क्षेत्र में अफीम की खेती की जा रही थी अफीम की खेती में से 12000 अफीम के फलदार पौधे व कुछ फूलदार पौधों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया तथा अफीम के पौधों को चारा वाली मशीन से कटवा कर नष्ट किया गया और उसके सैंपल भी लिए गए।नारकोटिक्स विभाग से बिना किसी अनुमति के ही कई वर्षों से इसी खेत में अफीम की खेती का धंधा फल-फूल रहा था 7 मार्च दिन मंगलवार को नारकोटिक्स विभाग के अधिकारी व एसीपी अमित कुमावत तथा स्थानीय पुलिस ने गाटा संख्या 155 पर की जा रही अफीम की खेती करने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी, जिस पर धीरज शर्मा उर्फ बबलू शर्मा उनके नौकर सियाराम को अवैध अफीम की खेती करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर अफीम कारोबारियों को जेल में भेज दिया। एसीपी अमित कुमावत के मुताबिक नारकोटिक्स विभाग ने इनपुट दिया था इसके बाद पुलिस की टीम ने अपने स्तर से पता लगाया, सूचना पुख्ता करने के बाद संयुक्त रूप से एसीपी बीकेटी व नारकोटिक्स विभाग की टीम ने 7 मार्च दिन मंगलवार को दोपहर में अचानक छापा डाल दिया। उन्होंने यह भी बताया कि जांच के लिए फसल के नमूने लिए गए हैं बाकी फसल को मजदूरों के सहयोग से खेत से कटवा कर नष्ट करवा दिया गया हैं। वही कुछ तैयार अफीम भी बाराबंकी के किसान के पास से मिली है एसीपी के मुताबिक इसकी जानकारी की जा रही है कि दोनों कितने दिनों से अफीम की खेती कर रहे थे इसमें और कौन से लोग शामिल हैं यह गिरोह कहां से संचालित हो रहा है इसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है नारकोटिक्स विभाग की टीम भी अपने स्तर से जांच कर रही है। अफीम की खेती की इस घटना को लेकर इटौंजा से बीकेटी क्षेत्र तक में हड़कंप मच गया था।

## इटौंजा पुलिस ने दो वारंटी को किया गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस। इटौंजा, लखनऊ**

पुलिस आयुक्त एस.बी. शिरोड़कर द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त उत्तरी एस. एम. कासिम आब्दी व अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी अभिजीत आर शंकर के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त बीकेटी अमित कुमावत के निर्देशन व इटौंजा थानाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार के नेतृत्व में महोना चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक धर्मेंद्र जैन, कांस्टेबल राहुल कुमार, सुभाष कुमार, हिमांशु कुमार ने सादिक अली पुत्र साबित निवासी शेख टोला कस्बा महोना उम्र 65 वर्ष को घर से न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र दिखाकर हिरासत में लिया। वहीं सुशील पुत्र गुरुदयाल निवासी ग्राम असनहा उम्र 28 वर्ष व्यवसाय मजदूरी करना को घर से न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र दिखाकर पुलिस हिरासत में लिया। वहीं इटौंजा थाना प्रभारी रवीन्द्र कुमार ने बताया कि दोनों वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# समाज के लिए कैंसर है भ्रष्टाचार

**न्यायालय के लगातार प्रयासों के बावजूद सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार कम नहीं हो सका है। बहरहाल संविधान पीठ के इस निर्णय से शायद कुछ कमी आ सके। निर्णय में न्यायालय ने इस मिथक को खारिज कर दिया कि अपराध का पूर्ण प्रमाण ही अपराधी को दोषी ठहराने में मदद कर सकता है। न्यायालय ने अब यह निर्धारित किया है कि भले ही अभियोजन पक्ष के गवाह अपनी बात से पलट जाएं, तो भी अभियोजन पक्ष एवं अपराधी के विरुद्ध न्यायालय में प्रस्तुत सभी साक्ष्यों के आधार पर अपराधी का दोष सिद्ध माना जा सकेगा।**

*देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई बहुत समय से चली आ रही है। यह परिणाम तक कब पहुंचेगी कह पाना कठिन है। पिछले दिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पैसे की भूख ने भ्रष्टाचार को कैंसर की तरह पनपने में मदद की है। बहरहाल, यह टिप्पणी कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रधान सचिव अमन सिंह और उनकी पत्नी के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति के मामले में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के उच्च अदालत के फैसले को रद्द करते हुए की है। अदालत ने कहा कि संविधान के तहत स्थापित अदालतों का देश के लोगों के प्रति कर्तव्य है कि वे दिखाएं कि भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। साथ ही वे अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी करें। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ उच्च अदालत ने आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में राज्य के पूर्व प्रधान सचिव अमन सिंह और उनकी पत्नी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करते हुए कहा था कि मामला दर्ज करना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग था और आरोप प्रथम दृष्टया संभावनाओं पर आधारित थे। हाई कोर्ट के फैसले को रद्द करने के बाद पीठ ने टिप्पणी की कि संविधान के प्रस्तावना में भारत के लोगों के बीच धन का समान वितरण करके सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने का वादा किया गया है, लेकिन यह अभी तक दूर का सपना ही बना हुआ है। भ्रष्टाचार यदि प्रगति हासिल करने में मुख्य बाधा नहीं भी है, तो भी निस्संदेह यह एक बड़ी बाधा जरूर है। भ्रष्टाचार एक बीमारी है, जो जीवन के हर क्षेत्र में व्याप्त है। यह अब शासन की गतिविधियों तक सीमित नहीं है, अफसोस की बात है कि जिम्मेदार नागरिक कहते हैं कि यह जीवन का हिस्सा ही बन गया है। खैर, यह तो पूरे समुदाय के लिए चिंता की बात है कि हमारे संविधान निर्माताओं के मन में जो ऊंचे आदर्श थे, उनका पालन करने में लगातार गिरावट आ रही है और समाज में नैतिक मूल्यों का ह्रास तेजी से बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि भ्रष्टाचार की जड़ का पता लगाने के लिए अधिक बहस की आवश्यकता नहीं है। अगर हम गौर करें तो हिंदू धर्म में सात पापों में से एक माना जाने वाला लालच अपने प्रभाव में प्रबल रहा है। इसलिए यह कहना ग़लत नहीं होगा कि पैसे की भूख ने भ्रष्टाचार को कैंसर की तरह पनपने में मदद की है। भ्रष्टाचार का मूल कारण हमारे नैतिक तथा सांस्कृतिक मूल्यों का ह्रास होना है, जो आज हर क्षेत्र में फैल चुका है। भ्रष्टाचार से देश को मुक्त करने के लिए हमें अपना योगदान देना ही होगा। साथ में प्रत्येक नागरिक को अपने चरित्र का निर्माण कर देश व समाज की सेवा करनी होगी। उल्लेखनीय है कि भारत में राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर नैतिकता में गिरावट के मूल कारण सामान्यतः समान ही हैं जिसमें अधिकतम भौतिक सुख की प्राप्ति, शक्ति का केंद्रीकरण, भ्रष्ट गतिविधियां, किसी भी स्थिति में नाम कमाने की लालसा, नेता-अधिकारी गठजोड़, सार्वजनिक नैतिक मूल्यों की अपेक्षा व्यक्तिगत मूल्यों का हावी होना इत्यादि प्रमुख वजहें हैं। इसके अलावा राजनीति का अपराधीकरण, धन-बल का प्रयोग बढ़ने से भी राजनीतिक नैतिकता में गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं, प्रशासकों की शिक्षा और चयन प्रक्रिया में खामियों की वजह से नैतिक मूल्यों से शून्य व्यक्तियों का प्रवेश हो जाता है और अंततः भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलने लगता है। अकसर देखा जाता है कि जेल की सजा होने तथा भ्रष्टाचार साबित होने के बावजूद भी कई बार भ्रष्टाचारियों का गौरव गान किया जाता है। वास्तव में ये स्थिति भारतीय समाज के लिए चिंताजनक है। आज भी समाज में ऐसे कुछ लोग मिल ही जाते हैं, जो दोषी पाए जा चुके भ्रष्टाचारियों के पक्ष में भांति-भांति के तर्क देते हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, खाद्यान, आवास, निर्माण, रोजगार, नियंत्रण, सुरक्षा, पारदर्शिता समेत अनेकों क्षेत्र में बड़े कार्य करके अपनी मजबूत इच्छा शक्ति का परिचय दिया है। इस आधार पर कहा जा सकता है की आगामी लोक सभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी से बेहतर विकल्प फिलहाल देश के लिए अभी नहीं है। विपक्ष पार्टियों की टीस और सत्ता पाने की बेचैनी जरूर समय-समय पर जनता के सामने दिख रही है और यही कारण है की अमर्यादित और सामाजिक रूप से स्वीकार न किये जाने वाले शब्दों का चयन विपक्षी नेताओं द्वारा लगातार किया जा रहा है। जनता की समझ और जरूरत दोनों में यह बात निहित अभी के स्वरुप में दिख रही है की आगामी लोकसभा चुनाव के विजेता मोदी रहेंगे।**

# क्या आगामी लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी से बेहतर विकल्प है?



डॉ. अजय कुमार मिश्रा

**देश के प्रधानमंत्री जिन्होंने देश पर सब कुछ न्योछावर कर दिया क्या उनका यह अपमान आम जनता कभी भूल सकेंगी? अब पुन: विषय की मुख्यवस्तु पर आता हूँ की क्या 2024 लोकसभा चुनाव के लिए नरेन्द्र मोदी से बेहतर विकल्प देश के लिए उपलब्ध है ? इसका सीधा जबाब आप अपने आस-पास टटोल सकतें है और स्वयं मूल्यांकित कर सकतें है।**

देश की राजनैतिक स्थिति अब ऐसी हो गयी है की जहाँ विकास और आम आदमी की जमीनी जरूरतों पर खुली बहस करने के बजाय, नरेन्द्र मोदी को हराने के लिए विपक्ष के कई दल एक साथ एकजुट होना चाह रहें है। सभी के पास राजनैतिक अनुभव और अपने दांव है जिसके लिए एक पार्टी दुसरें से एक जुट होने की अपील कर रही है। अधिकांश राजनैतिक पार्टियों की यह पहली प्राथमिकता है की नरेन्द्र मोदी को हराना है। पर क्या किसी पार्टी के पास नरेन्द्र मोदी की कार्य प्रणाली से बेहतर नीतियाँ और कार्य विधि है ? कोई भी सीधा और सटीक जबाव नहीं देगा। जिन्होंने दशकों देश पर शासन किया और वो पार्टियाँ जो राज्य स्तर पर शासन करके जनता के मंसूबो पर फेल हो चुकी है उन्हें भी नरेन्द्र मोदी को हराना है। भारत ही नहीं बल्कि वैश्विक राजनैतिक इतिहास को टटोलने पर आपको चुनिन्दा लोग ही मिलेगे जिनका प्रभाव पार्टी से बड़ा और लोकप्रिय, सभी जगह स्वीकार्य हो जैसा की वैश्विक स्तर पर नरेन्द्र मोदी की बन चुकी है। हालिया नार्थ-इस्ट चुनाव परिणाम जी20 बैठक का नेतृत्व करना, मोदी की स्वीकार्यता को स्वयं बयां कर रहा है। जिस पार्टी ने पांच दशकों से अधिक समय तक देश में शासन किया उनकी उपलब्धियों की तुलना नरेन्द्र मोदी की एक दशक से कम अवधि की उपलब्धियों से करें तो नरेन्द्र मोदी की कार्य प्रणाली हर मोर्चे पर बहुत प्रभावशाली दिखाई पड़ती है। बेहद खास बातों में से एक बात का जिक्र नरेन्द्र मोदी की सरकार की करना जरुरी है कि यह देश की पहली ऐसी सरकार है जिसने 70 प्रतिशत ग्रामीण आबादी की जरूरतों और विकास के लिए वैश्विक मानकों के स्तर पर लाने का कार्य कर रही है। आज देश में नरेन्द्र मोदी सरकार की एक दो नहीं बल्कि अनेकों ऐसी योजनायें है जिसका नाम प्रत्येक आम आदमी की जुबान पर है। विश्व बैंक की नीतिगत अनुसन्धान कार्यसमिति के अनुसार - भारत में वर्ष 2011 से 2019 के बीच अत्यंत गरीबी दर में 12.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। वर्ष 2011 में अत्यंत गरीबी 22.5 प्रतिशत थी, जो



**बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री, हो या फिर हिडेनबर्ग की रिपोर्ट इनकों आगामी 2024 के चुनाव से जोड़कर देखा जाना बिलकुल उचित है क्योंकि देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी भारत का अहित चाहने वाले लोगों की कमी नहीं है।**

वर्ष 2019 में 10.02 प्रतिशत हो गयी। नगरों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रो में अत्यंत गरीबी तेजी से घटी है। वर्ष 2014 तक देश में राजमार्गो की लम्बाई 91,287 किलोमीटर थी जिसे नरेन्द्र मोदी सरकार ने नवम्बर 2022 तक तेजी से कार्य करके 1,44,634 किलोमीटर कर दिया है यानि की कुल 53,347 किलोमीटर की वृद्धि किया है। रोटी, कपड़ा, मकान की जमीनी जरूरतों से कही आगे बढ़ कर इस सरकार ने देश की पिछड़ी और ग्रामीण आबादी को मुख्यधारा में जोड़ने का कार्य किया है। आज आम जनता के पास जितने विकल्प मौजूद है क्या इसके पूर्व कभी कोई सोच सकता था ? बात सिर्फ कार्यो और विकास की बात के साथ-साथ यह भी जरुरी है की आखिर क्यों देश के श्रेष्ठतम प्रधानमंत्रियों में से एक नरेन्द्र मोदी के लिए तीखी भाषा और शब्दावली का प्रयोग किया गया है क्या यह देश के संविधान, आम जनता का अपमान नहीं है ? एक ऐसा व्यक्तित्व जिसने देश के लिए सब कुछ त्याग दिया और बिना रुके बिना थके लगातार देश की पक्ति में सबसे पीछे खड़े आदमी को केंद्र बिंदु में रखकर कार्य कर रहा है और उसका अपमान कितना उचित है? एक बार विधायक और सांसद हो जाने के बाद लोगों की कितनी सम्पत्तियां बन जाती है यह किसी से छिपा नहीं है, जबकि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री जैसे पद के बावजूद आज तक कोई एक झूठा आरोप भी नहीं लगा सका है। वजह न केवल नैतिक रूप से बल्कि समर्पित रूप से सिर्फ और सिर्फ देश सेवा के लिए कार्य करना है। बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री, हो या फिर हिडेनबर्ग की रिपोर्ट इनकों आगामी 2024 के चुनाव से जोड़कर देखा जाना बिलकुल उचित है क्योंकि देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी भारत का अहित चाहने वाले लोगों की कमी नहीं है। विगत कुछ समयावधि में मोदी को लेकर प्रयोग किये गए शब्दों में से है - जल्लाद, दंगाई, मानसिकरूप से असंतुलित, चाय-पकौड़े बेचने वाला, अनपढ़ और गदहा, राजनीतिक दलाल, नालायक, खिसियानी बिल्ली, एनाकोंडा, धोबी का कुत्ता, दुर्योधन, हिमालय जाकर हड्डियां गलाए, खाल उधेड़वा देगे, हाथ और गला काटेंगे, वैशाखनंदन, बेशर्म तानाशाह, सबसे बड़ा रावण, यमराज, हिजड़ा, चूहे का बच्चा, फ़तवा, जालिम, कायर और मनोरोगी, खून का सौदागर इत्यादि। चौकाने वाली बात यह है की यह भाषा शैली राजनेताओं की है जिनमे से कई मुख्यमंत्री रह चुकें है और इनमे से कई अभी भी मुख्यमंत्री है। इन सब की राजनैतिक इच्छा और बेचैनी आसानी से समझी जा सकती है। देश के प्रधानमंत्री जिन्होंने देश पर सब कुछ न्योछावर कर दिया क्या उनका यह अपमान आम जनता कभी भूल सकेंगी? अब पुनः विषय की मुख्यवस्तु पर आता हूँ की क्या 2024 लोकसभा चुनाव के लिए नरेन्द्र मोदी से बेहतर विकल्प देश के लिए उपलब्ध है ? इसका सीधा जबाव आप अपने आस-पास टटोल सकतें है और स्वयं मूल्यांकित कर सकतें है। एक ऐसा नेतृत्व जिसने आम जनता के लिए कार्य करके राजनैतिक मुद्दों जिनपर वोट बैंक तैयार किया जाता था लगभग न के बराबर कर दिया।

## एक्सप्रेस कविता

*दोस्त है तो जश्न है। थोड़ा तुम मुस्कुराओ थोड़ा हम मुस्कुराए, आओ मिल जाओ कहीं सड़कों पर, चौराहों पर फिर मिलकर सब खिल खिलाएं, मीठे खट्टे पुराने अनुभवों को लेकर रंग बिरंगे फूलों से इस जीवन के उपवन को फिर से सजाएं, कुछ तुम अपनी सुनाओ कुछ हम अपनी सुनाए, पीठ में कुछ धौल जमाओ, तुम्हारे कानों के नीचे हम चपत लगाएं, बचपन की मीठी गालियां तुम सुनाओ कुछ कुछ हम सुनाएं, चलो फिर साइकिल से लंबी लंबी रेस लगाएं, कंचे और गुल्ली डंडे का फिर वही खेल सजाएं, मैं तुम्हारी मास्टर जी से तुम मेरे पिताजी से चुगलियों और शिकायतों का दौर चलाएं, थोड़ा तुम मुस्कुराओ थोड़ा हम मुस्कुराए आओ सब हम मिलकर जोर-जोर से खेल खिलाएं, इस तरह दोस्ती मैं मौज मनाएं।*

*-संजीव ठाकुर*

## एक्सप्रेस ज्ञान

*हमें कुहरा भी एक बहुत बड़ी बात सिखाती है कि जब जिंदगी के रास्ते साफ न दिखाई दे तो हमें बस चलते रहना चाहिए, रास्ते अपने आप बनते जायेंगे।*




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | चतुर्थी 22:05 तक |
| नक्षत्र: | चित्रा 07:11 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | शनिवार |
| योग: | ध्रुव, 19:50 |
| सूर्योदय: | 06:41 |
| सूर्यास्त: | 18:33 |
| चंद्रमा: | तुला राशि में |
| राहुकाल: | 09:39-11:08 |
| विक्रमी संवत्: | 2079 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | चैत्र |
| शुभ मुहूर्त: | 12:13-13:00 |

## जन एक्सप्रेस

### ये कैसा प्रचार ?

*दें रहे हैं संज्ञा ।*
*लें पहले विचार ।।*
*देकर ऐसा नाम ।*
*ये कैसा प्रचार ?*
*कर के ऐसी हरक़त ।*
*पड़े न उल्टा दाव ।।*
*जनमानस से लेकिन ।*
*लिया ये सुझाव ?*
*हो जाएगी किरकिरी ।*
*जानते सब हाल ।।*
*खींचना अब इतना ।*
*सही है बवाल ?*
*मार्ग में कानून के ।*
*क्यों बनना अब बाधा ।।*
*दे रहे उपनाम ।*
*क्या कुछ नया इरादा ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# यूरिक एसिड कम करने के लिए पिएं जीरे का पानी



**शरीर** में एसिड बनने से कई बीमारियों का खतरा रहता है। आपको बता दें कि किडनी का कार्य प्रभावित होने से शरीर में यूरिक एसिड की समस्या होने लगती है। हमारे आहार और शरीर की कोशिकाओं के द्वारा यूरिक एसिड बनने लगता है। यदि शरीर में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ने लगता है, इससे अर्थराइटिस, हार्ट डिजीज, शुगर और किडनी संबंधी अन्य समस्याएं होने का खतरा बढ़ जाता है। इसके साथ ही व्यक्ति के शरीर में सूजन आने लगती है। ऐसे में व्यक्ति को अपनी डाइट पर विशेष ध्यान देना चाहिए। वहीं घर में मौजूद मसालों से आप यूरिक एसिड की समस्या को कम कर सकते हैं। जीरे के शरीर में कई फायदे मिलते हैं। इसे आप यूरिक एसिड को कम करने के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**जीरे के पानी से मिलने वाले फायदे:** जीरा का उपयोग आप रोजाना दाल व सब्जी बनाने के लिए करते होंगे। जीरा आपके खाने के स्वादा को बढ़ाने का कार्य करता है। इसके साथ ही इससे आपकी सेहत को भी कई फायदे मिलते हैं। इसमें कैल्शियम, आयरन, जिंक, फॉस्फोरस आदि कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये सभी तत्व शरीर के यूरिक एसिड को कंट्रोल करने में सहायक होते हैं। इसके साथ ही जीरे में पाये जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट से आप सूजन को कम कर सकते हैं। इसके साथ ही जीरे के पानी से आपके शरीर के टॉक्सिन तेजी से बाहर होते हैं।

**यूरिक एसिड में जीरे का पानी कैसे पिएं?:** यूरिक एसिड को कम करने के लिए आप जीरे का पानी पी सकते हैं। इसे उपयोग करने के लिए आप एक गिलास पानी में रात को करीब एक चम्मच जीरा भिगोकर रख दें। सुबह उठने बाद आप इस पानी को छानकर पी सकते हैं। इसके अलावा आप सुबह जीरे की चाय भी पी सकते हैं। जीरे की चाय बनाने के लिए आप करीब डेढ़ कप पानी को गैस पर चढ़ाएं और इसमें एक चम्मच जीरा मिला दें। जब पानी में उबाल आने लगे तो इसे गैस से उतार कर छान लें। इस चाय में आप नींबू का रस और शहद को भी मिला सकते हैं।

### यूरिक एसिड को कम करने के लिए क्या करें?

- यूरिक एसिड को कम करने के लिए आप ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं। इससे शरीर से यूरिक एसिड तेजी से बाहर होता है।
- यूरिक एसिड की समस्या होने पर आपको शुगर का सेवन कम करना चाहिए। इसकी जगह पर आप फल और शहद का सेवन कर सकते हैं।
- इस समस्या में आप रेड मीट खाने से बचें, क्योंकि इससे आपके शरीर में प्यूरिन का स्तर बढ़ने लगता है। ये यूरिक एसिड बढ़ने की एक मुख्य वजह होता है।
- इस समय आपको शराब का सेवन नहीं करना चाहिए, क्योंकि शराब से डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। जिसकी वह से शरीर में यूरिक एसिड बढ़ सकता है।
- यूरिक एसिड को कम करने के लिए डाइट में फाइबर युक्त आहार शामिल करने चाहिए। इससे खून में शुगर का लेवल नियंत्रित रहता है और यूरिक एसिड बढ़ने का खतरा कम हो जाता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# श्रद्धांजलि : सबको हंसाने वाली जिंदादिल मिलनसार शख्सियत थे 'सतीश कौशिक'



दीपक कुमार त्यागी

**सतीश कौशिक को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कोटि-कोटि नमन करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान देकर मोक्ष प्रदान करें और अपार दु:ख की इस घड़ी में उनके परिजनों को हौसला प्रदान करें।**

**भारतीय सिनेमा जगत ने एक शानदार जिंदादिल इंसान, बहुत बेहतरीन हास्य अभिनेता, प्रतिभाशाली लेखक, निर्देशक और निर्माता को खो दिया है। हालांकि 'सतीश कौशिक' की बहुमुखी प्रतिभा से युक्त उनके किरदारों ने उन्हें हमेशा के लिए अमर कर दिया है और उनके किरदार भारतीय सिनेमा जगत का हमेशा मार्गदर्शन करते रहेंगे। उनके द्वारा फिल्मों में निभाए गए किरदारों में दर्शकों को आकर्षित करके फिल्म के इर्दगिर्द बांधे रखने की बहुत ही जबरदस्त क्षमता थी।**

**भारतीय** सिनेमा जगत को 9 मार्च 2023 की सुबह का दिन बेहद ही दर्दनाक खबर के साथ बहुत गहरे जख्म देकर चला गया। लोगों को पर्दे व वास्तविक जीवन में हंसाने वाली शानदार शख्सियत के धनी 'सतीश कौशिक' के अचानक हुए निधन की खबर ने दिलो-दिमाग को सुबह-सुबह ही झकझोर कर रख दिया। आम जनमानस की तरह मेरा मन भी किसी भी सूरते-हाल में यह मानने के लिए तैयार नहीं था कि आखिर सबको हंसाने वाली शानदार शख्सियत आज रुला कर कैसे चला गया, लेकिन ईश्वर की इच्छा पर किसी का कोई बस नहीं चलता है। वैसे भी जो शख्स 7 मार्च को जावेद अख्तर व शबाना आजमी के द्वारा आयोजित होली पार्टी का पूर्ण रूप से स्वस्थ अवस्था में जमकर लुत्फ ले रहा हो। वह एक दिन बाद यूं ही 66 वर्ष की आयु में अचानक से दुनिया से रुखसत हो जायेगा, दिल का दौरा आने के चलते इस शानदार अभिनेता के जीवन का पल में ही अंत हो जाएगा। 13 अप्रैल 1956 को हरियाणा के महेंद्रगढ़ में पैदा हुए सतीश कौशिक ने वर्ष 1972 में दिल्ली के प्रतिष्ठित किरोड़ीमल कॉलेज से स्नातक किया। उन्होंने अपने सपनों को साकार करने राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय और भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान से सिनेमा जगत से जुड़ी बारीकियों की शिक्षा ली थी। वर्ष 1983 में फिल्म मासूम से अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत करने वाले सतीश कौशिक ने सिनेमा जगत में करियर शुरू करने से पहले थिएटर में काम करके अपनी पहचान बनाने का किया था। उन्होंने अभिनेता बनने से पहले जीवन यापन के लिए कुछ समय तक एक टेक्सटाइल फैक्ट्री में नौकरी तक भी की थी। हालांकि सतीश कौशिक को वर्ष 1987 में रिलीज हुई फिल्म मिस्टर इंडिया में अपने यादगार हास्य किरदार कैलेंडर के कारण ही माया नगरी मुंबई के सिनेमा जगत व दर्शकों के बीच विशेष पहचान मिल गयी थी, उस पहचान ने ही उनके सपनों को पूरा करने के लिए उड़ान के लिए मजबूत पंख लगाने का कार्य किया था। जिसके बाद उन्होंने लगभग 100 से अधिक फिल्मों में अभिनय करने का कार्य किया था। वर्ष 1993 में सतीश कौशिक ने फिल्म रूप की रानी चोरों का राजा से अपने डायरेक्शन का डेब्यू किया था और उनकी यह फिल्म उस दौर की बेहद प्रसिद्ध फिल्मों में से एक रही थी। उन्होंने अपने हास्य किरदारों व निर्देशन के बलबूते दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाते हुए माया नगरी मुंबई के सिनेमा जगत में विशिष्ट पहचान बनाई थी। मुझे सतीश कौशिक से अपनी पहली मुलाकात आज भी बहुत अच्छे से याद है, दिल्ली के छतरपुर के एक फार्म हाउस में फिल्म मिलेंगे मिलेंगे की शूटिंग के दौरान मैं उनसे पहली बार मिला था, मैं उनके सरल-सहज व्यवहार से बेहद प्रभावित हुआ था। मिलनसार व्यक्तित्व के धनी सतीश कौशिक से मेरी जब भी मुलाकात हुई वह हमेशा बेहद गर्मजोशी के साथ हंसते-मुस्कुराते हुए नज़र आते थे, मैं उनसे उनके जीवन संघर्ष की गाथा के बारे में विस्तार से बात अवश्य करता था, उनके जीवन की संघर्षों से लेकर के सफलता हासिल करने तक की गाथा, जीवन पथ की हर मुश्किलों पर संघर्ष के बूते विजय हासिल करने का एक नया जोश भरने का कार्य करती थी। उनकी स्पष्टवादिता व सही सलाह ने सिनेमा जगत में करियर बनाने के सपने देख रहे दिल्ली के बहुत सारे कलाकारों व नव धनाढ्य युवाओं को माया नगरी मुंबई में ठगने से बचाया था। मैं जब भी उनसे मिलता था वह अक्सर कहते थे कि भाई मेहनत व संतोष का फल हमेशा मीठा होता है, व्यक्ति को बिना हिम्मत हारे जीवन पथ पर मुश्किलों का सामना करते हुए, अपने लक्ष्य व सपनों को पूरा करने के लिए हर परिस्थिति में सकारात्मक प्रयास अवश्य करने चाहिए। सतीश कौशिक का यूं अचानक से चले जाना भारतीय सिनेमा जगत के लिए एक बहुत बड़ी अपूरणीय क्षति है।

# हत्यारोपी ने खुद को गोली मार कर समाप्त की अपनी जीवनलीला

## पुलिस ने मौके से बरामद किया तमंचा



### हत्या के मामले में जमानत पर आया था बाहर

गौरतलब करीब 5 वर्ष पहले पास में ही होटल करने वाली परमजीत कौर की हत्या मोहल्ला बहादुर नगर में निर्मल और उसके चार भाइयों ने महिला के सौतेले बेटे के साथ मिलकर कर दी थी। सुनवाई के दौरान सभी पांचों भाइयों को उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ से जमानत मिली थी।इसके बाद ट्रायल के दौरान सभी पांचों भाइयों को हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। जिसमें 4 भाई अपील पर उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ से रिहा हुए हैं। एक भाई जिला कारागार में निरुद्ध है। 8 भाइयों में निर्भल चौथे नंबर का भाई था। इससे पहले एक भाई ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

जन एक्सप्रेस। सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** कोतवाली सदर के अंतर्गत मिश्राना चौकी क्षेत्र के मोहल्ला शांतिनगर में शुक्रवार की सुबह एक हत्यारोपी युवक ने घर में ही खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना के पीछे पत्नी से विवाद बताया जा रहा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मौके से तमंचा भी बरामद किया है । मौके पर ही मौत हो गई। गोली की आवाज सुनकर घर के आसपास लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। फरधान थाना क्षेत्र के नया गांव में रहने वाला निर्मल दीक्षित (40) अपनी ससुराल शांतिनगर लखीमपुर में रहता था।

बताया जाता है कि उसका पत्नी से विवाद चल रहा है जिस कारण पत्नी पति से अलग रहती है। पत्नी ने पास में ही किराए से कमरा ले रखा है और वहीं रहती है । निर्मल अपने बड़े बेटे के साथ रहता है।बताया जाता है कि निर्मल पत्नी से विवाद के चलते परेशान रहता था और इसी परेशानी के चलते उसने शुक्रवार की सुबह अपने घर पर ही खुद को तमंचे से गोली मार ली। जिससे उसकी लोग उसके कमरे में पहुंचे तो उसका शव खून से लथपथ जमीन पर पड़ा हुआ था। पास में ही तमंचा पड़ा हुआ था। ससुरालियों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और मामले की छानबीन शुरू कर दी । बताया जाता है कि निर्मल पर अपने भाइयों के साथ मिलकर करीब पांच साल पहले शहर के महाराज नगर मोहल्ले में एक महिला की हत्या करने का आरोप है। इस मामले में वह जेल गया था और पिछले कई सालों से जेल में बंद था। अभी कुछ दिनों पहले वह हाईकोर्ट से जमानत पाकर बाहर आया था। निर्मल की आत्महत्या के पीछे उसका पत्नी से घरेलू झगड़ा बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस अभी किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंची है।

# 25 हजार का इनामिया गोकश पुलिस मुठभेड़ में हुआ गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। सीतापुर

पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में गोतस्करी की घटनाओं के त्वरित अनावरण एवं अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस को निर्देशित किया गया है। उक्त दिये गये निर्देशो के अनुपालन के क्रम में क्षेत्राधिकारी महोली अमन सिंह के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच व थाना महोली की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा आज गोतस्करी, गोकशी के अभियोगों में प्रकाश में आये वांछित 25 हजार रूपये के इनामिया बाबर पुत्र फकीरे नि. टांडा गुरसंडा थाना पिसावां सीतापुर को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी है। जिससे एक तमंचा, एक खोखा कारतूस, दो कारतूस, एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। अभियुक्त थाना महोली पर पंजीकृत गोकशी के अभियोगो में काफी समय से वांछित चल रहा था, जिसकी शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार रू. का इनाम घोषित किया गया था। अभियुक्त गोकशी जैसे अपराध कारित करने का शातिर अपराधी है। इसके विरुद्ध गोकशी जैसे अपराधो में कई अभियोग पंजीकृत हैं। मुठभेड़ व बरामदगी के संबंध में जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर प्रभावी कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी। क्राइम ब्रांच व थाना महोली की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम कुसैला के पास स्थित नहर के पास मोटरसाइकिल से जा रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा पुलिस पर फायर कर दिया, जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ व गिरफ्तारी के उद्देश्य से की गयी कार्यवाही के दौरान अभियुक्त के बायें पैर में गोली लगी। घायल अभियुक्त को गोली लगी है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### होली के पर्व पर बॉटी नमाजियों को मिठाई



जन एक्सप्रेस/पलिया कलां खीरी। होली का पर्व पूरे हिंदुस्तान में बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया होली का त्योहार अपने अपने अंदाज में लोगो ने मनाया परन्तु ग्राम सभा नगला में राजेश सुक्ला ने जो होली का पर्व मनाया है पूरे भारत मे शायद ही किसी ने मनाया हो होली के बाद पड़ने वाले जुमा यानी शुक्रवार का दिन था और नमाजी नमाज मस्जिद में पढ़ रहे थे नमाज मुकम्मल होने के बाद नमाजियों का बाहर निकलना हुआ देखा कि राजेश सुक्ला अपने बेटे के साथ मस्जिद के बाहर निकलने वाले नमाजियों को होली की मिठाई बाट रहे नगला गांव में पहली बार किसी ने नमाजियों को मिठाई बाटी है राजेश सुक्ला ने धर्म के नाम पर लड़ाने वालो को आईना दिखाया है राजेश सुक्ला ने बताया कि हम सभी धर्मों का आदर सम्मान करते हैं सभी धर्मों में मेरी आस्था है जो लोग नफरत की राजनीति करते हैं मेरा उनसे कोई रिश्ता नही है मेरे ग्राम नगला के मुस्लिम बहुत ही नेक व ईमानदार और बहुत ही मिलनसार है कुछ लोग हैं जो नगला के मुस्लिमों को नाजायज परेसान करना चाहते हैं भोले शंकर की कृपा बनी रहे वो कदापि सफल नहीं होंगे।

### कार सवार ने बैलगाड़ी को मारी टक्कर, एक घायल

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। थाना हैदराबाद क्षेत्र के अंतर्गत गोला मोहम्मदी मार्ग पर ग्राम झारा मोड पर एक बैलगाड़ी को कार चालक ने टक्कर मार दी। सड़क दुर्घटना में गाड़ी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम झारा थाना हैदराबाद निवासी महेश चंद्र 57 वर्ष पुत्र प्रभु दयाल बैलगाड़ी पर बैठकर अपने गांव झारा की तरफ जाने के लिए मोहम्मदी रोड से




मुड़ा ही था कि सामने आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बैलगाड़ी चालक उछल कर जमीन पर जा गिरा और उसके गंभीर चोटे आ गई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है पुलिस ने घायल ग्रामीण का चिकित्सकीय परीक्षण कराया है।

### छतौनियां गांव के दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे



जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम छतौनियां में शुक्रवार को दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। इस संघर्ष में लोगों को गुम चोट आई परंतु कोई गंभीर घायल नहीं हुआ। बताते हैं कि प्रधानी की रंजिश के चलते दोनों पक्षों में वर्चस्व की लड़ाई में जमकर गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और लाठी-डंडों का प्रयोग किया गया। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। पुलिस ने एक पक्ष से कन्हैया वर्मा पुत्र प्रताप सिंह सहित सात लोगों को और दूसरे पक्ष से दिनेश कुमार पुत्र भगवानदीन सहित नौ लोगों को शांति भंग की आशंका में सुसंगत धाराओं में पाबंद करके चलानी भेज दी है।

### पुलिस के सामने शिक्षिका से मारपीट

जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी। बेहजम क्षेत्र की बढ़रिया ग्राम पंचायत में प्राथमिक विद्यालय की निर्माणाधीन बाउंड्री को गांव की दबंग महिला और उसके परिवार वाले बार बार ढहा रहे हैं। जब मामले की सूचना 112 और बेहजम चौकी पुलिस को दी गई तो पुलिस के सामने ही दबंग महिला ने स्कूल की महिला शिक्षिका से मारपीट करने लगी। इस मामले को ग्राम प्रधान अमर पाल ने खंड विकासअधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह सहित इंस्पेक्टर अवधेश यादव को अवगत कराया है। दबंगों के हौसले बुलंद है सरकारी निर्माण कार्य में बाधा पैदा कर रहे हैं। मामले को संज्ञान में लेते हुए बीडीओ देवेन्द्र प्रताप सिंह ने दबंग महिला व उसके परिजनो के खिलाफ संबन्धित अधिकारी से तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिया है।

# कृषक समाज इंटर कॉलेज में होली मिलन समारोह संपन्न



जन एक्सप्रेस। आशीष कुमार तिवारी

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नगर के लखीमपुर रोड स्थित स्थानीय विद्यालय कृषक समाज इंटर कॉलेज में होली मिलन समारोह मुख्य अतिथि रवि प्रकाश वर्मा पूर्व संसद सदस्य एवं प्रबंधक की उपस्थिति में हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की महिला शिक्षकों द्वारा सभी को गुलाल लगाकर एवं पुष्पों की वर्षा करके किया गया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक देवेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर हिंदी प्रवक्ता ओम प्रकाश यादव ने सामाजिक सौहार्द और समरसता के पर्व होली की प्रासंगिकता पर विस्तार से अपनी बात रखी। अखिलेश कुमार शुक्ल ने अपने सधे स्वर में गीत की प्रस्तुति प्रदान की।

मुख्य अतिथि ने हमारे देश में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहारों के सरोकारों से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए कहा होली पर्व वर्ष भर की आपकी कलुशता को मिटाने का पर्व है।

कार्यक्रम मे गले लगकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। अंत में प्रधानाचार्य डॉ एल आर वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए होली की बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान डॉ धर्मेन्द्र सिंह, डॉ रामस्वरूप वर्मा, नारायन लाल वर्मा, विनोद चंद्र मिश्र, अनंत प्रकाश सरोज, डॉ अनिल कुमार सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित रही।

# रामायण कॉन्क्लेव को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा

## पुलिस अधीक्षक साथ की होली मेले महोत्सव की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान ने अगामी होने वाले मिश्रित होली मेले महोत्सव का निरीक्षण एवं बीफ्रिंग की। इस दौरान जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कहा कि अभी तक गत वर्षो में होली मेले का आयोजन होता रहा है। इस बार होली मेले को महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है एवं रामायण कान्क्लेव का भी आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारियों को जो भी कार्यो का दायित्व सौपा गया है उसका पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वाहन किया जाये। उन्होनें कहा कि मेले मैदान की क्षमता के अनुरूप भीड़ नियन्त्रण हेतु रणनीति बना ली जाये। प्रवेशद्वार, निकासद्वार, पार्किग आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाये। अराजक तत्वों के प्रवेश पर नियंत्रण रखा जाये। विद्युत विभाग विद्युत के संबंधित किये गये कार्यो की समीक्षा कर प्रमाण पत्र संबंधित अधिकारी को उपलब्ध करा दे। एम्बुलेन्स एवं मेडिकल टीम की उपस्थिति अनिवार्य की जाये। पण्डाल और आने जाने वाले रास्तों में प्रकाश



की उचित व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये। अग्निशामन की वाहनों की तैनाती सुनिश्चित कर ली जाये।

पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान ने कहा कि यह पहला अवसर है कि जब होली मेले को महोत्सव का रूप दिया जा रहा है अतः जिन पुलिस कर्मियों की जिस जगह ड्यटी सुनिश्चित की गयी है वह उसी जगह अपनी ड्यटी पूरी निष्ठा और लगन के साथ करेगें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। ड्यटी में लगे हुये पुलिसकर्मी अपनी ड्यटी का स्थान छोड़कर किसी और स्थान पर नहीं जायेगा इस पर विशेष ध्यान रखा जाये।

आगन्तुकों के साथ पुलिस का व्यवहार अच्छा होना चाहिए। पार्किंग व्यवस्थित क्रम में सुनिशित की जाये तथा प्रवेश और निकास अलग अलग ही होना चाहिए।

दो दिवसीय रामायण कान्क्लेव में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर जिलाधिकारी अनुज सिंह व पुलिस अधीक्षक सुशील घुले ने रामायण कान्क्लेव को लेकर सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओ को लेकर समीक्षा की जिसमें कार्यक्रम समन्वयक प्रदेश सह महामंत्री संस्कार भारती श्री गिरीश चन्द्र मिश्र ने बताया की मुख्यमंत्री जी के मनशारूप प्रदेश भर में 16 जगहो पर रामायण कान्क्लेव का आयोजन भव्यता पूर्वक किया जा रहा है जिसमें से एक 88 हजार ऋषियों की तपो भूमि मिश्रित नैमिषारण्य में रामायण कान्क्लेव का आयोजन आज से किया जा रहा है। जिसमें भगवान राम के जीवन से सम्बंधित उनके आदर्शों व कार्यों के ऊपर निबंध लेखन, रूप सज्जा, अन्ताक्षरी, मानस पाठ, आदि प्रतियोगितायें एंव विद्वान वक्ताओं के द्वारा प्रभू श्री राम के जीवन पर चर्चा आयोजित होगी। रात्रि में सास्कृतिक कार्यक्रम में कथक, भजन संध्या, आदि का आयोजन होगा।

### इन तिथियों में संपन्न होगें सांस्कृतिक एवं पारम्परिक कार्यक्रम

11 मार्च 2023 को गायन वंदना मिश्रा, कथक कुमकुम आर्दश, गायन पद्मश्री मालिनी अवस्थी द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा। 12 मार्च 2023 कथक सुरभि सिंह, गायन उर्मिला पाण्डेय एवं विभा सिंह, फूलों की होली, ब्रज के लोकगीत एवं नृत्य कार्यक्रम पंडित मुरारी लाल शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा। 13 मार्च 2023 गायन तन्मय चतुर्वेदी, मैथिली ठाकुर द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा। 14 मार्च 2023 गायन सुचिता पाण्डेय एवं भजन गायन पद्मश्री अनूप जलोटा द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा, 15 मार्च 2023 कवि सम्मेलन विभिन्न कवियों द्वारा सांय 8 बजे से प्रस्तुत किया जायेगा।

# 52वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के समापन समारोह का आयोजन सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड पलिया कला में शुक्रवार को 52वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मिल के सभी कर्मचारी, अधिकारी एवं संविदाकारों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चीनी मिल के इकाई प्रमुख ओपी चौहान ने की।

सुरक्षा सप्ताह के अंत में विभिन्न सुरक्षा संबंधी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों को बैच लगाकर बुके प्रदान की गई।

इस अवसर पर चीनी मिल श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों ने बोलते हुए कहा कि हम सभी श्रमिक को चाहिए की सबसे पहले हमें अपनी



सुरक्षा करनी होगी तथा मिल के अंदर कार्य करते समय जूते हेलमेट आदि का प्रयोग करना चाहिए जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। कर्मचारियों को चाहिए कि वह फैक्ट्री के अंदर जूते पहन कर कार्य करें तथा कार्य के समय ढीले वस्त्र जैसे धोती व मफलर आदि का प्रयोग ना करें तथा कार्य को जल्दबाजी में करके स्वयं को नुकसान ना पहुंचाएं।

इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए यूनिट हेड ओ पी चौहान ने कहा कि लोग प्रतिदिन कार्य करते समय दुर्घटना या बीमारी के शिकार हो रहे हैं हम सबका दायित्व बनता है कि अपने कार्य क्षेत्र में सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के ऊपर ध्यान दें इसके लिए सबसे आसान उपाय ट्रेनिंग व सेमिनार के द्वारा लोगों को दिया जाता है हम लोगों को मिलकर दुर्घटनाओं को सून्य करना सुरक्षा तकनीकी का ज्ञान सभी साथियों को देना नैतिक जिम्मेदारी है जिसका हमें पालन करना चाहिए यूनिट हेड ने सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को शपथ दिलाया कि कारखाने का लक्ष्य शून्य एक्सीडेंट हो।

इस अवसर पर अतुल सिंह, हरिपाल सिंह, संजीव दूवे, राजीव तोमर, संदीप कटियार, बाबू हुसैन, हरीश ज्याला, केके दीक्षित, अशोक चौधरी, मनोज मिश्रा, सतीश श्रीवास्तव, प्रभाकर गोयल,वैभव सिंह सहित तमाम अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित रहे। सभा के अंत में सुरक्षा संबंधी प्रतियोगिताओं में लेखन पोस्टर स्लोगन तथा क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विजयी प्रतिभागियों को यूनिट हेड द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# बोर्ड की परीक्षाओं में कोर्स से बाहर से पूछे गए प्रश्नों के सम्बन्ध में अपर सचिव को भेजा पत्र

जन एक्सप्रेस। महमूदाबाद (सीतापुर)

यूपी बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में सिलेबस के बाहर से आए प्रश्नों के लिए सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के चेयरमैन द्वारा शिक्षक विधायक व माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के अपर सचिव को पत्र भेजकर विद्यार्थियों की कापियों के मूल्यांकन में उदारता बरते जाने की मांग की है।

महमूदाबाद में संचालित सीता इंटर कालेज के प्रधानाचार्य आरके वाजपेयी ने बताया कि हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में कम्प्यूटर के प्रश्नपत्र में प्रश्न संख्या 12 का ख दो नंबर का, सामाजिक विज्ञान में बहुविकल्पीय प्रश्न संख्या 12वां व 15वां एक-एक नंबर के, प्रश्न संख्या चार चार नंबर का व प्रश्न संख्या 08 का वैकल्पिक प्रश्न छह नंबर का आउट ऑफ सिलेबस से पूंछा गया। इंटरमीडिएट में अंग्रेजी विषय में प्रश्न संख्या 07 का बी और 11 का बी आठ नंबर का, कृषि अभियंत्रण में प्रश्न संख्या सात दो नंबर का, जीव विज्ञान में प्रश्न संख्या चार का ग तीन नंबर का, प्रश्न संख्या 08 का वैकल्पिक प्रश्न छह नंबर का, कृषि अर्थशास्त्र में प्रश्न संख्या एक का घ पाठ्यक्रम से बाहर से पूंछे गये। इसको लेकर उन्होंने शिक्षक विधायक लखनऊ उमेश द्विवेदी और माध्यमिक शिक्षा परिषद क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज के अपर सचिव को पत्र लिखा है। उनके द्वारा लिखे गए पत्र में उक्त प्रश्नों के मूल्यांकन में उदारता बरते जाने की मांग की गयी है, जिससे परीक्षार्थियों को इसका लाभ मिल सके।

# अभिनेता राजपाल पहुंचे गोला



जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

होली के अवसर पर स्व. विधायक अरविन्द गिरि के लाल्हापुर स्थित फार्म हाउस पर फ़िल्म अभिनेता राजपाल यादव ने पहुंचकर स्व. विधायक के समाधि स्थल पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान गोला विधायक अमन अरविन्द गिरि व धर्मेंद्र गिरि (मोंटी) ने अभिनेता का स्वागत किया। इस दौरान राजपाल यादव ने पूर्व विधायक स्व. अरविन्द गिरि के अकस्मात निधन पर गहरा शोक जताया व परिवार के सभी सदस्यों से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व विकास पुरुष के नाम से विख्यात पांच बार के विधायक स्व. अरविंद गिरि के अथक प्रयासों से बनने जा रहे गोला गोकर्णनाथ छोटी काशी के शिव मंदिर सौंदर्यीकरण व कॉरिडोर के लिए प्रसन्नता व्यक्त की। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा शरद बाजपेई, धर्मेंद्र गिरि (मोंटी), शाश्वत केडिया, संदीप शुक्ला, विशाल गिरि, जवाहर वर्मा, कपिल भारती, अजीत पांडेय, मोनू गिरि, विपिन मिश्रा, अजय बाजपेई, गौरव कोहली, अशोक यादव, निखिल शुक्ला व अर्पित गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# महेवागंज पुलिस ने तमंचा सहित युवक को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** कोतवाली सदर के अंतर्गत चौकी महेवागंज की ग्राम पंचायत ओदरहना के गांव हाजीपुरवा में अवैध तमंचे से फायर करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चलें सोशल मीडिया पर एक प्रोग्राम में युवक ने अवैध तमंचे से फायर कर रहा था।

फायर करते युवक की किसी ने वीडियो बना कर इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया था उक्त वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो हुआ वीडियो देख महेवागंज पुलिस ने युवक की पहचान कर तलाश शुरू करते हुए संबंधित धाराओं में मु.अ.सं. 0217/2023 धारा 3/25 दर्ज कर जांच शुरू कर






> सोशल मीडिया पर अवैध तमंचे से फायर करने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज जेल भेज दिया गया है।
> - चेतन प्रकाश तोमर, मेहवागंज चौकी प्रभारी।

दी थी शुक्रवार को पुलिस ने युवक को पकड़ कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया है। पकड़े गये युवक की पहचान फिरोज अहमद पुत्र कमाल अहमद निवासी हाजीपुरवा कोतवाली सदर के रूप में हुई। अभियुक्त को गिरफ्तार करने में उ.नि. चेतन तोमर, हे. का. नीरज सिंह, हे. का. हिमांशु सिंह, हे. का. अरविन्द कुमार, हे. का. यतेन्द्र सिंह थाना कोतवाली सदर जिला खीरी पुलिस का योगदान रहा।

# नयी प्रजातियों का गन्ना बीज दे रही बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

इन दिनों बसन्तकालीन गन्ना बुवाई का समय चल रहा है । सभी किसान शुद्ध व निरोग खेत से स्वीकृत प्रजाति के गन्ने का बीज चयन करें । गन्ने की बुवाई करने से पूर्व अपना बीज शोधन व ट्राइकोडर्मा से भूमि उपचार अवश्य करें। यह अपील बजाज हिन्दुस्थान शुगर लि. के इकाई प्रमुख जे. एस. जादौन द्वारा मिल क्षेत्र के ग्राम अहमदनगर, मूड़ा सरकटा, चठिया ग्रामों का भ्रमण कर किसानों से सम्पर्क कर की है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि किसान को. 0238 गन्ना प्रजाति की बुवाई कदापि न करें। इसके अतिरिक्त नई गन्ना प्रजाति जैसे- को. 15023, को. लख. 14201, को. 0118, को. 98014, को.शा. 13235 आदि की



बुवाई करें। इन सभी प्रजातियों का बीज इस वर्ष गोला चीनी मिल उपलब्ध करा रही है। गन्ना बीज शोधन हेतु गन्ना के दो आंख वाले टुकड़े काटें और इन्हें थायोफिनेट मिथाइल के 01 प्रतिशत घोल का प्रति एकड़ ढाई सौ ग्राम दवा 250 लीटर पानी में 15 मिनट तक डुबोकर संशोधित करने के उपरान्त ही बुवाई करें। ट्राइकोडर्मा को 02 कुण्टल सड़ी गोबर की खाद में मिलाकर 48 से 72 घंटे तक छायादार जगह में रखकर तैयार कर लें तथा खेत में अंतिम जुताई के समय बिखेर दें। खेत की गहरी जुताई कर ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई करें। ट्रेंच विधि से गन्ना गिरता नहीं है साथ ही उपज भी अधिक प्राप्त होती है। दीमक व अंकुर भेदक से बचाव हेतु इमिडाक्लोप्रिड दवा का घोल बनाकर गन्ने की लाइनों में स्प्रे कर दें। अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुआई कदापि न करें।

# एसपी ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस | उरई**

पुलिस लाइन में शुक्रवार को होने वाली साप्ताहिक परेड की एसपी ने सलामी ली। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों के अभ्यास को देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन स्थित अन्य विभागों का भी निरीक्षण किया। एसपी इरज राजा ने शुक्रवार की सुबह पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पहुंचकर परेड की सलामी ली। वहीं पुलिस कर्मियों के साथ परेड में शामिल होकर परेड कराई।इसके बाद उन्होंने डायल 112 का निरीक्षण कर, उपकरण देखे। इसके बाद कैंटीन, मेस, आर्मरी, बैरक, परिवहन शाखा, कंट्रोल रूम आदि का निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था देखी और सफाई रखने के निर्देश दिए। पुलिसकर्मियों से उन्होंने समस्याएं भी पूंछी।

यातायात पुलिस को नियमों का पालन कराने की बात कही। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस लाइन के अन्य पटलों को भी देखा। साथ ही पुलिस कर्मचारीगण का अर्दली रूम किया गया। उन्होंने प्रतिसार निरीक्षक व सीओ लाइन को भी सुधार आदि के निर्देश दिए। परेड के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन व प्रतिसार प्रभारी समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



# जिले में खोजे गए 32 नए क्षय रोगी

**जन एक्सप्रेस | उरई/जालौन**

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन अभियान के तहत सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान (एसीएफ) में जिले में 32 नए क्षय रोगी खोजे गए। टीमों ने पूरे जिले में सक्रियता से अभियान चलाकर लक्षित जनसंख्या की स्क्रीनिंग की। टीम ने इसमें कुछ ऐसे रोगी भी खोजे है, जिन्हें पता नहीं था कि उन्हें टीबी जैसा रोग भी है। टीम की प्रेरणा से उन्होंने जांच कराई और उन्हें टीबी निकली। अब विभाग ने उनका पंजीकरण कराकर इलाज शुरू कर दिया है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ देवेंद्र कुमार भिटौरिया ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन अभियान के तहत जिले में 24 फरवरी से शुरू हुए सघन क्षय रोगी खोज अभियान में 3.50 लाख मरीजों की घर घर जाकर स्क्रीनिंग की गई।

इसमें 1748 मरीजों में टीबी के संभावित लक्षण मिलने पर उनकी एक्सरे और बलगम जांच कराई गई। इसमें 32 मरीजों में टीबी होने की पुष्टि हुई। जांच में सबसे ज्यादा मरीज उरई शहरी क्षेत्र में निकले है। यहां 19 टीबी के मरीज मिले। उन्होंने कहा कि खोजे गए मरीजों का पंजीकरण कर उनका इलाज शुरु कर दिया गया है। साथ ही निक्षय पोर्टल से भी सभी नए मरीजों को जोड़ दिया गया है। अब निक्षय पोषण योजना के तहत उपचार होने तक उन्हें पांच सौ रुपये महीना पोषण भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी मरीज का लगातार वजन कम हो रहा है, हल्का बुखार आ रहा हो या फिर भूख कम लग रही है। 15 दिन से खांसी आ रही हो तो ऐसे मरीजों को अपनी जांच जरूर करानी चाहिए। एसीएफ अभियान में लगे सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर राजीव उपाध्याय और संजय अग्रवाल बताते हैं कि उन्होंने उरई शहर में घर घर जाकर रोगियों को खोजने का काम किया। कई जगह लोगों ने खांसी, बुखार, वजन कम होने जैसे लक्षण की बात घर में किसी को न होने की बात कही तो कई लोगों ने ऐसे लक्षण होने की बात कही। इस पर उनके और उनके परिजनों के सैंपल लेकर जांच कराई गई।



**कभी जांच न कराने वाले मरीज को निकली टीबी और शुगर**

**उरई।** शहर के मोहल्ला तुलसीनगर निवासी एक मरीज को टीबी के साथ शुगर की भी बीमारी निकली है। एसीएफ अभियान में लगी टीमों ने घर घर जाकर खोज की तो एक मरीज ने बताया कि उन्हें भूख कम लगती है, कमजोरी और बेचैनी महसूस होती है। खांसी भी आती है। जब टीम ने उन्हें जांच की सलाह दी तो सैंपल देने को कहा। वह सैंपल के लिए राजी हो गए। टीम ने जांच कराई तो उन्हें टीबी के साथ शुगर भी निकली। उन्होंने बताया कि यदि टीम जांच न करती तो वह लापरवाही बरतते रहते है। उन्हें टीबी और शुगर जैसी गंभीर बीमारी होने का पता ही नहीं लगता। उन्होंने कभी अपनी जांच ही नहीं कराई थी।

## मुकदमे में गवाही देने से नाराज दबंगों ने की मारपीट

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** मुकदमे में गवाही देने से नाराज ग्रामीणों ने ग्रामीण के साथ गाली, गलौज करते हुए न सिर्फ मारपीट की बल्कि जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम व्यासपुरा निवासी महेशचंद्र ने पुलिस को बताया कि उन्होंने गांव में जमीन को लेकर हुए एक विवाद में गवाही दी थी। इससे दूसरा पक्ष उनसे रंजिश मान बैठा। होली के पर्व पर वह घर पर थे। तभी गांव के ही दूसरे पक्ष के सरनाम, धारा, आला व गोविंद वहां आ गए और गवाही देने को लेकर उनके साथ झगड़ा करने लगे। गाली देने से मना करने पर सभी ने मिलकर लाठी, डंडों से उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के बाद उक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पीड़ित का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। उक्त संदर्भ में कोतवाल कुलदीप तिवारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी।

# एसओजी व कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाई हत्या की गुत्थी

**मकान मालिक ने शराब के नशे में की थी महिला की हत्या, आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल**

**जन एक्सप्रेस | उरई**

एसओजी, सर्विलांस सेल व कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने 24 घंटे के अंदर हत्या की गुत्थी सुलझाने में सफलता हासिल की है। जिसमें मकान मालिक ही निकला महिला का हत्यारा, जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मामले का खुलासा क्षेत्राधिकारी ने कोतवाली परिसर में किया। सदर क्षेत्राधिकारी गिरजा शंकर ने खुलासा करते हुए बताया कि कानपुर देहात के अकबरपुर थाना क्षेत्र के धरऊ गांव निवासी अरमान उरई के मोहल्ला पुलिस लाइन बघौरा में वीर सिंह के मकान में अपनी 28 वर्षीय पत्नी शहनाज व बच्चों के साथ रहता था। बताया गया कि अरमान शादी समारोह में बर्तन धोने का काम करता था। जिसके चलते बुधवार को वह एक काम करने कोंच गया था। जबकि उसकी पत्नी शहनाज अपनी छोटी बेटी चाहत के साथ घर में अकेली थी। गुरुवार सुबह शहनाज संदिग्ध हालात में मृत अवस्था में अपने कमरे में मिली थी। मृतका की ननद चंदा ने बताया था, कि जब वह कमरे में गई तो शहनाज बिस्तर पर मृत अवस्था में पड़ी थी, और उसके गले में चोट के निशान थे। जिसने आरोप लगाया था कि उसकी भाभी की हत्या की गई है। मौके पर पहुंचे सीओ सिटी व एसओजी टीम को महिला की हत्या होने के कुछ पुख्ता सुराग मिले थे। वही महिला की मौत की बात से मकान मालिक वीर सिंह निवासी मोहल्ला बघौरा भी फरार था। किसी तरह शुक्रवार सुबह ही एसओजी व कोतवाली पुलिस ने फरार मकान मालिक वीर सिंह को पकड़ लिया। जिसने पूछताछ में शहनाज की हत्या करना कुबूल करते हुए बताया कि नशे की हालत में था, और महिला के घर में अकेले होने की सूचना के बाद वह बदनीयती से कमरे में घुसा था। जहां महिला के विरोध करने पर उसने गला घोटकर उसकी हत्या कर दी।



# 25 हजार का ईनामी वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | उरई**

थाना डकोर पुलिस, एसओजी व सविलांस सेल की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान 25 हजार के बांछित अभियुक्त को गिरफतार करने मे सफलता पाई है। पुलिस ने बताया अभियुक्त काफी शातिर दिमाग का है। इससे पहले भी उसके खिलाफ कई मामले दर्ज है। सीओ सिटी गिरजा शंकर ने जानकारी दी। सीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि डकोर कोतवाली पुलिस, एसओजी व सर्विलांस सेल की टीम ने शहर के कालपी बस स्टैंड पर मुखबिर की सूचना पर बीती 9 दिसंबर की शाम चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें वांछित 25 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त शौकत खान पुत्र मंमल खान निवासी सोहनपुर थाना मालाक्षेड़ा जिला अलवर राजस्थाना को गिरफतार कर लिया। जब उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि पुलिस उसे काफी दिनों से तलाश कर रही थी। जिसके चलते वह बाहर भागने के फिराक में था। इसी दौरान वह गिरफतार हो गया। पुलिस ने बताया डकोर कोतवाली में अभियुक्त के खिलाफ पहले दो मामले दर्ज है। गिरफतार करने वाली टीम में डकोर कोतवाली प्रभारी योगेंद्र कुमार मय फोर्स के मौजूद रहे। वहीं सर्विलांस व एसओजी प्रभारी योगेश पाठक व उनकी टीम शामिल रही।



# जेल में बंदियों के साथ मिलकर मनाई गई होली



**जन एक्सप्रेस | उरई**

जेल अधीक्षक ने एक अनोखा प्रयास करते हुए 29 वर्ष बाद जिला जेल में बंदियों के साथ मिलकर अबीर गुलाल उड़ाते हुए होली मनाई। इतना ही नहीं बल्कि एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर संस्कृत कार्यक्रम भी आयोजित किए।

जेल अधीक्षक नीरज देव द्वारा एक अनोखा प्रयास करते हुए जिला जेल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जेल अधीक्षक ने 29 वर्ष बाद बंदियों के साथ मिलकर जिला जेल में अबीर गुलाल उड़ाते हुए होली मनाई। इतना ही नहीं बल्कि जिला कारागार में अधिकारियों ने बंदियों को अबीर गुलाल लगाते हुए एक दूसरे को मिष्ठान भी खिलाया। वही कैदियों ने भव्य तरीके से एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली मनाई। इसके बाद जिला जेल में बुंदेलखंड के संस्कृत कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जेल अधीक्षक द्वारा की गई अनोखी पहल से जिला जेल में होली पर्व को लेकर बंदी भी खुशी से झूम उठे। इस दौरान जेल अधीक्षक के अलावा जेलर पीएस शुक्ला, डिप्टी जेलर तारकेश्वर, मिथिलेश शुक्ला, पूनम तिवारी, सहित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## तीन दिवस के अंदर ई रिक्शा चालक लें यूनिक नंबर, नहीं तो होगी कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस/उरई।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) विनय पाण्डेय ने बताया कि जनपद में संचालित ई-रिक्शा वाहन स्वामियो को सूचित किया जाता है कि बीती 28 फरवरी को सम्पन्न सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा ई-रिक्शा संचालन एशो. के अध्यक्ष रवी कुमार को निर्देशित किया गया था कि होली के त्यौहार तक ई-रिक्शा चालकों के प्रपत्रों का सत्यापन करवाकर पुलिस विभाग के द्वारा आवंटित विशेष यूनिक नम्बर ले लिया जायेगा एवं जिन ई-रिक्शा चालकों के पास अभी तक चालक लाइसेंस नही है वे लर्निंग लाइसेंस का आवेदन कर लेगे। इस कार्य हेतु 03 दिवस का समय और दिया जाता है अन्यथा की दशा में नियमानुसार मोटरवाहन अधिनियम के तहत कार्यावाही प्रारम्भ कर दी जायेगी। जिसके लिये स्वयं जिम्मेदारी ई-रिक्शा संचालको की होगी।

# खेत से हार्वेस्टर निकालने से मना करने पर पिता-पुत्र ने की गाली-गलौज

**जन एक्सप्रेस | कालपी**

**बाइक में आग लगाकर, घर के दरवाजे फायर झोंकने का भी लगाया आरोप**

आटा थाना क्षेत्र के ग्राम सुनेहटा में खेत से हार्वेस्टर निकलने से मना करने पर पिता पुत्रों समेत 4 लोगों ने गांव के ही युवक के घर जाकर गाली गलौज कर, बाइक में आग लगा दी। इतना ही नहीं बल्कि दहशत फैलाते हुए दबंगों ने घर के दरवाजे पर फायरिंग कर दी। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए घटना की बारीकी से जांच पड़ताल शुरू कर दी।

आटा थाना क्षेत्र के ग्राम सुनेहटा निवासी हरिओम ने बताया कि उसने अपने खेत से गांव के ही निवासी दीना का हार्वेस्टर नहीं निकलने दिया।

इससे नाराज दीना ने अपने पुत्र शेरू, दीपक व चचरे भतीजे के साथ मिलकर हरिओम के दरवाजे पर गाली गलौज करनी शुरू कर दी। इतना ही नहीं बल्कि बताया कि दबंगो ने गाली गलौज करते हुए बाहर खड़ी बाइक में आग लगा दी। जिससे वह दहशत में आकर घर के अंदर छिप गया। आरोप तो यह भी है कि इसी दौरान दबंगों ने एकराय होकर दहशत व्याप्त करने को लेकर घर के दरवाजे पर तमंचे से फायरिंग की। जिससे घर का दरवाजा भी फट गया। गनीमत यह रही कि उस वक्त कोई बाहर नहीं आया। पीडित ने इसकी सूचना तुंरत 112 पुलिस को दी।पुलिस के पंहुचने से पहले ही आरोपी मौके से भाग निकले। फिलहाल पुलिस जमीनी स्तर से मामले की जांच कर रही है।

## पति के खिलाफ पत्नी ने दी तहरीर

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम मदारीपुर निवासी सुमनलता पत्नी रामजी लाल ने पुलिस को बताया कि उनके पति कोई काम धंधा नहीं करते हैं। घर में पुत्री है। जिसकी शादी होना है। पति जुए व शराब की लत के चलते खेती व जेवर बेच चुके हैं। अब वह मकान भी बेचना चाहते हैं। यदि मकान बिक जाता है तो वह व बच्चे बेघर हो जाएंगे। बेटी की शादी की फिक्र भी सता रही है। उन्होंने सीओ से पति की आदतों पर अंकुश लगाए जाने और घर बेचने से रोकने की गुहार लगाई है। वहीं, सीओ ने मामले की जांच कुठौंद थानाध्यक्ष को दी है।

**विधायक ने हरी झंडी दिखाकर बस को किया रवाना**

# राजधानी एक्सप्रेस बस सेवा का संचालन शुरू

**जन एक्सप्रेस | उरई**

जिले को परिवहन निगम ने राजधानी एक्सप्रेस के नाम से नई बस सेवा दी है। होली बाद शुक्रवार को इस बस का संचालन शुरू हो गया। यह बस सेवा जालौन से लखनऊ तक जाएगी। हालांकि इसका किराया साधारण बस के मुकाबले दस प्रतिशत ज्यादा होगा। लेकिन यह करीब फीस फीसदी कम समय में गंतव्य तक पहुंचाएगी। साथ ही सफर भी आरामदायक होगा। जिले को मिली राजधानी एक्सप्रेस बस सेवा को विधिवत पूजन के साथ सदर विधायक गौरीशंकर बर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सदर विधायक ने कहा कि इस बस सेवा का लाभ जिले के लोगों को मिलेगा। लोग आरामदायक सफर के साथ जल्दी पहुंच सकेंगे। कहा कि जल्द जिले को और भी बसें मिलने की संभावना है। इसके लिए वह लगातार पहल कर रहे हैं। क्षेत्रीय प्रबंधक झांसी संतोष कुमार, एआरएम दुर्गाशंकर विश्वकर्मा ने बताया कि यह बस सेवा जालौन से शुरू होगी। इसका स्टापेज उरई. कानपुर के बाद लखनऊ होगा। इसमें ऑनलाइन बुकिंग कराकर भी सफर किया जा सकता है। इस मौके पर स्टेशन इंचार्ज संजीव निगम, प्रदीप गुप्ता, बस स्टेशन प्रभारी कैसी वर्मा, करीम उल्ला, कर्मचारी नेता रियाजुल हक, संजय सचान आदि लोग मौजूद रहे।



**अदालती सूचना**

**सम्मन वास्ते करारवाद**
**उमू तनकीह तलब**
**आर्डर-5 कायदा-1 व 5**
**न्यायालय सिविल जज (जू0डि0), नार्थ, लखनऊ**
मूलवाद संख्या : 386/2018
तारीख पेशी- 14.03.2023
**विजय प्रताप सिंह व अन्य**
**बनाम**
**नरेन्द्र प्रताप सिंह व अन्य**

1- विजय प्रताप सिंह उम्र लगभग 47 वर्ष, 2-राजेन्द्र प्रताप सिंह उम्र लगभग 42 वर्ष पुत्रगण गुरुचरन सिंह कुल निवासीगण म0सं0 - 348/32ख, भदेवा साबिक बुलाकी का अड्डा पुराना-थाना चौक वर्तमान थाना-बाजार खाला तहसील शहर लखनऊ।
.....वादीगण
बनाम
नरेन्द्र प्रताप सिंह व अन्य
.....प्रतिवादीगण
2-श्रीमती मीना उम्र लगभग 49 वर्ष पुत्री स्व0 गुरुचरन सिंह पत्नी अमर सिंह, 3-श्रीमती सुशीला सिंह उम्र लगभग 53 वर्ष विधवा स्व0 वीरेन्द्र सिंह, 4- कु. उमा उर्फ शिल्पी उम्र लगभग 32 वर्ष, 5- कु. रमा सिंह उम्र लगभग 28 वर्ष, 6- योगेन्द्र प्रताप सिंह उम्र लगभग 25 वर्ष, 7- महेन्द्र प्रताप सिंह उम्र लगभग 22 वर्ष पुत्रीगण एवं पुत्रगण वीरेन्द्र प्रताप सिंह कुल निवासी- म0सं0-348/32 ख भदेवा साबिक बुलाकी का अड्डा पुराना थाना-चौक वर्तमान थाना-बाजार खाला तहसील शहर लखनऊ, 8- श्रीमती मुन्नी देवी उम्र लगभग 57 वर्ष पुत्री स्व0 गुरु चरन सिंह पत्नी लाखन सिंह निवासी म0सं0-34 - 348/046 भदेवा साबिक बुलाकी का अड्डा पुराना थाना चौक वर्तमान थाना बाजार खाला तहसील शहर लखनऊ।

हरगाह वादी ने आपको नाम से एक नालिश बाबत **वाद की प्रकृति-वसीयतनामा अवैध निष्प्रभावी घोषित -(घोषणात्मक)** के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख **माह 14/03/2023 ई0 बवक्त 10 बजे** दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा हालात से वाकई वाकिफ कार किया गया है और कुल अहम उमूरात मुताबिक का जवाब दे सके या जिसके साथ और कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश कर जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हो बयान तहरीर **दिनांक 14.03.2023** को दाखिल करें।
आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर ना होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।
मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज बतारीख 21.12.2022 ई0 को जारी किया जाय।
**-मोहर अदालत**

## एससी-एसटी की रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कदौरा थाना पुलिस ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि कुछ अज्ञात लोगों ने एक के साथ मारपीट की और गाली गलौज की। जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त आरोपी उसे जाति सूचक गालियां देते हुए मौके से फरार गए। इसपर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है, तलाश जारी है।

## तमंचा कारतूस समेत एक को पकड़ा

**जन एक्सप्रेस/उरई।** डकोर कोतवाली के उपनिरीक्षण विनेश कुमार ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम कैटहा पिंटू पुत्र निवासी करबई थाना करबई जिला महोबा और दो अन्य लोगों को पकड़ लिया। जब पुलिस ने उनकी तलाशी ली तो उनके पास से दो तमंचा 315 बोर व चार कारतूस और तलाशी के दौरान 1620 रुपये बरामद हुए।

# विशेष जागरूकता शिविर में दी गई कानून की जानकारी

**जन एक्सप्रेस | उरई**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में तहसील सभागार में महिलाओं को लिए आयोजित महिला सप्ताह के तहत विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता करते हुए अपर प्रधान कुटुंब न्यायाधीश अमृता शुक्ला ने कहा कि वैवाहिक व दांपत्य विवादों को प्रारंभिक स्तर पर ही निपटाने के लिए आवेदन पत्रों को अंगीकृत करने का सरल तरीका जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अपनाया जा रहा है। पति-पत्नी के मध्य मामूली विवाद को थाना, कोर्ट-कचहरी तक ले जाने से बचना चाहिए। मामूली विवाद या मतभेद को परस्पर मिल बैठकर निपटा लेना चाहिए। दांपत्य प्रकृति के विवादों में हर स्तर पर पति-पत्नी के मध्य सुलह की कोशिशें की जाती है। विषम परिस्थिति में ही तलाक को मंजूरी दी जाती है। विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रेनू यादव ने कहा कि पति और पिता की पुस्तैनी संपति में उनको पूरा अधिकार प्राप्त है। बेटियों को पिता की संपति में कानूनी अधिकार प्राप्त है। राष्ट्रीय महिला आयोग की रिसोर्स पर्सन मंजूलता, श्रम प्रवर्तन अधिकारी जगदीश वर्मा, तहसीलदार कुमार भूपेंद्र, सीडीपीओ विमलेश आर्या, महिला कल्याण अधिकारी अल्कमा अख्तर ने भी योजनाओं के बारे में बताया। संचालन महेश सिंह परिहार ने किया। इस मौके पर अश्वनी मिश्रा, अनिल शर्मा, सुरेश, योगेंद्र तखेले, अनुराग स्वर्णकार, करन सिंह, देवेंद्र, रामदेव चतुर्वेदी, धर्मेंद्र, दीक्षा तिवारी आदि मौजूद रहे।




**कार्यालय प्रधानाचार्य आदर्श प्रशिक्षण एवं उत्पादन केन्द्र बक्शी का तालाब, लखनऊ**

संख्या 137 /पी-III/2022-23 दिनांक : 03.03.2023

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा इस केन्द्र के फुटवियर एवं लेदर गुड्स शाखा हेतु PFAFF-591-940/02 CLN 7902-0591-350/005 Single needle lockstitch Postbed machine Complete Set मशीन की आपूर्ति दिनांक 20.03.2023 की अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे तक समिति/परिषद् द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। क्रय परिषद का अधिकार होगा कि वह किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र एवं शर्तें रू० 200/- नकद भुगतान करके दिनांक 14.03.2023 से 19.03.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 09:00 से 04:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं निविदा डालने वाली फर्म जी0एस0टी0 एवं आयकर विभाग में पंजीकृत होना अनिवार्य है। अर्नेस्ट मनी की धनराशि कार्य के समक्ष दर्शायी गई है। विस्तृत शर्तों के लिए किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

| विवरण/स्पेशिफिकेशन | मात्रा | अर्नेस्ट मनी |
|---|---|---|
| PFAFF-591-94002 [CLN 7902-0591-350/005 Single needle lockstitch Pastbed machine Complete Set with Installation.<br>Needle system: 134 PCL<br>Needle size: Version B 90 Nm, Version C 130 Nm<br>Max. sewing speeds: 3.000 s.p.m.<br>Max. stitch length 7.0mm<br>Stitch type: 301 (Lockstitch)<br>Clearance under roller presser: max. 10.0 mm<br>Diameter of roller presser: Standard: 30mm, Optional: 25mm (only on 570/590 machines)<br>Clear workspace: 245 x 275 mm<br>Connection voltage: single-phase a.c. 230 V, 50/60 Hz | 01 अद्द | 5000.00 |

(डा० एस०एम० प्रसाद)
प्रधानाचार्य
आदर्श प्रशिक्षण एवं उत्पादन केन्द्र
बक्शी का तालाब, लखनऊ।

UPID : 187304, Dt.10.03.2023, Website: www.up.gov.in

# योगी सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट अटल आवासीय विद्यालय में जल्द शुरू होंगी कक्षाएं

## 66.43 करोड़ से बन रहा अटल आवासीय विद्यालय, 31 मार्च 2023 तक बनकर तैयार हो जाएगा अटल आवासीय विद्यालय

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

योगी सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल गरीबों को मिले अच्छी शिक्षा के तहत अटल आवासीय विद्यालय में इस सत्र से पढ़ाई शुरू हो इसके लिए योगी सरकार ने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया है। योगी सरकार की योजना है अटल आवासीय विद्यालयों में गरीब व अनाथ बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए श्रम विभाग द्वारा रुदौली के अमराई गांव में अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण कराया जा रहा है। इस विद्यालय पर करीब 66.43 करोड़ की लागत आएगी।इसका निर्माण कार्य जून 2021 में शुरू हुआ था और इसके निर्माण की कार्य अवधि जून 2022 तय की गई थी। जमीन विवाद के चलते कार्य में विलंब हुआ। अब इसका निर्माण तेजी से चल रहा है।इस विद्यालय में कक्षा-6 से 12 तक के विद्यार्थी अध्ययन करेंगे। इनका चयन काउंसिलिंग के आधार पर होगा। इस योजना का लाभ श्रमिक विभाग में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को मिलेगा।



उम्मीद है कि नए शिक्षा सत्र 2023 में विद्यालय में छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। प्रदेश के 18 मंडलों में श्रमिक विभाग में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने के लिए अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण कराया जा रहा है।इसके अंतर्गत अयोध्या के रुदौली तहसील क्षेत्र के अमराई गांव में इस विद्यालय का निर्माण हो रहा है। विद्यालय में भवन के साथ कक्षा-6 से 12 तक के छात्रों के अध्ययन के लिए क्लास, कैंटीन, मेस ब्लॉक के साथ टाइप वन स्टाफ रेजिडेंस, टाइप टू क्लर्क रेजिडेंस व टाइप थ्री टीचर व प्रधानाचार्य रेजिडेंस का निर्माण तेज गति से चल रहा है।

### अटल आवासीय विद्यालय योजना का उद्देश्य गरीब व अनाथ बच्चों को शिक्षा प्रदान

अटल आवासीय विद्यालय योजना का उद्देश्य राज्य के गरीब व अनाथ बच्चों को शिक्षा प्रदान करवाना है। योजना के अंतर्गत जिन श्रमिक परिवारों का श्रम विभाग में पंजीकरण है उन्हें योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। विद्यालयों में छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ गेम्स के क्षेत्र में भी आगे बढ़ाया जाएगा।छात्र अपनी पसंद के खेलों में भाग ले सकेंगे। इसमें छात्रों का चयन काउंसिलिंग के आधार पर किया जाएगा। यहां सीबीएसई और आईसीएसई पैटर्न के आधार पर शिक्षा प्रदान की जाएगी।इस विद्यालय के संचालन की पूरी जिम्मेदारी श्रम विभाग को सौंपी गई है। विद्यालयों में अध्यापकों, प्रधानाचार्य, अन्य स्टाफ की नियुक्तियां भी विभाग द्वारा की जाएगी।साथ उनके वेतन, बिल्डिंग की रखरखाव, छात्रों के भोजन, कपड़े, कॉपी-किताब की व्यवस्था भी उन्हीं के जिम्मे होगी।

### यह सुविधाएं होंगी मौजूद

निशुल्क शिक्षा, रहने एवं खाने की सुविधा,स्वच्छ पेयजल की सुविधा,खेलकूद एवं मनोरंजन से जुड़ी सभी प्रकार की सुविधाएं,स्कूल ड्रेस एवं बच्चों की पढ़ाई से संबंधी सभी प्रकार की सुविधाएं अटल आवासीय विद्यालय के निर्माण मे तेजी आई है, उम्मीद है कि इस वर्ष के मार्च माह तक सभी कार्य पूर्ण हो जाएगा। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी अरविंद सिंह यादव ने बताया कि अटल आवासीय स्कूल के लगभग सारे कार्य पूर्ण हो चुके हैं यह प्रोजेक्ट की लागत 66.43 करोड़ रुपए की है यह कार्य 14 जून 2021 से शुरू किया गया था और काम करने का लक्ष्य 13 सितंबर 2022 रखा गया था लेकिन कुछ कारणों से यह कार्य पूर्ण नहीं हो सका अब यह कार्य 31 मार्च 2023 तक पूर्ण कर लिया जाएगा विद्यालय का क्षेत्रफल 13.30 एकड़ जमीन में बन रहा है टोटल कार्य 96न्न पूर्ण हो चुका है ।अटल आवासीय विद्यालय में लगभग एक हजार बच्चे एक साथ पढ़ाई कर सकते हैं।

# अस्पताल में सर्दी-खांसी और उल्टी-दस्त के मरीज बढ़े, बच्चों की संख्या ज्यादा

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



मौसम में बदलाव हो रहा है, जिसका असर अब लोगों की सेहत पर भी पड़ने लगा है। सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज की ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या में भी काफी इजाफा हुआ है। वायरल फीवर, सर्दी-खांसी और उल्टी दस्त के मरीज ज्यादा पहुंच रहे है। इन मरीजों में सबसे ज्यादा संख्या बच्चों की है। नवसृजित नगर पंचायत कुमारगंज अंतर्गत पिठला स्थित सौ शैय्या अस्पताल में इन दिनों 300 से 500 लोगों की ओपीडी हो रही है, जिसमें 100 से 120 की संख्या में बच्चे आ रहे है, जिसमें सबसे ज्यादा बच्चे सर्दी-खांसी, उल्टी दस्त और पेट दर्द की शिकायत लेकर आ रहे है। बड़े लोगों में भी फीवर और सर्दी-खांसी की शिकायत ज्यादा देखी जा रही है।

नगर पंचायत कुमारगंज के प्रांजल 4 वर्ष, प्रज्ञा 7 वर्ष, व बिहारा निवासी आर्यन 6 वर्ष, दिव्यांशी 5 वर्ष, आशुतोष डेढ वर्ष को उल्टी दस्त बढ़ता देख परिजनों ने अस्पताल उपचार के लिए ले आए जहां पर डॉक्टरों ने तबीयत खराब देख भर्ती कर लिया है और उपचार चल रहा है। अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ गनेश ने बताया कि मौसम कभी ठंडा हो रहा है तो कभी एक दम से गर्म हो जाता है, जिसके प्रभाव से बच्चे बीमार हो रहे है ।बच्चों में सर्दी-खांसी, उल्टी दस्त और पेट दर्द की शिकायत ज्यादा है। उल्टी दस्त से पीड़ित जो बच्चें आते हैं उनकी हालत ज्यादा खराब देखने पर उनको भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। 2 दिन के भीतर आधा दर्जन बच्चे उल्टी दस्त से पीड़ित अस्पताल में आए हैं। डॉ गनेश ने बताया कि इस समय उल्टी दस्त बुखार से पीड़ित ज्यादा बच्चे आ रहे हैं नियमित इलाज से वे जल्दी रिकवर भी हो रहे है। इस मौसम में बच्चों का ध्यान रखने की ज्यादा जरूरत है। बच्चों को बाहर की खाद्य सामग्री के सेवन करने से रोकना जरुरी है। घर में भोजन को ढक कर रखें पानी को गर्म कर ले उसके बाद ठंड होने पर ही पिए इसके साथ साफ-सफाई पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

## बहन के घर होली मिलने जा रहे भाइयों से लुटेरों छीनी चेन

जन एक्सप्रेस/मिल्कीपुर- अयोध्या। इनायत नगर थाना क्षेत्र में लूट व चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। बहन के घर होली मिलने जा रहे बाइक सवार युवकों को रास्ते में रोककर उनके साथ छिनैती का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित युवक ने लुटेरों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। हालांकि पुलिस केस दर्ज करने की बजाय मामले को रफा-दफा करने में जुटी हुई है।बुधवार की देर शाम लगभग छह बजे इनायत नगर थाना के हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी अंतर्गत चिखड़ी गांव निवासी रंजीत अपने चचेरे भाई आशीष के साथ पल्सर बाइक से अपनी बहन के घर गंगा सराय जा रहा था। वह बसवार खुर्द व गंगा सराय के बीच स्थित ब्रह्म बाबा देवस्थान के पास पहुंचा ही था तभी विनीत पुत्र श्यामलाल दुबे निवासी बसवार खुर्द सहित सात लोग तीन बाइक पर सवार होकर आए और पीड़ित युवकों को गाली देते हुए जमकर मार-पीट की। साथ ही बाइक की चाबी छीनने का भी प्रयास किया गया। इसके बाद उक्त लोगों द्वारा सोने की चेन छीन ली गई। पीड़ित युवकों ने आरोप लगाया कि लुटेरों का रिश्तेदार इनायत नगर थाने में पुलिस की गाड़ी चलाता है। प्रभारी निरीक्षक नीरज सिंह ने बताया कि मारपीट की घटना को छिनैती बताई जा रही है।

# जिलाधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी सदर विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह, अपर जिलाधिकारी भूमि अध्यासि, अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड, अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड-4 , प्रोजेक्ट मैनेजर जलनिगम (नगर कार्य इकाई), तहसीलदार सदर सहित सम्बंधित सहायक एवं कनिष्ठ अभियंत्राओं तथा सम्बंधित विभाग के अधिकारियों के साथ श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को जोड़ने वाले प्रमुख सम्पर्क मार्गो यथा-रामपथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण सम्बंधित कार्यों के प्रगति की समीक्षा की तथा सम्बंधित अधिकारियों को



आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि अयोध्या धाम का चौमुखी विकास शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में है तथा अयोध्या धाम से जुड़ी हुई विभिन्न विकास परियोजनाओं से जुड़े हुये सम्बंधित अधिकारीगण अपने अपने कार्यों एवं दायित्वों का गम्भीरता के साथ निर्वाहन करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ व रामपथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने उक्त मार्गो के धीमी प्रगति पर सम्बंधित ठेकेदारों के विरूद्ध आरोप पत्र (चार्ज शीट) जारी करने के निर्देश दिये तथा शीघ्र ही कार्य में आपेक्षित प्रगति न लाने की दशा में सम्बंधित ठेकेदारों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराये जाने की भी चेतावनी दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग खण्ड-3 व खण्ड-4 को उक्त पथों पर कम से कम दो शिफ्टों में पर्याप्त मानव संसाधन एवं मशीनरी का प्रयोग सुनिश्चित कराते हुये आपेक्षित समयावधि में पूर्ण गुणवत्ता के साथ समस्त कार्यों को पूर्ण कराना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये तथा समस्त मार्गो को आपेक्षित समय में पूर्ण करने हेतु प्रत्येक दिन के कार्य का लक्ष्य निर्धारित कर उसे रोजाना पूर्ण कराने हेतु सम्बंधित अधिशाषी अभियन्तागण व सम्बंधित ठेकेदारों को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने रामपथ पर चैनेजवार जे0ई0 ए0ई0 की टीमें लगाने तथा सभी चैनेजों पर अधिक से अधिक मानव संसाधन लगाकर दो शिफ्टों में तीव्र गति से कार्य कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिशाषी अभियंत्राओं को अपने-अपने विभाग से सम्बंधित कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित रखने हेतु भी निर्देशित किया।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने मनाया होली मिलन समारोह

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के बैनर तले ब्लॉक सभागार बीकापुर मे 39 पत्रकारों का परिचय पत्र कार्ड वितरण का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने पहुंचे ।जहां पर उनका स्वागत तहसील अध्यक्ष अशोक वर्मा के साथ जिला अध्यक्ष देव बक्स वर्मा ने किया। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को परिचय पत्र जिला अध्यक्ष देव बक्स वर्मा ने गले में पहना कर दिया। परिचय पत्र वितरण करने के बाद सभागार में मौजूद सभी पत्रकार बंधुओं के माथे पर तिलक लगाकर एक दूसरे को होली मिलन समारोह की बधाई भी दी। पत्रकार राम अवध यादव, इसहाक अहमद, मनोज यादव राकेश यादव बलराम तिवारी समेत अन्य लोगों ने ग्रामीण स्थल पर पत्रकारिता कर रहे पत्रकार बंधुओं के लेखनी की प्रशंसा की और उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश भी डाला। ग्रामीण एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष देव बक्स वर्मा ने बताया जून माह में जिला स्तर पर सम्मेलन कराने पर विचार किया जाएगा। जिसकी औपचारिक घोषणा बाद में की जाएगी। उन्होंने कहाकि पत्रकारों का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहां डेढ़ दशक पहले तहसील स्तर से लेकर जिला मुख्यालय और पुलिस मुख्यालय पर पत्रकारों का उत्पीड़न होता था। लेकिन अब इसमें कमी आई है। उन्होंने कहां पत्रकारों का उत्पीड़न हुआ तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

## भाजपाइयों ने मनाया जिला अध्यक्ष के संग होली मिलन समारोह

जन एक्सप्रेस/गोसाईगंज। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष संजीव सिंह की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गोसाईगंज नगर पंचायत कार्यालय हाल में होली मिलन समारोह का आयोजन धूमधाम से मनाया गया। भाजपा के मंडल अध्यक्ष अशोक वर्मा चुनाव प्रभारी विनीत सिंह बिन्नू नगर संयोजक बजरंग चौरसिया गोसाईगंज नगर के भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रदीप जायसवाल व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय पराग की उपस्थिति में इस दौरान कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। समारोह के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि त्रिपुरा मेघालय नागालैंड राज्यों में चुनावी जीत से भाजपा के कार्यकर्ताओं में उत्साह है। इससे होली का रंग और भी गहरा हो गया है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ता व गोसाईगंज नगर वासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली सबके लिए खुशियां लेकर आई है।

# बौद्ध परिपथ पर दो बाइक सवारों की आपस में भिड़ंत, दो की मौत दो घायल

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

बौद्ध परिपथ चयपुरवा मजार के समीप आमने सामने दो बाइक की भिड़ंत में दो की मौत व दो घायल हुए। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर के लिए भेजा है। स्थानीय थाना क्षेत्र के बौद्ध परिपथ पर चयपुरवा मजार के समीप दो बाइक सवार आपस में आमने-सामने भिड़ गए। जिसमें दोनों चालकों की मौके पर ही मौत हो गई। अन्नू अब 26 वर्ष व रोहित 25 निवासी पहलवारा जो किसी काम से बलरामपुर से तुलसीपुर के लिए जा रहे थे। वही तुलसीपुर कि तरफ से प्रमोद कुमार पुत्र सुमिरन 30 वर्ष



निवासी ओडाझार खुर्द अपनी सास भूरा उम्र 70 वर्ष को बेला रमवापुर कोतवाली देहात छोड़ने जा रहे थे। तभी दोनों बाइक के आमने-सामने की टक्कर होने से चालक अन्नू व प्रमोद कुमार की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि रोहित व भूरा को थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

## एनटीपीसी टांडा इकाई परिसर में परेड़ एवं मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। केऔसुब के 54वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर केऔसुब इकाई एनटीपीसी टान्डा में परेड एवं मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विष्णु चरण पोलई, मुख्य महाप्रबंधक एनटीपीसी टांडा द्वारा धर्मेंद्र राजपूत, उप कमांडेन्ट केऔसुब इकाई एनटीपीसी टांडा के मौजूदगी में किया गया। इस कार्यक्रम में महाप्रबंधक एनटीपीसी टांडा अतुल गुप्ता, पी लक्ष्मी नरसिम्हा, एस एन पाणिग्रही, डॉ उदयन तिवारी, अभय कुमार मिश्रा, प्रणव वर्मा (उप महाप्रबंधक) एवं संजीव कुमार सिंह सहायक कमाण्डेंट भी मौजूद थे। इस मौके पर केऔसुब के जवानों द्वारा उच्च स्तर की परेड एवं साहस का परिचय देते हुए केऔसुब की सुरक्षा एवं अग्नि शाखा द्वारा मॉक ड्रिल किया गया।

# निशुल्क स्वास्थ्य कैंप का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

बाकरगंज बाजार स्थित सुशीला हॉस्पिटल में शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट की तरफ से निशुल्क स्वास्थ्य कैंप लगाया गया। उक्त कैंप में डॉक्टर सुनील चौहान के साथ अन्य अनुभवी व वरिष्ठ चिकित्सकों ने ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए मरीजों का निशुल्क उपचार किया। कैंप में शुगर, ब्लड प्रेशर व अन्य बीमारियों का निशुल्क जांच हुआ। कैंप में उपस्थित मरीजों ने डॉक्टर सुनील चौहान के डायग्नोसिस के साथ-साथ व्यवहार की भी सराहना की। ट्रस्ट की तरफ से मरीजों के जलपान की भी निशुल्क व्यवस्था किया गया। कैंप का संचालन ट्रस्ट के संचालक अनिल कुमार मौर्य जी के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर कैंप के समापन के बाद डॉ सुनील कुमार चौहान को ट्रस्ट की तरफ से सम्मान



पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। ट्रस्ट प्रमुख डॉ विजय शंकर मौर्य के अनुसार सुशीला हॉस्पिटल में डॉ सुनील कुमार चौहान व अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों के सहयोग से इस तरह का स्वास्थ्य कैंप समय-समय पर आयोजित होता रहेगा। इस पुनीत कार्य में हम सभी को आगे आकर ट्रस्ट का सहयोगी बनना होगा। इस अवसर पर ट्रस्ट के अन्य सदस्य सुरेश शर्मा, परशुराम, बृजेश, जय शंकर पांडेय, अरुण पाठक इत्यादि उपस्थित रहे और सहयोग प्रदान किया।

**अदालती सूचना**

**हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप**
**न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) नार्थ, लखनऊ**
प्रकीर्ण वाद सं0 : 250/2017
तारीख पेशी- 18.03.2023
**जगन्नाथ मिश्रा**
**बनाम**
**जाय0 स्व0 कैलाश नाथ मिश्रा**

जगन्नाथ मिश्रा आयु लगभग 73 वर्ष पुत्र राक बैजनाथ मिश्रा निकासी-म0 नं0 - 561/018 सिन्धु नगर, पोस्ट-मानस नगर थाना-कृष्णा नगर शहर-लखनऊ।

.....प्रार्थी

**बनाम**

1- जायदाद स्वर कैलाश नाथ मिश्रा पुत्र स्व. बैजनाथ मिश्रा निवासी - म0 नं0 - 561/218 सिन्धु नगर पोस्ट-मानस नगर थाना- कृष्णा नगर शहर-लखनऊ, 2- शाखा प्रबन्धक इण्डियन ओवरसीज बैंक शाखा मोती नगर, लखनऊ, 3- आशुतोष मिश्रा बालिग, 4- संतोष कुमार मिश्रा बालिग पुत्रगण स्व0 ओंकारनाथ मिश्रा, 5- श्रीमती चन्द्रमुखी मिश्रा पत्नी स्व. ओंकारनाथ मिश्रा समस्त निवासीगण - 149/77 हरीनगर दुगावां थाना-नाका जिला-लखनऊ।

......विपक्षीगण

**जनसाधारण**

चूंकि उपरोक्त नामांकित प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि **धारा 372 भा0 उ0 अधिनियम** अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए **18.03.2023** के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजाता हूँ और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन एक पक्षी रून सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक **06.04.2018** के दिवस को दिखाई गयी।

-मोहर अदालत

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की आयोजित हुई कार्यशाला






जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

कौवापुर बीआरसी भवन के बगल पूर्व माध्यमिक विद्यालय के सभागार में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्राथमिक स्तर के अध्यापकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की क्षमता संवर्धन एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला हमारा आंगन हमारे बच्चे के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार एवं आंगनबाड़ी बाल विकास परियोजना अधिकारी गरिमा श्रीवास्तव रहे हैं दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से शुरू किया गया कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार ने आंगनबाड़ी एवं बेसिक शिक्षा को एक करते हुए एक दूसरे का पूरक बनाया है। आंगनबाड़ी के प्री प्राइमरी बच्चे परिषदीय के प्राइमरी में दाखिला लेंगे। इसके लिए बच्चों के अभिभावकों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही साथ कार्यक्रम के माध्यम से आंगनबाड़ी के बच्चों को प्राइमरी स्कूलों में दाखिला शत- प्रतिशत भी हो इसका भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी बाल विकास परियोजना अधिकारी गरिमा श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्रों पर पंजीकृत बच्चे प्रत्येक दशा में परिषदीय के कक्षा 1 में दाखिला ले कार्यक्रम के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बिंदुओं ने साझा किया है।कार्यक्रम का संचालन कुसुम कुमारी ने किया। इस अवसर पर फारुक सिकंदर-ए-आजम अवधेश कुमार के के ओझा पंकज जयसवाल वंश बहादुर यादव महमूद शौकत हरिश्चंद्र आदि मौजूद रहे।

**उत्तर रेलवे**

**लखनऊ मंडल में अनुबंध के आधार पर मेडिकल प्रैक्टिसनर की नियुक्ति हेतु सीधे साक्षात्कार (वाक इन इंटरव्यू)**

अनुबंध के आधार पर लखनऊ मंडल उत्तर रेलवे में कार्य करने हेतु **02 पदों** मेडिकल प्रैक्टिसनरों (GDMO) पुरूष/महिला की रिक्तियों को भरने के लिए साक्षात्कार आयोजित किया जायेगा। अनुबंध की अवधि एक वर्ष की होगी। योग्य उम्मीदवारों को नीचे दिये गये तिथि एवं समय एवं स्थान पर साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाता है।

| साक्षात्कार का स्थान | तिथि | समय |
|---|---|---|
| मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, कार्यालय, उ0रे0/चारबाग, लखनऊ। | 05.04.2023 | 11:00 बजे |

1. **पारिश्रमिक** - CMP हेतु पारिश्रमिक भत्ते (मकान किराया भत्ता एवं परिवहन भत्ते सहित) निम्न हैं –

| पारिश्रमिक – CMP हेतु पारिश्रमिक भत्ते (मकान किराया भत्ता एवं परिवहन भत्ते सहित) निम्न है - | सीएमपी की श्रेणी | मासिक पारिश्रमिक रूपये में |
|---|---|---|
| | GDMO | 75,000/- |

2. **शैक्षिक योग्यता-** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से MBBS बैचलर डिग्री और एक वर्ष की इंटरशिप अवश्य पूरी की होनी चाहिए और किसी भी भारतीय राज्य चिकित्सा परिषद का वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र होना चाहिए।
3. मंडल चिकित्सालय, चारबाग, उ0रे0, लखनऊ एवं लखनऊ मंडल, उ0रे0 के अधीन स्वास्थ्य इकाई हेतु CMP/GDMO को नियुक्त किया जा सकता है।
4. **पदों की संख्या /–02**

| स्टेशन/स्वास्थ्य ईकाई | UR |
|---|---|
| मण्डल चिकित्सालय, चारबाग, लखनऊ एवं लखनऊ मंडल, उ0रे0 की स्वास्थ्य इकाइयों हेतु | 02 |

5. **लखनऊ मण्डल उत्तर रेलवे चयनित उम्मीदवारों को प्राइवेट प्रैक्टिस करने की अनुमति नियमानुसार नहीं होगी।**
6. उम्मीदवारों को पूर्व में CMP पद पर की गयी रेल सेवाओं का विवरण स्पष्ट रूप से अंकित करना आवश्यक है। विवरण गलत पाये जाने पर चयन निरस्त किया जा सकता है।
7. **आयु –**

क.– दि० 01.03.2023 को 53 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।
ख. सेवानिवृत्त आई0आर0एम0एस0 अधिकारी/राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सेवानिवृत्त सरकारी चिकित्सा अधिकारियों के लिए आयु **दि०**– 01.03.2023 को 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए जो न्यूनतम एक वर्ष एवं अधिकतम पाँच वर्ष के लिए होगा।

इस अधिसूचना को उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** में अपलोड कर दिया गया है, विस्तृत विवरण, नियम शर्तें, फॉर्म इत्यादि उपरोक्त वेबसाइट के अन्तर्गत लखनऊ मंडल उ० रे० के कार्मिक शाखा (Personnel Dept.) पर उपलब्ध है।

**756/2023**

आज़ादी का अमृत महोत्सव
G20 भारत 2023 INDIA

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# मुख्यमंत्री योगी ने मां विंध्यवासिनी का किया पूजन, इलेक्ट्रॉनिक कार को दिखाई हरी झंडी

✻ मुख्यमंत्री ने कारिडोर का निरीक्षण कर की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस | मीरजापुर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार की शाम लगभग चार बजे मां विन्ध्यवासिनी धाम पहुंचे। मंदिर पहुंचकर उन्होंने मां विंध्यवासिनी का चरणपूजन किया। गर्भगृह में उपस्थित मंदिर के पुजारियों ने पूजन संपन्न कराया। मुख्यमंत्री ने दर्शनोपरांत मंदिर के पूरब तरफ परिक्रमा पथ पर इलेक्ट्रिक कार को हरी झंडी दिखाई। यह छह सीटर कार वृद्ध एवं दिव्यांग दर्शनार्थियों को वाहन स्टैंड से मंदिर तक पहुंचाने व वापस पहुंचाने का कार्य करेगी। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने उन्हें कोरिडोर की डिजाइन आदि की जानकारी उपलब्ध कराई। इसके बाद मुख्यमंत्री ने एडीजी जोन रामकुमार, मंडलायुक्त मुथुकुमार स्वामी बी, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान विधायक महेन्द्र कुमार सिंह, मंत्री आशीष पटेल, एमएलसी श्यामनारायण सिंह, मड़िहान विधायक रमाशंकर पटेल, नगर विधायक रत्नाकर मिश्र आदि मौजूद रहे। दर्शन पूजन का कार्य धीरज मिश्र ने कराया।

**मई तक पूर्ण करें परिक्रमा पथ का कार्य**

नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने बताया कि समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि नवरात्र में दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था के उत्तम प्रबंध होने चाहिए। पुलिस श्रद्धालुओं से सरल व्यवहार करे। मई तक परिक्रमा पथ का कार्य पूर्ण करें।

## मेरठ में दो रेस्टोरेंट में भीषण आग से लाखों का नुकसान

जन एक्सप्रेस | मेरठ

मेरठ में मवाना में गुरुवार की देर रात दो चिकन रेस्टोरेंट में भीषण आग लग गई। आग से रेस्टोरेंट का लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। मवाना नगर के मोहल्ला कल्याण सिंह में अटोरा रोड पर सलीम की आसिफ चिकन प्वाइंट और कल्लू का कल्लू चिकन प्वाइंट नाम से रेस्टोरेंट है। गुरुवार की आधी रात को दोनों चिकन रेस्टोरेंट में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया। सूचना पर पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची। फायर ब्रिगेड ने कई घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक दोनों रेस्टोरेंट में आग से फर्नीचर समेत लगभग आठ लाख रुपये का सामान जल गया। आग लगने की सूचना पर दोनों रेस्टोरेंट संचालक मौके पर पहुंच गए। बताया जाता है कि शॉर्ट सर्किट से पहले आसिफ चिकन रेस्टोरेंट में आग लगी। इसके बाद आग ने कल्लू चिकन रेस्टोरेंट को भी अपनी चपेट में ले लिया। मवाना इंस्पेक्टर अजय कुमार और चौकी प्रभारी अवधेश भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

# कहां हैं अतीक के दोनों नाबालिग पुत्र, सुनवाई सोमवार को

जन एक्सप्रेस | प्रयागराज

उमेश पाल हत्याकांड में नामजद पूर्व सांसद माफिया अतीक अहमद के दोनों नाबालिग पुत्र किस बाल संरक्षण गृह में हैं, इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। पत्नी शाइस्ता परवीन की ओर से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में दाखिल अर्जी पर बाल संरक्षण अधिकारी की रिपोर्ट न आने के कारण यह सुनवाई नहीं हो सकी। अब 13 मार्च यानी सोमवार को सुनवाई होगी।

बता दें कि कोर्ट ने थाना प्रभारी धूमनगंज और बाल संरक्षण अधिकारी से 10 मार्च को रिपोर्ट तलब किया था। थाना प्रभारी की ओर से कोर्ट में रिपोर्ट पेश की गई, जबकि बाल संरक्षण अधिकारी की ओर से रिपोर्ट पेश नहीं की गई। इस पर कोर्ट ने बाल संरक्षण अधिकारी को 13 मार्च तक रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया। सीजेएम की कोर्ट खाली रहने पर मामले की सुनवाई एसीजेएम द्वितीय कोर्ट में हुई।

मामले के अनुसार शाइस्ता के अधिवक्ता मनीष खन्ना और विजय मिश्रा ने सीजेएम कोर्ट में अर्जी पेश कर आरोप लगाया है कि पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक शाइस्ता के दो नाबालिग बेटों को बाल संरक्षण गृह में दाखिल कराया गया है। परिजनों ने वहां जाकर पूछा तो न उनका दाखिला मिला और न ही किसी ने मिलने दिया गया। पुलिस की ओर से किस जिले के बाल संरक्षण गृह में दाखिला कराया गया है, यह भी स्पष्ट नहीं किया गया है।

**अतीक को प्रयागराज लाने की तैयारी शुरू**



**प्रयागराज।** साबरमती जेल में निरुद्ध माफिया अतीक अहमद को उमेश पाल हत्याकांड की साजिश रचने के आरोप में रिमांड पर प्रयागराज लाने की तैयारी अब शुरू हो गई है। पुलिस के एक आला अधिकारी ने बताया है कि अदालत में रिमांड अर्जी लगाने के लिए दस्तावेज तैयार कराए जा रहे हैं। सबकुछ उम्मीद के मुताबिक रहा तो अगले हफ्ते तक उसे गुजरात से यहां लाया जा सकता है। वहीं अतीक को डर सता रहा है कि साबरमती जेल से यूपी स्थानांतरित करने के दौरान दुर्दांत विकास दुबे की तर्ज पर कहीं गाड़ी पलटाकर उसे भी न मार दिया जाए। माफिया खुद इसका अंदेशा जता चुका है। जेल स्थानांतरण के खिलाफ उसने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी भी दाखिल कर रखी है। उसकी गुहार है कि उसकी पेशी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये कर ली जाए। इस प्रकरण की सुनवाई अभी बाकी है। बीवी शाइस्ता और छोटी बहन आयशा नूरी भी इसी तरह की आशंका जताते हुए मुख्यमंत्री योगी से सुरक्षा की गुहार लगा चुकी हैं।

# आयुर्वेद महाकुंभ में आएंगे उपराष्ट्रपति राज्यपाल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

जन एक्सप्रेस | मेरठ




मेरठ में 11 से 13 मार्च तक आयुर्वेद महाकुंभ का आयोजन जा रहा है। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित महाकुंभ में देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाग लेंगे।

इस महाकुंभ में तीन दिन तक लोगों का निःशुल्क उपचार किया जाएगा। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाषचन्द्र बोस प्रेक्षागृह में तीन दिन होने वाले आयुर्वेद महाकुंभ में विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। इस महाकुंभ में प्रसिद्ध कंपनियों के अलावा प्रदेश भर से औषधि निर्माताभाग लेंगे। विभिन्न स्टाल लगाने के साथ ही ज्ञानवर्धक गोष्ठियों का आयोजन होगा। राज्यसभा सदस्य डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेयी और डॉ. ब्रजभूषण शर्मा इस महाकुंभ का आयोजन कर रहे हैं। 11 मार्च को देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस महाकुंभ का शुभारंभ करेंगे। पुलिस प्रशिक्षण स्कूल शास्त्रीनगर में भी आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भाग लेंगे।

इस महाकुंभ के आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई है। महाकुंभ में रोगियों का निःशुल्क परीक्षण और दवाई वितरण भी होगा। 12 मार्च को प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु भाग लेंगे तो 13 मार्च को समापन समारोह में केन्द्रीय आयुष मंत्री सर्वानन्द सोनोवाल पहुंचेंगे। महासम्मेलन के दौरान तीन दिन ओपीडी चलेंगी। सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक वैद्य निशुल्क परामर्श और दवाइयां देंगे। इस दौरान आयुष मंत्रालय की तरफ से औषधीय पौधों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। वीवीआईपी के आगमन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने पुख्ता तैयारी कर ली है।

दूसरे जिलों से भी पुलिस कर्मियों को मेरठ ड्यूटी पर बुलाया गया है। नोडल अधिकारी एसपी यातायात जेके श्रीवास्तव ने बताया कि तीनों अतिथियों की सुरक्षा में चार आईपीएस अधिकारी, आठ एडिशनल एसपी, 25 डिप्टी एसपी, 55 इंस्पेक्टर, 1508 दरोगा/एचसीपी, 200 यातायातकर्मी, एक हजार सिपाही, आठ कंपनी पीएसी/ आरएएफ के साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ी, डॉक्ट स्क्वायड, बम निरोधक दस्ता तैनात रहेगा। तेजगढ़ी चौराहे से एल ब्लॉक शास्त्रीनगर तक दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक यातायात बंद रहेगा।

## मुख्यमंत्री योगी के गोद लेने के बाद सीएचसी हाथी बाजार का हुआ कायाकल्प

जन एक्सप्रेस | वाराणसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गोद ली गई सीएचसी हाथी बाजार (एफ़आरयू) का कायाकल्प हो गया है। सीएचसी में चिकित्सीय व स्वास्थ्य सुविधाओं को लगातार बढ़ाया जा रहा है। पिछले साल जुलाई माह में सामान्य सर्जरी की सुविधा यहां शुरू की गई थी। अब सिजेरियन प्रसव, हाइड्रोसील, हार्निया, पाइल्स, स्तन में गांठ, पेट में गांठ, पथरी, गिल्टी, लाइपोमा, पित्त की थैली में पथरी सहित अन्य इलाज की सुविधा मौजूद है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि यहां प्रत्येक सप्ताह सोमवार, बुधवार, गुरुवार और शनिवार को जनरल सर्जरी की जाती है। उन्होंने बताया कि नोडल अधिकारी सेवापुरी डॉ. यतीश भुवन पाठक, मंडलीय सलाहकार डॉ. आरपी सोलंकी, सीएचसी अधीक्षक डॉ हंसराज, कायाकल्प के नोडल अधिकारी डॉ. जीतेश नारायण राय (डेंटल सर्जन) व सभी स्टाफ के अथक प्रयास की वजह से सीएचसी हाथी को पिछले साल कायाकल्प अवार्ड मिला था। इस साल भी अवार्ड के लिए सभी लोग प्रयासरत हैं।

## ठठेरी बाजार की होली : रंग गुलाल की मस्ती, जाति-मजहब छूटा पीछे

जन एक्सप्रेस | प्रयागराज



ठठेरी बाजार में आज तीसरे दिन जमकर रंग गुलाल उड़े। होली की रंग बिरंगी मस्ती ने जाति-वर्ग, पंथ-मजहब को पीछे छोड़ दिया। शुक्रवार को जमकर होली खेली गई। बता दें कि ठठेरी बाजार की होली और बारात दूर दराज तक अपनी पहचान रखती है। खासियत यह है कि रंग तो खेला ही जाता है, यहां एक अनोखी बारात भी निकाली जाती है। परंपरा के मुताबिक, दूल्हे को सजाकर उसे जूते और चप्पल की माला पहनाने के बाद कूड़े वाले गाड़ी में बैठाकर शहर में घुमाया गया। होली बारात पिछले कई दशक से पारंपरिक तरीके से निकाली जाती है। आज भी होली बारात निकाली गई। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। शुक्रवार की नमाज जामा मस्जिद में होनी थी। सिटी मजिस्ट्रेट सत्य प्रिय सिंह, एसटीपी सत्येंद्र कुमार तिवारी, कोतवाली इंचार्ज अमरिंदर सिंह, शाहगंज थाना इंचार्ज अश्वनी कुमार, बृजेश यादव, रवि शंकर, संजीव कुमार, आशीष बौद्ध, समाजसेवी पंडित दिगंबर त्रिपाठी, मोहम्मद आमिर, अनिल गुप्ता, मजार भाई, मोहम्मद अनीस, पार्षद चांद मियां, सुशांत केसरवानी, मुसाब खान इरशाद उल्लाह वजीर खान आदि ने ठठेरी बाजार होली को सकुशल संपन्न कराने में अपना सहयोग दिया।

## पेज एक का शेष

### यूपी कैबिनेट में 21 प्रस्ताव पास...

वहीं इन मामलों में सबसे खराब प्रदर्शन बिहार का रहा है, जिसका रेष्यो 18.7 प्रतिषत है। इसके बाद मणिपुर का 23.7 प्रतिशत और असम का 35.4 प्रति. है। **प्रदेश में सबसे अच्छ भदोही का रहा प्रदर्शन**: सरकारी प्रवक्ता के अनुसार उत्तर प्रदेश के जिलों की बात करें तो भदोही में 7 नवंबर से 27 फरवरी के बीच महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित कुल 221 मामले दर्ज किए गए, जिसे बिना देर किए हुए सभी मामलों में फाइनल रिपोर्ट समिट कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। दूसरे पायदान पर श्रावस्ती है जहां 358 मामले दर्ज किए गए, जिसमें से 356 मामलों में फाइनल रिपोर्ट समिट की गई। इसका रेश्यो 99.44 प्रतिशत रहा। वहीं तीसरे पायदान पर झांसी रहा, जहां 668 मामले दर्ज किए गए, जिसमें से 663 मामलों में फाइनल रिपोर्ट समिट की गई। इसका रेश्यो 99.25 प्रतिशत रहा।

**महिला संबंधी अपराधों की जांच प्रक्रिया में और तेजी लाने के निर्देश**: आईपीसी की धारा-376 तथा पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज एफआईआर की दो माह के भीतर जांच प्रक्रिया पूरी करने में 71.8 प्रतिशत के साथ उत्तर प्रदेश ने पांचवा स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार दो माह से अधिक जांच लम्बित होने के मामलों में 0.5 प्रतिशत के साथ उत्तर प्रदेश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में मौजूद गृह विभाग के अधिकारियों को जांच प्रक्रिया में तेजी लाने तथा लंबित जांच को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जब अगली बैठक हो तो इन दोनों बिंदुओं पर भी उत्तर प्रदेश देश में पहले पायदान पर हो। इससे देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी प्रदेश की एक अलग छवि बनेगी। अच्छी छवि का सीधा प्रभाव निवेश पर पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे हम प्रदेश को वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने के सपने को जल्द से जल्द पूरा कर सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि इन मामलों में जिन जिलों का प्रदर्शन अच्छा नहीं है इन पर खासा फोकस किया जाए। इससे जहां प्रदेश में महिला संबंधी अपराध में कमी आएगी वहीं दूसरी ओर लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर पॉक्सो एक्ट से संबंधित मामलों की हर महीने समीक्षा भी की जाये।

### एच3एन2 : देश में पहली बार...

**कहां से आया एच3एन2 वायरस?**: देश में फ्लू के मामले पिछले कुछ महीनों में बढ़े हैं। ज्यादातर संक्रमण की वजह एच3एन2 वायरस है, जिसे हॉन्ग कॉन्ग फ्लू भी कहा जाता है। देश में दूसरे इन्फ्लूएंजा सब-टाइप की तुलना में इस वायरस से अस्पताल में भर्ती करने की ज्यादा नौबत आती है। अब तक देश में एच3एन2 और एच1एन1 इन्फेक्शन का पता चला है। फिलहाल घबराने की बात नहीं है, बस सतर्कता बरतनी जरूरी है।

**बचने के लिए क्या करें?**: इसे आप कोविड की तरह ही समझिए क्योंकि गाइडलाइंस काफी कुछ मिलती है। इसमें भी डॉक्टर कह रहे हैं कि लगातार हाथ धोते रहिए और मास्क पहनें। आईसीएमआर ने खांसते या छींकते समय मुंह को कवर करने की अपील की है। इसमें भी बूंदों से संक्रमण फैल सकता है। बीमार लोग खुद मास्क पहनें। नाक और आंख को बार-बार छूने से बचें। बेवजह पैरासिटामॉल न खाएं। कोविड की तरह इस वायरस के संक्रमण से भी बुजुर्गों और बच्चों को जोखिम ज्यादा है। गंभीर बीमारियों के चलते जिनकी इम्युनिटी कमजोर है, उन्हें यह संक्रमण आसानी से चपेट में ले सकता है।

**राजस्थान में बढ़े केस, 12-15 दिन तक नहीं जा रही खांसी, फेफड़ों में भी फैल रहा इंफेक्शन**: राजस्थान में एच3एन2 के कई केस सामने आ रहे हैं। इसकी चपेट में सबसे ज्यादा बच्चे हैं। इन्हें ठीक होने में 10 से 12 दिन का समय लग रहा है। बच्चों को आईसीयू तक में भर्ती करना पड़ रहा है। एसएमएस मेडिकल कॉलेज,जयपुर में जनरल मेडिसिन डिपार्टमेंट के सीनियर प्रोफेसर डॉ. पुनीत सक्सेना ने बताया कि यहां ओपीडी में हर तीसरा-चौथा मरीज तेज खांसी-बुखार की शिकायत लेकर आ रहा है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर मामले एच3एन2 के अलावा इससे मिलने अपर रेस्पिरेटरी इंफेक्शन, एडिनोवायरस, पैरा इन्फ्लूएंजा वायरस के हैं।

### महिला आरक्षण बिल के समर्थन में भूख...

प्रदर्शन में माकपा महासचिव सीताराम येचुरी भी शामिल हुए। प्रदर्शन में शामिल हुए अन्य नेताओं में समाजवादी पार्टी की नेता सीमा शुक्ला, तेलंगाना की शिक्षा मंत्री सविता इंद्रा रेड्डी और राज्य की महिला एवं बाल कल्याण मंत्री सत्यवती राठौर शामिल रहीं। आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह के अतिरिक्त नरेश गुजराल (अकाली दल), अंजुम जावेद मिर्जा (पीडीपी), शमी फिरदौस (एनसी), सुष्मिता देव (टीएमसी), केसी त्यागी (जेडीयू), सीमा मलिक (एनसीपी), नारायण के (सीपीआई), श्याम रजक (आरएलडी), प्रियंका चतुर्वेदी (शिवसेना) ने प्रदर्शन में शामिल होने की सहमति जताई है। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय शनिवार को के. कविता से शराब घोटाले से जुड़े मामले में पूछताछ करने वाली है। महिला आरक्षण बिल संविधान के 85वें संशोधन का विधेयक है। इसके अंतर्गत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटों के आरक्षण का प्रावधान रखा गया है।

### अरविंद केजरीवाल झूठ के चैंपियन...

उन्होंने सीधे केन्द्र सरकार को निशाने पर लेकर कहा था कि मनीष सिसोदिया के हत्या की साजिश सरकार रच रही है। संजय सिंह के बयान ने सियासी रूप लिया तो भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने पलटवार कर बड़ा आरोप अरविंद केजरीवाल पर लगाया। तिवारी ने कहा मनीष सिसोदिया ऐसे मंत्री हैं जो अरविंद केजरीवाल के कई राज जानते हैं। अरविंद केजरीवाल मनीष सिसोदिया को रहस्यों का खुलासा करने से रोकने के लिए उन्हें मारने की साजिश रच रहे हैं।

### एजेंडा चला रहे विदेशी मीडिया संस्थानों से हमें...

यही लोग लंबे समय से व्यवस्थित रूप से हमारे लोकतंत्र और बहुसंख्यक समाज के बारे में झूठ फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। भारत में प्रेस की स्वतंत्रता अन्य मौलिक अधिकारों की तरह ही पवित्र है। ठाकुर ने कहा कि भारत में पत्रकारिता की स्वतंत्रता मूलभूत अधिकारों की तरह है, जिसका संरक्षण किया जाता है। न्यूयार्क टाइम्स बहुत पहले ही भारत के बारे में रिपोर्टिंग से जुड़े तटस्थता के मानदंड त्याग चुका है। प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय लोकतंत्र के खिलाफ यह गलत मंशा से चलाया जा रहा एजेंडा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मेरठ की महापंचायत में गरजे भाकियू नेता राकेश टिकैत

जन एक्सप्रेस | मेरठ



किसानों की मांगों को लेकर शुक्रवार को मेरठ में कमिश्नरी चौराहे पर भारतीय किसान यूनियन ने महापंचायत का आयोजन किया। महापंचायत में भाकियू अध्यक्ष नरेश टिकैत के परिवार को बम से उड़ाने की धमकी का मामला भी उठा। इस दौरान नलकूपों पर मीटर लगाने, बकाया गन्ना भुगतान ना होने आदि समस्याओं का उठाया गया। मेरठ में कमिश्नरी चौराहे पर शुक्रवार को भाकियू की महापंचायत में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे। महापंचायत में भाकियू नेता राकेश टिकैत को जेवर क्षेत्र के रन्हेरा गांव के लोगों ने 71 मीटर की पगड़ी बांधी। राकेश टिकैत ने चौधरी चरण सिंह और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। महापंचायत में टिकैत परिवार को बम से उड़ाने की धमकी को लेकर किसान नेताओं ने जिला प्रशासन और सरकार को चेतावनी दी। किसानों ने कहा कि इस परिवार को खरोंच आई तो देश में कोहराम मच जाएगा। इस मामले की जांच कराकर आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और टिकैत परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए। महापंचायत में किसानों से 20 मार्च को दिल्ली में होने वाली महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया। भाकियू नेता राकेश टिकैत ने कहा कि खेतों में आवारा पशुओं द्वारा फसलें उजाड़ने का मामला बड़ा मुद्दा है। कई जिलों में आवारा पशु लोगों की जान ले रहे हैं। 10 साल पुराने ट्रैक्टरों पर प्रतिबंध लगाना किसानों का उत्पीड़न है। 10 साल पुराने ट्रैक्टर किसानों के टैंक बनेंगे। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी पर उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि किसानों के नलकूपों पर मीटर नहीं लगने दिए जाएंगे। अपना अस्तित्व बचाने के लिए किसानों को आंदोलन करने होंगे।

किसानों को गन्ने का बकाया भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने मेरठ प्रशासन को सुझाव देते हुए कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर की तरह मेरठ में भी धरना स्थल की जगह सुनिश्चित करें। ताकि आंदोलनकारी अपने वाहनों से वहां पहुंच सकें। वहां पर पेयजल, शौचालय आदि सुविधाएं होनी चाहिए। हम कमिश्नरी पर आएंगे तो रास्ते जाम होने से लोगों को परेशानी होगी। टिकैत परिवार को बम से उड़ाने की धमकी देने पर उन्होंने कहा कि संदिग्ध लोग लगातार उनका पीछा कर रहे हैं। एयरपोर्ट और फ्लाइट में भी पीछा कियाग या। बाहरी राज्यों की पंचायतों में शामिल नहीं होने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। कई बार पुलिस को इस संबंध में जानकारी दी गई। भाकियू युवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत ने कहा कि 14 दिन में गन्ना भुगतान की बात कही गई, लेकिन किसानों को सिर्फ धोखा दिया गया। केंद्र और प्रदेश की सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने की बात भी हवाई साबित हुई है। किसानों के मामले में सरकार हर मोर्चे पर फेल है। सरकार नलकूपों पर मीटर लगाकर किसानों का शोषण कर रही है। आवारा पशुओं को लेकर सरकार ने कोई इंतजाम नहीं किए, आवारा पशु किसानों की फसलें बर्बाद कर रहे हैं। इससे पहले भाकियू कार्यकर्ता रणसिंघे लेकर महापंचायत में पहुंचे। कुछ कार्यकर्ता बुलडोजर पर सवार होकर महापंचायत में पहुंचे। त्यागी समाज के अध्यक्ष और किसान नेता मांगेराम त्यागी ने कहा कि इसी कमिश्नरी चौराहे पर तीन महीने में मुझ पर 14 मुकदमे लगाए गए थे, जिस वजह से इन्हें खतौली चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। इस सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। महापंचायत की अध्यक्षता ठाकुर जगत सिंह ने तथा संचालन गजेंद्र दबथुवा व अनुराग चौधरी ने किया। धरना-प्रदर्शन के बाद भाकियू नेताओं की एडीएम सिटी दिवाकर सिंह और एसपी सिटी पीयूष सिंह से वार्ता हुई। इसके बाद अपर आयुक्त को ज्ञापन देकर महापंचायत का समापन किया गया।

# सदाकत से अतीक का आमना-सामना कराएगी पुलिस

जन एक्सप्रेस | प्रयागराज

✻ उमेश पाल हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस, जांच में आई तेजी

अतीक को उमेश पाल और उसकी सुरक्षा में लगे दो पुलिसकर्मियों की हत्या के मामले में मुख्य साजिशकर्ता के तौर पर नामजद किया गया है। तहकीकात के लिए पुलिस का उसे रिमांड पर लेना लगभग सुनिश्चित हो गया है। सूत्रों का मानना है कि इस दौरान उसे मुस्लिम बोर्डिंग हॉस्टल भी ले जाया जा सकता है। गौरतलब है कि इसी हॉस्टल के कमरा नंबर 36 में अवैध रूप से रहने वाले अतीक के गुर्गे सदाकत अली ने उमेश पाल की हत्या की साजिश रची थी। सदाकत की गिरफ्तारी के बाद हुई पूछताछ में पुलिस को कई ऐसे सुबूत हाथ लगे हैं, जिनके लिए सदाकत से उसका आमना-सामना भी कराया जा सकता है। जानकारों का कहना है कि अतीक को घटनास्थल पर भी ले जाया जा सकता है। पूरे प्रदेश को दहला देने वाले इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस जल्द ही साबरमती जेल प्रशासन के समक्ष बी-वारंट (प्रोडक्शन वारंट) के लिए आवेदन किया जाएगा। उमेश पाल हत्याकांड में अतीक अहमद का पूरा परिवार नामजद है। उसकी बीवी शाइस्ता परवीन फरार है। दो बेटे उमर और अली पहले से जेल में बंद हैं। दो नाबालिग बेटों को शाइस्ता की फरारी के कुछ दिन बाद लावारिस हाल में पाए जाने पर पुलिस ने बाल सुधार गृह में दाखिल करवा दिया है। अतीक के शूटर बेटे असद अहमद की तलाश में एसटीएफ नेपाल से लेकर मध्य प्रदेश, बिहार-झारखंड तक छापेमारी कर रही है। 22 अप्रैल 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि अतीक अहमद को देवरिया जेल से गुजरात में उच्च सुरक्षा वाली जेल में शिफ्ट किया जाए। लखनऊ के रियल एस्टेट व्यवसायी मोहित जायसवाल का अपहरण करके देवरिया जेल में अतीक के समक्ष लाने और वहां मारे पीटे जाने के आरोपों के बाद कोर्ट ने यह आदेश दिया था। इसके बाद ही जून 2019 में माफिया को साबरमती जेल शिफ्ट किया गया था।

## होलिकोत्सव में फगुआ चौताल की गूंज सखियन संग श्याम, खेलैं बिरज मां होरी



जन एक्सप्रेस | करछना

रंग पर्व होली के अवसर पर करछना क्षेत्र के कई गांवों में फगुआ, चौताल की गूंज रही। जगह जगह होलिकोत्सव और होली मिलन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महेवा के कुंजल बैस का पूरा में आयोजित होलिकोत्सव के दौरान युवा कलाकारों ने फागुनी गीतों से खूब समां बांधा। युवा लोक गायक सभा यादव के बेलवरिया गीतों की प्रस्तुति सराही गई। मास्टर दान बहादुर का फगुआ गीत-बनबइ हम फैसन वाली पिया,चाहे लोटा बिकाय चाहे थाली भी खूब सराहा गया। लटगेंदवा छैल नहिं आये,केहिं सवती से नेहिया लगाये,हमइ बिसराये जैसे डेढ़ताल की प्रस्तुति से शिव कुमार चौधरीऔर बागीलाल ने भी खूब समां बांधा। राजू यादव ने बड़ा गुण्डा जनांय,फागुन महीना में बुढ़ऊ, उलारा गीत सुनाकर लोगों को मस्ती के रंग से सराबोर कर दिया। हास्य कवि अशोक बेशरम द्वारा ढोलक वादन और उनकी हास्य कविताओं पर भी होली होलिकोत्सव की महफिल में देर रात तक ठहाके लगते रहे। इस दौरान बड़कऊ बाबा के द्वारा फगुहारों और श्रोताओं के लिए पापड़ गुझिया मिष्ठान दुधभंगा और ठंडाई की व्यवस्था की गई।

आयोजक अजय शुक्ला ने स्वागत आभार प्रकट करते हुए रंग अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। होलीकोत्सव में नरोत्तम प्रसाद शुक्ला, मानेंद्र शुक्ल, बबऊ सिंह, अनिल शुक्ला, विमल शुक्ला, डॉ योगेश सिंह, बलधाम, विमल सिंह, महानारायण यादव, राजधर यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## तेरहवें दिन भी गमजदा रहा जयंतीपुर, उमेश पाल की मॉ बोली, जब तक न्याय नहीं मिलेगा तेहरहवीं नहीं

**जन एक्सप्रेस/प्रयागराज।** उमेश पाल और उनके दो सरकारी गनर की हत्या के 13वें दिन जयंतीपुर सुलेम सराय इलाका गमजदा रहा। घर पर उमेश पाल की आत्मा की शांति के लिए परिवार वालों ने शांति पाठ किया। उमेश की मां शांती पाल ने कहा कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, तब तक तेरहवीं नहीं होगी। गौरतलब है कि केंद्रीय राज्य मंत्री समेत तमाम लोग पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और ढांढस बंधाया। घर के भीतर पूरा परिवार और करीबी गम व गुस्से में डूबे रहे। शांती पाल ने कहा, पुलिस और प्रशासन की ओर से अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई, जिसको लेकर रोष है। घरवालों ने तेरहवें दिन शांति पाठ का आयोजन किया। इसके तहत उन्होंने मृत उमेश पाल की तस्वीर रखकर विधि विधान से शांति पाठ करवाया। पुलिस और पीएसी के जवान पूरी मुस्तैदी से संदिग्ध लोगों पर नजर रखे रहे। सामान्य व्यक्ति को भीतर जाने से रोका जा रहा था। केवल परिचित और बेहद करीबी ही गम में डूबे परिवार का दुख बांटने के लिए पहुंच पा रहे थे। शांति पाठ में परिवार के अलावा तमाम रिश्तेदार भी शामिल हुए। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल कुछ समर्थकों के साथ पहुंचे। एनकाउंटर के सवाल पर उन्होंने मीडिया से कहा कि पुलिस आत्मसुरक्षा में गोली चलाती है। पुलिस प्रशिक्षित होती है। अगर कोई पुलिस को जान से मारने की नीयत से कोई भी फायर करता है तो वह जवाबी फायरिंग में जान से मारा जा सकता है। उधर, उमेश की मां शांती पाल ने कहा कि तेरहवें दिन परिवार के साथ शांति पाठ कराया गया है, जिसके बारे में समाज को नहीं बताया गया है। 13 मार्च को सामाजिक रूप से उमेश और उनके सुरक्षाकर्मियों की मौत पर शांति के लिए कार्यक्रम किया जाएगा ।जब तक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक तेरहवीं नहीं की जाएगी। मास्टरमाइंड समेत सभी अपराधी मारे जाएंगे, तभी संतुष्टि मिलेगी।

### कानपुरः हैलट अस्पताल की नर्स की लापरवाही ने ले ली ऑटो चालक की जान

# जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के हैलट अस्पताल आओ डेथ सर्टिफिकेट ले जाओ

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर



**कानपुर नगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार प्रदेश की जनता को किसी भी हद तक बेहतर से बेहतर सरकारी अस्पतालों में इलाज की सुविधा देने के लिए संकल्पबद्ध हैं तो वहीं दूसरी ओर इन अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टर वार्ड बॉय और सिस्टर नर्स यह सभी काम ही नहीं करना चाहते हैं सिर्फ और सिर्फ मुफ्त की तनख्वा लेना इनका पैसा बन चुका है। किसी से यह बात नहीं छुपी है कि सरकारी अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टर नर्स और वार्ड बॉय निजी अस्पतालों में जाकर चोरी चोरी चुपके से उत्तम स्वास्थ्य व्यवस्था देते हैं। कानपुर नगर के जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से संबद्ध हैलट अस्पताल और उसकी इमरजेंसी के क्या कहने यहां पर मरीज आते तो ठीक होने हैं लेकिन अधिकतर मामलों में उनके परिजनों को डेथ सर्टिफिकेट थमा दिए जाते हैं। अक्सर यहां के डॉक्टरों और स्टाफ पर मरीजों के इलाज में लापरवाही का आरोप लगना आम बात हो गई है। कोई भी मरीज थोड़ा सा भी ज्यादा बोल गया तो यहां के डाक्टर और स्टाफ के लोग उसका पिछवाड़ा सूजा डालते हैं और मुकदमा भी लिखवा देते हैं। शुक्रवार को हैलट अस्पताल की एक नर्स पर ऑटो चालक को गलत इंजेक्शन लगा देने से मौत हो जाने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने जमकर हंगामा काटा है।

मिली जानकारी के अनुसार कन्नौज निवासी ब्रजेश कुमार जो आटो चलाता था। उसके परिवार में उसकी पत्नी सपना और दो बच्चे हैं। सपना ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती एक मार्च को उसके पति सड़क के किनारे आटो लगाकर सवारियों को उतार रहे थे, तभी पीछे से एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी और बाइक का पहिया उनके पैर पर चढ़ गया जिससे उसके पैर में फैक्चर हो गया। घायल अवस्था में उसके पति को देर रात हैलट अस्पताल लाया गया। उसे डाक्टरों ने वार्ड 17 के बेड संख्या 11 पर भर्ती कर उसका इलाज शुरू किया। सपना की मानें तो एक सप्ताह तक इलाज ठीक-ठाक चला शुक्रवार को सिस्टर नर्स ने उसके पति बृजेश को गलत इंजेक्शन लगा दिया जिससे उसकी मौत हो गई।

**जिलाधिकारी भी पहुंचे थे मौके पर**

बृजेश की मौत गलत इंजेक्शन लगा देने के कारण होने का आरोप लगाकर जब परिजनों ने हंगामा काटा तो इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ , जिसके बाद जनपद के जिलाधिकारी विशाख जी भी मौके पर परिजनों से मिलने हैलट अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने कार्यवाही करने का आश्वासन दे मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

**कैसे पहुंचा गलत इंजेक्शन**

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य संजय काला के उस दावे को अगर सच मान लिया जाए कि जिस इंजेक्शन के लगने से बृजेश की मौत हुई है तो सबसे बड़ा सवाल की इंजेक्शन आया कहां से और उसे बृजेश को लगाने वाली नर्स को क्या तनिक भी तमीज नहीं थी अथवा जिस नर्स के द्वारा बृजेश को इंजेक्शन लगाया गया है वह कार्य करने के लायक ही नहीं है। और अगर ऐसा है तो हैलट अस्पताल में अब गरीब मरीजों की जान सुरक्षित नहीं है।

**क्या बोले प्राचार्य**

इस मामले में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य संजय काला का कहना है कि जिस इंजेक्शन से बृजेश को लगाकर मौत होने की बात कही जा रही है यह इंजेक्शन उनके अस्पताल का है ही नही है। श्री काला की मानें तो उनके द्वारा जांच कराई जा रही है।

## लूट की घटनाओं को अन्जाम देने वाले दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार




जन एक्सप्रेस। नबाबगंज/उन्नाव

थाना अजगैन पुलिस एवं स्वाट व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा जनपद के विभिन्न थानाक्षेत्रों में लूट व चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो शातिर लुटेरों को दो अवैध तमंचा लूट के रुपये एंव एक कार बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

बीते दिन शुक्रवार को निरीक्षक दुर्गादत्त सिंह थाना अजगैन मय हमराह पुलिस व स्वाट टीम प्रभारी श्याम नरायन सिंह मय हमराह स्वाट टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अजगैन मोहान मार्ग मुन्शीगंज की ओर जाने वाले तिराहा पर चेकिंग के दौरान आ रही संफेद रंग की कार को रोककर चेक किया गया। गाड़ी में बैठे दीपू उर्फ दिलीप पुत्र छोटे लाल पंकज उर्फ सोनल पुत्र रामलाल के कब्जे से एक एक अवैध तमंच बरामद किया। गाड़ी में पीछे बैठे दो व्यक्ति गेट खोलकर मौके से भाग गये। पकड़े गये दोनों आरोपियों से पूछताछ की गई तो भागे हुए व्यक्तियों का नाम गोलू व अर्जुन बताया तथा दोनों द्वारा करीब तीन माह पूर्व भसीन फार्म हाउस के गेट के पास कार का शीशा तोडकर करीब 35000 रुपये निकालने का अपराध स्वीकार किया। रात्रि में पंछी विहार के पास से स्कूटी सवार महिला से पर्स छीनने की घटना को भी लुटेरों ने स्वीकार किया। तथा रात्रि को कस्बा नवाबगंज मोहल्ला शीतल खेडा में हुई चोरी की घटना में आरोपी पंकज उर्फ सोनल, गोलू व अर्जुन द्वारा शामिल होना बताया तथा उक्त घटना से संबन्धित 3000 रुपये व चोरी किया गया एक मोबाइल बरामद हुआ। अभियुक्तों के पास से बरामद नाजायज असलहे व कारतूस के सम्बन्ध में थाना अजगैन पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्तो द्वारा पूर्व में किये गये लूट तथा नकबजनी / चोरी की घटनाओं का अनावरण करते हुए गिरफ्तार किया गया।तथा लुटेरों के पास से बरामद कार को सीज किया गया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज उन्नाव। नगर पोनी रोड के बमबम चौराहा निकट दूध डेरी परिसर में शुक्रवार से श्री भगवती यज्ञ सेवा समिति के तत्वधान में 16 श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का नगर में कलश यात्रा निकालकर किया शुभारंभ।



कथा प्रारम्भ होने से पहले पूरे नगर में धूमधाम के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा डॉक तार कॉलोनी झंडा चौराहा पोनी रोड होते हुए आनंद घाट पर समापन हुई यात्रा समापन के उपरांत समिति के सदस्यों द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया प्रेस कॉन्फ्रेंस में समिति के संस्थापक पंडित अशोक दुबे ने बताया कि कथा दिनांक 10 मार्च दिन शुक्रवार से ध्वजारोहण एवं यात्रा निकालकर की गई तथा द्वितीय दिन से यज्ञ पूजन एवं हवन प्रातः 8 से 12 तक एवं श्रीमद् भागवत कथा 2 बजे से 6 बजे तक वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक हित आकाश महाराज के मुखार बिंदु से मुखर की जाएगी। एवं कथा समापन 18 मार्च 2023 दिन शनिवार को विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के उपरांत समिति के संस्थापक पंडित अशोक कुमार दुबे, अध्यक्ष उमेश तिवारी, यज्ञ यजमान, अनूप शुक्ला, राजेश सिंह, राजेश शुक्ला, सुशील मिश्रा, एवं समिति के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

### स्थायी बस स्टॉप बनवाने के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस/सफीपुर उन्नाव। जनपद उन्नाव का सफीपुर कस्बा नगरपालिका क्षेत्र घोषित होने के बाद भी अभी तक स्थानीय निवासियों को आने जाने के लिए स्थाई बस स्टैंड नहीं बनाया गया है। जिससे आने जाने वाली बसों में बैठने के लिए सवारियों को इधर-उधर भागना पड़ता है। साथ ही एक



निश्चित जगह चिन्हित ना होने के कारण आए दिन रोड पर जाम भी लगता है। व्यापार मंडल अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने सफीपुर मुख्य मार्ग पर जगह चिन्हित कर स्थाई बस स्टॉप बनवाने को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपने पदाधिकारियों के साथ जाकर उप जिलाधिकारी सफीपुर उदित सिंगर को सौंपा । उन्होंने कहा कि बस स्टॉप के बनने से आम नागरिकों हो रही असुविधा एवं रोजमर्रा के लगते जाम से छुटकारे के साथ ही साथ सफीपुर नगर को विकास की नई गति मिल सकेगी। विज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से अध्यक्ष रामजी गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, महामंत्री संजीव गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजीव गुप्ता, उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार कुशवाहा, किराना अध्यक्ष रवि यादव, किराना महामंत्री अवधेश कुमार गुप्ता, विधिक सलाहकार दीपक गौड़ सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

### महिला लघु उद्योग पुष्टाहार निर्माण इकाई का हुआ लोकार्पण

जन एक्सप्रेस/बिछिया उन्नाव। शुक्रवार को महिला लघु उद्योग पुष्टाहार निर्माण इकाई का लोकार्पण किया जिससे करीब 20 महिलाओं को रोजगार मिलेगा और जनपद के तीन ब्लाकों में आंगनबाड़ी केंद्रों पर यही पर पर मशीनों द्वारा दलिया और पंजीरी बनाकर पैकिंग के बाद यहीं से भेजा जाएगा जिसमे गेहूं एफसीआई से और अन्य सामग्री भी



सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। शुक्रवार को बिछिया ब्लॉक के ब्लाक प्रमुख नीरज गुप्ता ने अलगनगड़ में 90 लाख की कीमत से बनी प्रगति प्रेरणा महिला लघु उद्योग पुष्टाहार निर्माण इकाई का लोकार्पण किया जिसमें सोनिक, मुलुकगडार, मवईया, मुर्तजानगर, अलगनगड़ की 20 महिलाए 8 घंटे के हिसाब से काम करेंगी जिनको करीब माह का 8 हजार रुपए के हिसाब से मिलेगा इसके साथ ही जनपद के तीन ब्लाक के बिछिया, सिकंदरपुर कर्ण, नवाबगंज ब्लाक आंगनवाड़ी केन्द्रों पर इसकी अजीविका एक्सप्रेस के तहत सप्लाई की जायेगी जिसमे यह 24 घंटे चलेगा तीन शिफ्ट में महिला काम करेंगी 8 घंटे की एक शिफ्ट होगी लाइट न होने पर जनरेटर की सुविधा रहेगी 5 एमटी प्रतिदिन उत्पादन करना होगा जिसके साथ ही सप्लाई आसानी से हो सके सोनम सिंह चंदेल, ग्राम प्रधान मुनेश्वर, सहित गांव के अन्य लोग और महिला मौजूद रही।

## एलआईसी जैसे अन्य संस्थानों को बेचने का आरोप लगा भाजपा सरकार पर हमला



जन एक्सप्रेस । बीघापुर/उन्नाव

नगर पंचायत स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय के बाहर कांग्रेस की जिला अध्यक्ष आरती बाजपेई के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला और एल आई सी जैसे सरकारी संस्थान को बेचने के आरोप लगाए। भारतीय जीवन बीमा कार्यालय के बाहर जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में बैठे दर्जनों कांग्रेसियों ने जहां सरकार विरोधी नारे लगाए वही भारत को अडानी के हाथ गिरवी रखने का आरोप लगाया ।जिलाध्यक्ष आरती बाजपेई ने कहा कि केंद्र में चोरों की सरकार बन गई है जिससे अब सरकारी संस्थान भी सुरक्षित नहीं है। कांग्रेस ने ही देशवासियों को भगाया था अब चोरों का भगाने का काम भी कांग्रेस करेगी। वह दिन दूर नहीं जब एलआईसी के ग्राहक अपने पैसे के लिए मोहताज होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष खाबरी के नेतृत्व में प्रदेश में 13 तारीख को राज्यपाल को केंद्र सरकार की देश को गिरवी रखने वाली नीतियों के विरुद्ध ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में प्रमुख रूप से जिला महासचिव अनुराग सिंह विशारद, रामकिशोर शर्मा, आंचल पाल, बिंदा पाल, रमेश, बनवारीलाल, शीतला प्रसाद, प्रेम बाबू, विद्याधर, डॉ विजय यादव आदि रहे।

## पैसे के लेन देन को लेकर दबंगों ने पीटा मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । चौबेपुर

थाना क्षेत्र के जोगियाना मे शुक्रवार को रुपए के लेन देन को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को पीट दिया।

शुक्रवार को रानी पत्नी गुड्डू उर्फ़ जलील निवासी जोगियाना चौबेपुर को दोपहर लगभग 1:30 बजे उसके जेठ जमील व गुड्डू के बीच पैसे के लेन देन को लेकर विवाद हो गया और विवाद कहा सुनी से बदल कर गाली गलौज मे बदल गया तभी मोहल्ले के ही सरपिया पुत्र हबीब व गुड्डी रानी पुत्री हबीब, लाला पुत्र हबीब उसे भद्दी भद्दी गालिया देने लगी ज़ब रानी ने गली गलौज करने से मना किया तो तीनों लोगों ने धावा बोल दिया और उसे पीटने लगे जिससे रानी को कई गंभीर चोटे आई जिसके बाद रानी स्थानीय थाने पहुंची और पुलिस को पूरी घटना से अवगत कराने के बाद तहरीर दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 323/504 मे मुकदमा पंजीकृत कर लिया है और जॉच में जुटी है।

## प्रेमिका से मिलने घर पहुंचा प्रेमी, ग्रामीणों ने दोनों को बांधकर दी तालिबानी सजा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



बारा सगवर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला से दूसरे गांव के रहने वाले युवक से प्रेम संबंध था। प्रेमिका के कहने पर प्रेमी उसके घर पहुंचा जहां ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ लिया जिसके बाद दोनों को एक दूसरे से बांधकर दी गई तालिबानी सजा।

थाना क्षेत्र के मलुहाखेड़ा गांव की रहने वाली विवाहिता औरत का कर्मी गांव निवासी अविवाहित युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था गुरुवार रात महिला के बुलाने पर प्रेमी उसके घर गया जिसकी भनक मोहल्ले वालों को लग गई। इसके बाद दोनों को पकड़ लिया गया फिर प्रेमी प्रेमिका को एक दूसरे से बांधकर जमकर पीटा वही प्रेमी हाथ जोड़कर रिहाई की भीख मांगता रहा किंतु ग्रामीणों ने उसे नहीं छोड़ा घटना की जानकारी होने पर युवक के परिजन बारा सगवर थाने पहुंचे पुलिस को बताया कि महुआ खेड़ा गांव के रहने वाले गेंदालाल पुत्र आल्हा बिरजू पुत्र आल्हा जगतु सुरेश समेत अन्य के खिलाफ मामले की लिखित तहरीर दी, तथा कार्रवाई की मांग की सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विवाहित महिला का पति तेलंगाना के हैदराबाद में एक होटल में काम करता है।

महिला के दो लड़के भी हैं, थाना अध्यक्ष बारा सगवर राजपाल सरोज द्वारा बताया गया कि मारपीट की घटना की जानकारी हुई है।वीडियो भी वायरल है, मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## पुलिस ने जुआं खेल रहे चार जुवारियों को दबोचा

जन एक्सप्रेस। चौबेपुर

पुलिस ने शुक्रवार को बेला रोड स्तिथ बंधन गेस्ट हाउस से जुआं खेल रहे चार लोगों को ताश के पत्ते व नगदी के साथ दबोच लिया हैं। सोमवार को सुबह लगभग 10:30 बजे मुखबिर से चौबेपुर पुलिस को सुचना मिली कि बेले रोड स्तिथ बंधन गेस्ट हाउस परिसर मे जुआ खेला जा रहा हैं जिसके बाद थाना प्रभारी जगदीश पाण्डेय के आदेशानुसार एक टीम घटना स्थल पर पहुंची तो वहा कुछ लोग जुआ खेल रहे थे और पुलिस को आते देख सब मे भगदड़ मैच गईं लेकिन पुलिस ने 52 ताश के पत्ते व 12860 रुपए के साथ चार लोगो राम जी उर्फ़ ज्ञान प्रकाश गुप्ता पुत्र सतीश उम्र 42 वर्ष निवासी चौबेपुर, हरिनाम पुत्र स्व. कुंवर पाल उम्र 29 वर्ष निवासी बजरहापुरवा,अमर चौरसिया पुत्र राजकुमार चौरसिया उम्र 32 वर्ष निवासी मालौ राजू गुप्ता पुत्र स्व. रामगोपाल गुप्ता उम्र 40 वर्ष निवासी चौबेपुर दबोच लिया हैं और धारा 13 मे मुकदमा पंजीकृत कर न्यायलय के समक्ष हाजिर किए जाने प्रक्रिया पूर्ण की जा रही हैं।

## जहरीला पदार्थ खाने से भाई-बहन की मौत

जन एक्सप्रेस। शिवराजपुर



थाना क्षेत्र के ईशेपुर गांव में भाई दूज के दिन भाई बहन ने दोनो एक साथ जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

क्षेत्र के ईशेपुर गांव में शराब पीने के लिए भाई ने रुपये मांगे। बहन के रुपये देने से मना करने पर भाई ने उसकी पिटाई कर दी। इससे परेशान होकर बहन ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इधर, बहन के जहरीला पदार्थ खाने पर घबराये भाई ने भी जहरीला पदार्थ निगल लिया। दोनों ने एक ही कमरे में बंद होकर जहरीला पदार्थ खाया था।सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो को सीएचसी लेकर पहुंचे थे। जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया था।दोनों का इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द किया। ईशेपुर गांव निवासी सुरेंद्र बाबू पैरों से दिव्यांग है। उनके परिवार में पत्नी उषा देवी हैं। मामला गुरुवार शाम का है आशीष 20 वर्ष ने अपनी बहन दीक्षा 18 वर्ष से शराब पीने के लिए रुपये मांगे। बहन ने पैसे देने से इंकार किया तो आवेश में आकर भाई ने उसकी पिटाई कर दी। इस पर बहन ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इसके बाद भाई ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों की हालत बिगड़ने पर परिजन नजदीक के हॉस्पिटल ले गए। जहां दोनों की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उन्हें हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। हैलट अस्पताल में उपचार के दोनों ने दम तोड़ दिया। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। शिवराजपुर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि भाई-बहन के बीच विवाद में दोनों ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी है। मामले की जांच की जा रही है।

## खेत की रखवाली कर रहे किसान की गोली मारकर हत्या

**फॉलोअप**

### दो दिन पूर्व हुई मारपीट और फायरिंग का किसान के पास था वीडियो

जन एक्सप्रेस। बीघापुर/उन्नाव




मारपीट के दौरान चली गोली एक युवक गम्भीर रूप से घायल

जन एक्सप्रेस। बीघापुर/उन्नाव

बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम लोनियन खेड़ा में मारपीट के दौरान चली गोली में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस घायल को सुमेरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लायी जहां चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम लोनियनखेड़ा निवासी हरिशंकर सिंह पुत्र गौरी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया गुरुवार को उसका बेटा अंशु गांव में होली मिलने के लिए निकला था। तभी वह गांव के कालिका के दरवाजे बैठ गया। इसी बीच गांव के मंगल पुत्र दुल्ला, दुल्ला, रविशंकर पुत्र गजराज अपने घर की छत पर खड़े होकर गाली गलौज करने लगे। जिसका बेटे ने विरोध किया तो आरोपियों ने ईंट पत्थर चलाते हुये मंगल ने अपनी छत से अवैध तमंचे से बेटे पर फायर झोक दी। जिससे गोली उसके बाईं जांघ पर लग गयी। इस संबंध में जब बिहार थाना प्रभारी सुधीर कुमार सिंह से बात की गयी तो बताया कि घायल युवक को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम लोहियन खेड़ा में बीती रात खेत की रखवाली कर रहे किसान की गोली मारकर हत्या कर दी गई परिजन गांव के ही हत्या के आरोप में वांछित युवक समेत 3 लोगों पर आशंका जताई है तथा उनकी गिरफ्तारी की मांग की।

बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम लोनियन खेड़ा में 2 दिन पूर्व बुधवार को पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट वाइट पत्थर चले थे जिसमें एक पक्ष द्वारा गोली भी चलाई गई थी। जिससे अंशु पुत्र हरिशंकर घायल हो गए थे पुलिस ने घायल युवक के पिता की तहरीर पर गांव के मंगल पुत्र दुल्ला रवि शंकर को नामजद किया था। तथा रविशंकर को गिरफ्तार कर लिया था लेकिन 2 दिन बीतने के बाद भी पुलिस अन्य की गिरफ्तारी नहीं कर सकी।

वहीं बीती रात क्षेत्र के लोनियन खेड़ा गांव के ही रहने वाले राजाराम पुत्र श्यामलाल पत्नी श्रीदेवी के साथ खेत में फसल की रखवाली कर रहे थे। पत्नी द्वारा आरोप लगाया गया कि हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त मंगल अपने साथियों के साथ रात करीब 12 बजे पहुंचा गाली गलौज करते हुए पति को गोली मार दी। चीख पुकार सुन आसपास के खेतों में खेतों की रखवाली कर रहे किसान मौके पर पहुंचे तथा घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूत्रों की माने तो दो दिन पूर्व होली पर्व के दिन दो पक्षों में हुए विवाद में मारपीट तथा फायरिंग का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के कारण रंजिसन आरोपी ने किसान की हत्या कर दी। किसान की हत्या के पीछे पुलिस की बड़ी लापरवाही बताई जा रही है ग्रामीणों का कहना है कि दो दिन पूर्व हुई फायरिंग व मारपीट में पुलिस द्वारा ठोस कार्यवाही की जाती तो आज किसान की जान बच सकती थी। हत्या की सूचना पर एएसपी शशि शेखर सिंह विजय आनंद शिव बीघापुर समेत बीघापुर बारा सरवर बिहार तथा अन्य थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस के काफी समझाने बुझाने के बाद भी 10 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी परिजन शव को पोस्टमार्टम हेतु नहीं जाने दिया। परिजन पहले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे।

## कई दिनों से लावारिस खड़े कंटेनर के अंदर से मिला सड़ा-गला शव

### चौंकाने वाली बात यह है कि आखिर कई दिनों से खड़े लावारिस कंटेनर पर पुलिस की नजर क्यों नहीं पड़ी

जन एक्सप्रेस। बीघापुर/उन्नाव

कई दिन से लावारिस खड़े कंटेनर ट्रक के अंदर मिली सडी गली लास की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए परिवारी जनों को सूचना दी शव की शिनाख्त के बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा।

बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत उन्नाव रायबरेली एन एच मार्ग पर आदमपुर तिराहे से आगे सड़क की दाई पट्टी पर लगभग 4 दिन से लावारिस खड़े कंटेनर ट्रक में दुर्गंध आने के बाद पास पड़ोस के लोगों ने सूचना थाना पुलिस को सूचना दी। पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया जो पूरी तरह से सड , गल चुकी थी। घटना की सूचना पुलिस ने संबंधित ट्रक मालिक को दी। जिससे पता चला कि उक्त ट्रक थाना बिहार के जालिम गंज मज रे कुतुबपुर निवासी रज्जन सिंह 42 वर्ष पुत्र शिवचरन सिंह चला रहा था, पुलिस ने परिवारी जनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिवार के सदस्यों ने शव की पहचान की। ट्रक चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत पर मृतक के भतीजे कुलदीप उर्फ कृष्णा पुत्र रविंद्र सिंह उर्फ लल्लन ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि मेरे चाचा उक्त नंबर का यह कंटेनर ट्रक चलाते थे जो गुवाहाटी से बांस लादकर आ रहे थे। 9 मार्च को सूचना मिली की कि उनका शव ट्रक के केबिन में पड़ा है। कानूनी कार्यवाही की गुहार लगाई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र ले लिया गया है, जांच कर कार्यवाही की जाएगी।



## बिठूर के रानी लक्ष्मी बाई चौराहे से किया गया फ्लैग मार्च

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में लगातार कानपुर कमिश्नर पुलिस की ओर से पूरे शहर में फ्लैग मार्च किया जा रहा है। इसी कड़ी में बीते दिन शुक्रवार की शाम बिठूर कस्बे के विभिन्न हिस्सों में बिठूर थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया गया। साथ ही साथ बिठूर थाना प्रभारी ने दुकानदारों से बात कर उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तुरंत समस्या को बताएं जिससे कि उसका निवारण किया जा सके। फ्लैग मार्च की शुरुआत बिठूर के रानी लक्ष्मीबाई चौराहा से हुई।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष के सामने उठाया हिन्दू मंदिरों पर हमले का मुद्दा

# इन हमलों से हम भी व्यथित होते हैं: ऑस्ट्रेलिया पीएम

* दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलियन पीएम एंथनी अल्बानीज के बीच हुई मुलाकात

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री से शुक्रवार को द्विपक्षीय वार्ता के दौरान हिन्दू मंदिरों पर हो रहे हमलों का मुद्दा उठाया। उन्होंने संयुक्त प्रेस वक्तव्य के दौरान कहा कि भारत के लोगों की भावनाओं और चिंताओं से उन्हें अवगत कराया है। यह आश्वासन दिया गया है कि भारतीयों की सुरक्षा को ऑस्ट्रेलिया विशेष प्राथमिकता देता है।

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री चार दिवसीय यात्रा पर भारत आए हैं। शुक्रवार को उनका राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया गया। इसके बाद दोनों नेताओं ने दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय व प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य के दौरान प्रधानमंत्री ने हिन्दू मंदिरों पर हमले के मुद्दे पर हुई चर्चा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह खेद का विषय है कि पिछले कुछ हफ्तों से ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमलों की खबरें नियमित रूप से आ रही हैं। आगे मोदी ने कहा कि स्वाभाविक है कि ऐसे समाचार भारत में सभी लोगों को चिंतित करते हैं, हमारे मन को व्यथित करते हैं। हमारी इन भावनाओं और चिंताओं को मैंने प्रधानमंत्री एल्बनीसि के समक्ष रखा और उन्होंने मुझे आश्वस्त किया है कि भारतीय समुदाय की सुरक्षा उनके लिए विशेष प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और आस्ट्रेलिया की साझेदारी विश्व चुनौतियों और कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। सुरक्षा सहयोग हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

आज हमारे बीच इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में मैरीटाइम सिक्योरिटी और आपसी रक्षा व सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। सुरक्षा एजेंसियों के बीच भी नियमित और उपयोगी सूचनाओं का आदान-प्रदान होता है। हमने इसे अधिक सुदृढ़ करने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पिछले साल लागू हुए व्यापार समझौते- ईसीटीए से दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश के बेहतर अवसर खुले हैं। हमारी टीमें व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते पर भी काम कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि मई में क्वाड देशों की बैठक में शामिल होने प्रधानमंत्री ऑस्ट्रेलिया जायेंगे। वहीं ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री सितंबर में एक बार फिर जी-20 देशों के सम्मेलन में भाग लेने भारत आयेंगे। दोनों नेताओं ने वक्तव्य के दौरान इसकी भी जानकारी दी।

## इस साल का बजट महिला नेतृत्व को नई गति देगा: प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछले नौ साल में देश महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की दृष्टि से आगे बढ़ रहा है और इसे वैश्विक मंच पर ले जा रहा है। जी-20 शिखर सम्मेलन में महिलाओं के नेतृत्व में विकास महत्वपूर्ण विषयों में से एक है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का बजट महिला नेतृत्व वाले विकास के इन प्रयासों को नई गति देगा। प्रधानमंत्री शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण' विषय पर बजट के बाद के वेबिनार में अपनी बात रख रहे थे। सरकार द्वारा आयोजित 12 पोस्ट-बजट वेबिनार की श्रृंखला का आज यह 11वां वेबिनार है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि देश ने इस वर्ष के बजट को 2047 तक विकासित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक शुभ शुरुआत के रूप में देखा है। प्रधानमंत्री ने मातृ शक्ति के प्रतिबिंब के रूप में नारी शक्ति की दृढ़ संकल्प, इच्छा शक्ति, कल्पना, लक्ष्यों के लिए काम करने की क्षमता और अत्यधिक कड़ी मेहनत को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि ये गुण इस सदी में भारत की गति और पैमाने को बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज महिला सशक्तिकरण के प्रयासों के परिणाम दिखाई दे रहे हैं और हम देश के सामाजिक जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या बढ़ रही है, और पिछले 9-10 वर्षों में हाई स्कूल और उसके बाद तक पढ़ने वाली लड़कियों की संख्या तीन गुना हो गई है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित में लड़कियों का नामांकन आज 43 प्रतिशत है, जो अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी जैसे देशों से अधिक है। चिकित्सा, खेल, व्यापार या राजनीति जैसे क्षेत्रों में न केवल महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है बल्कि वे आगे बढ़कर नेतृत्व कर रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुद्रा ऋण की 70 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं। इसी प्रकार, स्वनिधि के तहत संपार्श्विक मुक्त ऋण को बढ़ावा देने की योजनाओं और पशुपालन, मत्स्य पालन, ग्रामोद्योग, एफपीओ और खेल में प्रोत्साहन योजनाओं से महिलाओं को लाभ मिलता है।

# असम विस के बजट सत्र में राज्यपाल गुलाब चंद के अभिभाषण के बाद हंगामा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

* कुत्ता खाने वाले बयान पर महाराष्ट्र के विधायक कुड्डू पर कार्रवाई की मांग
* विपक्ष सदन में हंगामा करने के साथ ही सदन से बाहर चला गया

असम विधानसभा का बजट सत्र शुक्रवार से राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के अभिभाषण के साथ शुरू हो गया। अभिभाषण के बाद एकजुट विपक्ष ने शुक्रवार को विधानसभा में हंगामा किया। महाराष्ट्र के विधायक तथा प्रहर जनशक्ति पार्टी के प्रमुख बच्चू कुड्डू के उस विवादास्पद बयान पर समूचे विपक्ष ने विधानसभा में जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए विधायक के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की, जिसमें उन्होंने असम के लोगों पर कुत्ते खाने का आरोप लगाया था। विपक्षी कांग्रेस, एआईयूडीएफ के साथ ही विधायक अखिल गोगोई ने महाराष्ट्र के विधायक कुड्डू के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि इस संबंध में विधानसभा में प्रस्ताव लाया जाये। विपक्ष सदन में हंगामा करने के साथ ही सदन से बाहर चला गया। इस बीच, विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया, कांग्रेस विधायक रकीबुल हुसैन और कांग्रेस विधायक कमलाक्ष दे पुरकायस्थ ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल का सहयोगी विधायक होने के कारण विभिन्न थानों में मामले दर्ज कराने के बावजूद सरकार ने आज तक बच्चू कुड्डू के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। विधायक कमलाक्ष डे पुरकायस्थ ने कहा कि इस संबंध में विपक्ष विशेषाधिकार हनन के आरोपों पर विपक्ष सदन में प्रिविलेज मोसन लाएगी। दूसरी ओर विपक्षी विधायकों ने असम विधानसभा में इस निंदनीय बयान के लिए महाराष्ट्र के विधायक को असम विधानसभा में राज्य के लोगों से माफी मांगने की मांग की। विपक्ष ने मांग की कि मुख्यमंत्री और सरकार बच्चू कुड्डू के खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई करें। सदन की कार्यवाही के बाद राज्यपाल के साथ विस अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, सभी मंत्री एवं सभी विधायकों ने एक साथ फोटो खिंचवाई।

# वायु सेना के लिए खरीदे जायेंगे छह डोर्नियर-228 विमान, एचएएल से करार

* रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ 667 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए
* सीमावर्ती दूर-दराज के इलाकों में वायुसेना की परिचालन क्षमता और ज्यादा बढ़ेगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय वायु सेना के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से छह डोर्नियर-228 विमान खरीदे जायेंगे। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एचएएल के साथ 667 करोड़ रुपये की लागत वाले इस सौदे के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस विमान का उपयोग वायु सेना ट्रांसपोर्ट रोल और परिवहन पायलटों को प्रशिक्षण देने के लिए करेगी। छह विमानों के शामिल होने से सीमावर्ती दूर-दराज के इलाकों में भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमता में और इजाफा होगा। भारतीय वायु सेना के बेड़े में हल्के यूटिलिटी विमान डोर्नियर-228 औपचारिक तौर से जनवरी, 2020 में शामिल किये गए थे। तत्कालीन वायुसेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया ने इन विमानों को पालम स्थित वायुसेना स्टेशन में स्क्वाड्रन नंबर 41 'ओट्टर्स' में शामिल किया था। आईएएफ ने साल 2015 में 14 डोर्नियर-228 विमान खरीदने के लिए हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ करार किया था। वायुसेना को पहला विमान 19 नवम्बर, 2020 को सौंपा गया था। इसका निर्यात सेशल्स और मॉरीशस को भी किया गया है। जर्मन कम्पनी डोर्नियर ने 245 और हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने 125 हल्के यूटिलिटी विमान डोर्नियर-228 विमान बनाए हैं। वायुसेना के पास इस समय 50 यूटिलिटी विमान डोर्नियर-228 सेवा में हैं। वायुसेना के अलावा इंडियन कोस्टगार्ड और नौसेना भी इन विमानों का इस्तेमाल करती है। अब नए सौदे में 667 करोड़ रुपये की लागत से छह विमानों की नई खेप उन्नत ईंधन-कुशल इंजन के साथ पांच ब्लेड वाले समग्र प्रोपेलर के साथ खरीदी जाएगी।

# कार-ट्रक में टक्कर, पांच की मौत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रायपुर

छत्तीसगढ़ के बालोद जिला में शुक्रवार दोपहर को भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे की सूचना पर मुख्यमंत्री भूपेश ने गहरा दुःख प्रकट किया है। यह घटना बालोद एवं कांकेर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम मरकाटोला की है। शुक्रवार दोपहर को ट्रक भानुप्रतापपुर की ओर से बालोद की ओर जा रहा था। इसी दरमियान एक मोटरसाइकिल एवं कार की ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में पांच लोगों के मौत हुई है और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दर्दनाक हादसे पर मुख्यमंत्री भूपेश ने गहरा दुःख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने बालोद जिला प्रशासन के अधिकारियों को इस घटना में घायल व्यक्ति को बेहतर से बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने और मृतकों के परिजनों को हरसंभव मदद देने के निर्देश दिए हैं।

## जापानी प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा 20-21 मार्च को भारत का करेंगे दौरा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। जापानी प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा 20-21 मार्च को भारत का आधिकारिक दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के अनुसार अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री किशिदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत करेंगे। दोनों पक्ष आपसी हित के द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। साथ ही वे जी-7 और जी-20 की अपनी-अपनी प्रेसीडेंसी से जुड़ी प्राथमिकताओं पर भी विचार-विमर्श करेंगे।































## पुस्तक जिनकी हैं सखा

हरे अँधेरा राह का, भरे उजाला रेख। सुगम बनाती पथ सदा, देख सको तो देख।। पुस्तक आँचल मातु का, पुस्तक सिर पर छाँव। पुस्तक दुख में है दवा, भरे हृदय के घाव।। पुस्तक सत्पथ पर बढ़ा, हर पल देती सीख। पुस्तक जिनकी हैं सखा, कभी न माँगे भीख।। विविध विधा के लेख अरु, नवरस सुख-दुःख भाव। पुस्तक पृष्ठों में दिखे, धूप चाँदनी छाँव।। पुस्तक महकाती सदा, मानव जीवन बाग। साबुन पानी के बिना, धुलती मन के दाग।।



प्रमोद दीक्षित 'मलय'
शिक्षक, बांदा (उ.प्र.)

## हज यात्रा के लिए आवेदन की तिथि 20 मार्च तक बढ़ी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। भारत से हज यात्रा पर जाने के इच्छुक यात्रियों के आवेदन करने की तिथि 20 मार्च तक बढ़ा दी है। पहले इसकी अंतिम तिथि आज 10 मार्च थी। अब आवेदन के लिए दस दिन और बढ़ा दिए गए हैं। इसकी घोषणा शुक्रवार को हज कमेटी ऑफ इंडिया ने की है। हज कमेटी ऑफ इंडिया से मिली जानकारी के अनुसार आज तक लगभग एक लाख 61 हजार यात्रियों ने हज यात्रा 2023 के लिए आवेदन फार्म भरा है।






















स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)